वर्ष- 12 अंक - 112
लखनऊ, सोमवार 09 दिसंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



विरासत को जीवंत रखना जनता व सरकार दोनों की जिम्मेदारी : जयवीर 03

बीएसएफ जवानों पर न उठाए कोई सवाल : अमित शाह 12

# यूपी को तीन अमृत भारत एक्सप्रेस की सौगात

## रेलवे की ओर से अब ये ट्रेनें चंडीगढ़ से वाराणसी, गोरखपुर से मुंबई और हावड़ा से दिल्ली वाया लखनऊ चलेंगी

▸ अमृत भारत को आम आदमी को ध्यान में रखते हुए किया डिजाइन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** ट्रेन के जनरल और स्लीपर क्लास में ट्रैवेल करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। भारतीय रेलवे ने उत्तर प्रदेश को तीन अमृत भारत एक्सप्रेस की बड़ी सौगात दी है। रेलवे की ओर से अब लखनऊ के रास्ते तीन और अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाई जाएंगी। ये ट्रेनें चंडीगढ़ से वाराणसी, गोरखपुर से मुंबई और हावड़ा से दिल्ली वाया लखनऊ ट्रेनें चलेंगी।

रेलवे की इस सौगात से हजारों यात्रियों को फायदा होगा। तीनों रूटों पर इन ट्रेनों को संचालित करने की



तैयारी हो रही है। इसमें से लखनऊ के रास्ते आनंदविहार से दरभंगा के लिए एक अमृत भारत एक्सप्रेस शामिल है। अब रेलवे बोर्ड 26 और अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें पटरी पर उतारने की तैयारी में हैं। अमृत भारत एक्सप्रेस को खासतौर पर आम आदमी को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। इन ट्रेनों में आम जनता के लिए ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं देने की कोशिश की गई है। बिना एसी वाली अमृत भारत एक्सप्रेस में सीसीटीवी कैमरे भी लगे रहेंगे। जिसके चलते लोगों का सामान पूरी तरह से सेफरहेगा। वहीं टॉक बैंक सिस्टम लगा होगा, जिससे यात्री आपात स्थिति में सीधे लोको पायलट और ट्रेन मैनेजर से बात कर पाएंगे। अमृत भारत एक्सप्रेस में शौचालयों को भी पहले से बेहतर बनाया गया है। इनमें लोगों को आरामदायक सीटों की सुविधा भी मिलेगी। 22 बोगियों वाली अमृत

### महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चलेंगी तीन हजार ट्रेनें : रेल मंत्री

**प्रयागराज।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि महाकुंभ को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए रेलवे ढाई वर्ष से कार्य कर रहा है। इसके लिए अब तक लगभग पांच हजार करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके है। श्रद्धालुओं को आने एवं जाने में कोई समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसके लिए 523 टिकट काउंटर बनाए गए है। सात से अधिक नए प्लेटफार्म का निर्माण कराया गया है। महाकुंभ के दौरान तीन हजार ट्रेनों का चलाया जाएगा।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव रविवार को यहां पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। रेल मंत्री वैष्णव झूंसी रेलवे स्टेशन और नए रेलवे पुल का निरीक्षण करने प्रयागराज पहुंचे हैं। रेल मंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं को सकुशल लाने एवं ले जाने के लिए तीन हजार स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। टिकट



काउंटरों की संख्या में वृद्धि की गई है, ताकि भीड़ का दबाव न बढ़ने पाए। उन्होंने कहा कि रेलवे लगभग दो करोड़ श्रद्धालुओं को यात्रा कराएगा। यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर तैयारियां पूरी कर ली गई है।

यात्रियों को किसी प्रकार से असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए नए प्लेटफार्म भी बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में पूर्वोत्तर रेलवे, उत्तर रेलवे, उत्तर मध्य रेलवे के कार्यों में किसी प्रकार की कोई समस्या न हो इसके लिए

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने झूंसी रेलवे स्टेशन व नए रेलवे पुल का किया निरीक्षण
महाकुंभ की तैयारी के लिए रेलवे ने कराए हैं पांच हजार करोड़ के कार्य

समन्वय की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही तीनों रेलवे जोन का बेहतर समन्वय बना रहे इसका पूरा ध्यान दिया गया है। यात्रियों की भीड़ के मद्देनजर 7 से अधिक प्लेटफार्म नए बनाए गए हैं। इसके साथ ही 23 से अधिक होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं, स्टेशन के दोनों तरफ यात्रियों के रुकने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि रिंग सर्किट का निर्माण किया गया है। प्रयागराज क्षेत्र में 21 रेलवे फ्लाईओवर और रेल अंडर पास बनाए गए हैं।

# हिंदुओं के खिलाफ हिंसा के विरोध में सड़कों पर उतरा जन सैलाब

समृद्धि न्यूज

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद मंडल में बंगलादेश में हिन्दुओं को निशाना बनाकर दमन करने की घटनाओं के विरोध में रविवार को सड़कों पर जन आक्रोश दिखाई दिया।

बंगलादेश में चरमपंथियों द्वारा हिंदुओं के मंदिर जलाने और देवी-देवताओं की प्रतिमाओं को नष्ट किए जाने एवं अन्य अल्पसंख्यकों पर लगातार हो रहे अत्याचार के विरोध में रविवार को हजारों की तादाद में लोग सड़कों पर उतर आए। हिन्दू धर्म रक्षा समिति के आह्वान पर हजारों की संख्या में आक्रोशित लोग सिविल लाइन्स स्थित अम्बेडकर पार्क में जुटे लोगों ने बंगलादेश पर कारगर दबाव बनाने के लिए महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंप कर इस बारे में अविलम्ब कड़े कदम उठाने की मांग की। इस अवसर पर प्रमुख वक्ता पूज्य कर्णपुरी महाराज अट्ठा आश्रम, पूज्य

▸ बंगलादेश पर दबाव बनाने के लिए महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

दंडी स्वामी महाराज लव कुश आश्रम, पूज्य गिरी महाराज महंत काली मंदिर, पूज्य उज्जवल कृष्ण दास जी महंत इस्कॉन समिति, व्योम त्रिपाठी जी प्रसिद्ध कथा वाचक, लल्ला बाबू द्रविड़ अखिल भारतीय निदेशक भगवान वाल्मीकि धर्म सभा, सरदार गुरविंदर सिंह प्रमुख समाजसेवी एवं तपन कुमार सह क्षेत्र प्रचार प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समेत अन्य वक्ताओं ने बताया कि किस प्रकार से बंगलादेशी हिंदुओं के साथ अत्याचार किया जा रहा है। वहां के सनातन मंदिरों को ध्वस्त किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वहां पर सुप्रसिद्ध भगवान श्रीकृष्ण का इस्कॉन मंदिर जो वहां बिना किसी भेद भाव के सभी नागरिकों का विकट परिस्थितियों में पेट भरता है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूएई व भारत के संबंधों को मजबूत बनाने को फाउंडर्स रिट्रीट

**दुबई/अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और भारत के स्टार्टअप संबंधों को मजबूत बनाने के लिए फाउंडर्स रिट्रीट का आयोजन किया गया। यूएई ने 06 से 08 दिसंबर 2024 तक फाउंडर्स रिट्रीट का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस रिट्रीट में भारत के 60 से अधिक प्रमुख स्टार्ट-अप के संस्थापक और यूएई के प्रमुख व्यापारिक लीडर, निवेशक और नीति निर्माता, द्विपक्षीय निवेश साझेदारी में नई दिशाओं और अवसरों पर चर्चा करने के लिए एक साथ आए। दिल्ली में यूएई दूतावास, ऑफ़लाइन और यूएई-भारत सीईपीए परिषद द्वारा सह-आयोजित यह कार्यक्रम यूएई-भारत साझेदारी में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ, जिसने नवाचार और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया।

### छत्तीसगढ़ पीएससी की पूर्व परीक्षा नियंत्रक आरती हुईं गिरफ्तार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पीएससी में गड़बड़ी की जांच कर रही सीबीआई ने रविवार को पूछताछ के बाद तत्कालीन परीक्षा नियंत्रक रहीं आरती वासनिक को गिरफ्तार कर लिया है। सीबीआई दो दिनों से आरती वासनिक से पूछताछ कर रही थी। सीबीआई ने दो दिन पहले आरती वासनिक के राजनांदगांव स्थित आवास पर छापे मारे थे, जिसमें कुछ अहम सबूत मिले हैं। इसी आधार पर सीबीआई ने आरती वासनिक को आज गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने अपनी जांच में पीएससी के तत्कालीन चेयरमैन आईएएस टामन सोनवानी और व्यवसायी श्रवण गोयल को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है जो अभी न्यायिक हिरासत में जेल में है।

### बंगलादेश ने भारत को हराकर जीता अंडर-19 एशिया कप

**दुबई ।** रिजान हसन (47 रन और तीन विकेट) के हरफनमौल प्रदर्शन और अजीजुल हकीम (आठ रन देकर तीन विकेट) की बदौलत बंगलादेश ने रविवार को भारत को फाइनल मुकाबले में 59 रनों से हराकर अंडर-19 एशियाकप का खिताब जीता। बंगलादेश के 199 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 24 के स्कोर तक अपने दो विकेट गवां दिये। आयुष म्हात्रे (एक) और वैभव सूर्यवंशी (नौ) रन बनाकर आउट हुये।

### भारत संघर्ष रोकने व सुरक्षा को बढ़ावा देने के कर रहा प्रयास

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ एस. जयशंकर ने कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर संघर्ष को फैलने से रोकने और सुरक्षा को बढ़ावा देने के प्रयास कर रहा है। बहरीन में मनामा डायलॉग्स को संबोधित करते हुए डॉ जयशंकर ने कहा कि राजनीतिक-कूटनीतिक सहयोग वास्तव में संघर्ष को और फैलने से रोकने से जुड़ा है। हाल के दिनों में इज़राइल और ईरान के बीच संबंधों का न होना विशेष रूप से चिंता का विषय है। ऐसे में हमारे कुछ कूटनीतिक प्रयास उस विशेष पहलू पर केंद्रित रहे हैं। लाल सागर में भी कुछ ऐसी ही स्थिति रही है। उन्होंने कहा कि हम अब्राहम समझौते के समर्थक रहे हैं।

# शंभू बार्डर से किसानों का दिल्ली कूच हुआ विफल पुलिस ने वाटर कैनन बरसाए, 12 किसान घायल

एजेंसी

**अंबाला।** हरियाणा-पंजाब के शंभू बार्डर पर धरना दे रहे किसानों ने रविवार की दोपहर दिल्ली कूच का प्रयास किया। पुलिस व किसानों के बीच करीब चार घंटे तक जद्दोजहद चलती रही। इस बीच पुलिस द्वारा एयर गन से किसानों की तरफ फूल बरसाए गए। किसानों ने दावा किया कि पुलिस ने चकमा देने के लिए यह सब किया और कुछ ही पलों में फूल बरसाने वाली गन से आंसू गैस के गोले बरसाए गए। कई घंटे के बाद किसानों ने कूच को टाल दिया और वापस लौट गए।

शंभू बार्डर पर धरना दे रहे किसानों ने आज दूसरी बार दिल्ली कूच का प्रयास किया। किसान जैसे ही आगे बढने लगे तो हरियाणा पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए घेराबंदी शुरू कर दी। इसके बाद



किसानों ने बैरिकेडिंग तोडने की कोशिश की। इस पर हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े, जिसमें 7-8 किसान घायल घायल हुए। इसके साथ किसानों पर पानी की बौछार भी की गई। हालांकि इस बीच हरियाणा पुलिस ने किसानों पर फूल भी बरसाए। इस गफलत के बीच किसानों पर आंसू गैस के गोले बरसने शुरू हो गए। किसानों में भगदड़ मच गई। किसान नेता सरवन पंधेर के मुताबिक एक किसान की हालत गंभीर है। उसे चंडीगढ़ पीजीआई रैफर किया गया है। ऐसे में जत्थे को वापस बुलाने का फैसला लिया। उन्होंने कहा कि कल दोनों फोरम फैसला करेंगे कि आगे कब जाना है। इसी दौरान देरशाम हरियाणा पुलिस ने शंभू बॉर्डर पर किसानों के बैरिकेडिंग उखाड़ने की कोशिश का वीडियो जारी कर दिया।

**पुलिस ने रबड़ की गोलियां चलाईं**

किसान नेताओं ने कहा कि कई घायल किसान ऑक्सीजन गैस सिलेंडर लगाकर अस्पताल गए हैं। पंधेर ने कहा कि फूल बरसाकर गोलियां चलाई गई हैं। पुलिस ने रबड़ की गोलियां चलाईं। एक किसान के सिर पर टीयर गैस का बम लगा। हरियाणा पुलिस ने दोहरी नीति अपनाई। पहले किसानों को चाय ऑफर की गई। इसके बाद फूल गिराए गए, लेकिन इसके साथ ही टीयर गैस छोड़ी गई। वाटर कैनन का भी इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि अले कूच का फैसला कल किया जाएगा।

### बाबा सिद्दीकी मर्डर केस आठ आरोपियों की ज्यूडीशियल कस्टडी बढ़ी

**मुंबई।** मुंबई की कोर्ट ने बाबा सिद्दीकी मर्डर केस में मुख्य शूटर समेत आठ आरोपियों को 16 दिसंबर तक ज्यूडीशियल कस्टडी में भेज दिया। इनकी कस्टडी शनिवार को खत्म हो रही थी। सभी को विशेष मकोका कोर्ट में पेश किया गया, जहां इनकी कस्टडी बढ़ा दी गई। बाकी के आरोपी पहले ही ज्यूडीशियल कस्टडी में हैं। मुंबई पुलिस ने इस मामले में अब तक 26 लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी के खिलाफ 30 नवंबर को महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) की धाराएं लगाई गई थीं। इससे पहले 5 दिसंबर को एक आरोपी ने बताया था कि बाबा सिद्दीकी से पहले सलमान खान को मारने का प्लान था। लेकिन सिक्योरिटी टाइट होने की वजह से प्लान बदल दिया गया। सलमान को बीते कुछ सालों से जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस के नाम से लगातार धमकियां मिल रही हैं।

# हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद भी ईओ ने सरकारी जमीन पर शुरू कराया सीसी मार्ग का निर्माण

▸ सीएम पोर्टल व डीएम को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** नगर पंचायत मोहनलालगंज के ईओ व दबंग ठेकेदार निजी प्लाटिंग कंपनियों को लाभ पहुंचाने के लिए प्रस्ताव के इतर सरकारी भूमि से अवैध रूप से जबरन सीसी मार्ग बनाने पर अड़े है जबकि प्रकरण से संबंधित हाई कोर्ट लखनऊ बेंच के हस्तक्षेप व रिट विचाराधीन होने के बाद भी आंशिक रूप से आनन-फानन में मार्ग का निर्माण किया गया है।

याचिकाकर्ता ने मुख्यमंत्री पोर्टल व जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत



मोहनलालगंज के मऊ गांव में मिनी स्टेडियम के आस-पास निजी प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा अवैध रूप से प्लाटिंग का धड़ल्ले से व्यवसाय किया जा रहा है।

आरोप है कि निजी प्लाटिंग कंपनियों को रास्ते का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से नगर पंचायत के ईओ मनीष राय द्वारा अभिलेखों में गुमराह कर वार्ड 10 मऊ द्वितीय में स्टेडियम की बाउंड्री से मुस्लिम कब्रिस्तान तक सीसी मार्ग के निर्माण का ठेका अगम कंस्ट्रक्शन कंपनी को दिया जिसमें मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना की धनराशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। वार्ड 12 के भाजपा सभासद हिमांशु तिवारी ने उच्च अधिकारियों को दिए गए शिकायती पत्रों में आरोप लगाया है कि प्रस्तावित स्थल वार्ड 12 में आता है तथा प्रस्ताव से इतर निजी प्लाटिंग कंपनियों को रास्ता देने के लिए उनसे दुरभि संधि कर ईओ मनीष राय विवादित मार्ग मऊ संपर्क मार्ग से बेश कीमती सरकारी भूमि गाटा संख्या 1732 से बिना शासन की अनुमति के अवैध रूप से सीसी मार्ग को जोड़ने के उद्देश्य से निर्माण करने पर तुले हुए हैं जबकि इसका कोई भी प्रस्ताव बोर्ड द्वारा पारित नहीं किया गया है तहसील प्रशासन द्वारा प्लाटिंग कंपनियों के प्रभाव में मंडलायुक्त के आदेश पर भी कोई प्रभावी कार्यवाही न करने पर भाजपा सभासद ने हाईकोर्ट लखनऊ में याचिका संख्या-रिट सी 10108/4 योजित की।

### भारतीय पादरी को कार्डिनल नियुक्त करने पर पीएम मोदी ने जताई खुशी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारतीय पादरी आर्कबिशप जॉर्ज जैकब कूवाकड को पोप फ्रांसिस द्वारा कार्डिनल नियुक्त किया जाना देश के लिए बहुत खुशी और गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि जॉर्ज कूवाकड ने ईसा मसीह के अनुयायी के रूप में मानवता की सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ÷भारत के लिए बहुत खुशी और गर्व की बात है। परम पावन पोप फ्रांसिस द्वारा जॉर्ज जैकब कूवाकड को पवित्र रोमन कैथोलिक चर्च का कार्डिनल बनाए जाने पर प्रसन्न हूं। प्रधानमंत्री ने कहा, जॉर्ज कार्डिनल कूवाकड ने प्रभु ईसा मसीह के उत्साही अनुयायी के रूप में मानवता की सेवा में अपना जीवन समर्पित कर दिया है। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं।

# सीरियाई राष्ट्रपति ने दिया इस्तीफा, देश छोड़कर भागे

▸ लोगों ने राष्ट्रपति भवन लूटा, टैंकों पर चढ़कर जश्न मना रहे विद्रोही

एजेंसी

**दमिश्क।** सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद देश छोड़कर भाग चुके हैं। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक सेना ने असद के देश छोड़ने की पुष्टि करते हुए कहा कि राष्ट्रपति की सत्ता खत्म हो चुकी है। सीरिया में पिछले 11 दिनों से विद्रोही गुटों और सेना के बीच कब्जे के लिए लड़ाई चल रही थी।

विद्रोही लड़ाकों ने रविवार को राजधानी दमिश्क पर कब्जा कर लिया है। असद के देश छोड़ने के बाद सीरियाई पीएम ने विद्रोहियों को सत्ता सौंपने का प्रस्ताव दिया है। पीएम मोहम्मद गाजी अल जलाली ने एक वीडियो में कहा है कि वो देश में ही



रहेंगे और जिसे भी सीरिया के लोग चुनेंगे, उसके साथ मिलकर काम करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले एक हफ्ते में विद्रोहियों ने राजधानी दमिश्क के अलावा सीरिया के चार बड़े शहरों पर कब्जा कर लिया है। इनमें अलेप्पो, हमा, होम्स और दारा शामिल हैं।

विद्रोही लड़ाके राजधानी दमिश्क में दारा शहर की तरफ से घुसे थे, जिस पर उन्होंने 6 दिसंबर को कब्जा किया था। दारा वही शहर है, जहां से 2011 में राष्ट्रपति बशर अल-असद के खिलाफ विद्रोह की शुरुआत हुई थी और पूरे देश में जंग छिड़ गई थी। दारा से राजधानी दमिश्क की दूरी करीब 100 किमी है। यहां स्थानीय विद्रोहियों ने कब्जा किया है। वहीं, अलेप्पो, हमा और होम्स इस्लामी चरमपंथी ग्रुप हयात तहरीर अल-शाम की गिरफ्त में है। संघर्ष की वजह से अब तक 3.70 लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। हालांकि लोग असद सरकार के गिरने की खुशी मना रहे हैं।

**भारतीय दूतावास नागरिकों की मदद के लिए उपलब्ध**

**नयी दिल्ली।** सीरिया में बिगड़ती स्थिति के बावजूद भारतीय दूतावास सामान्य रूप से काम कर रहा है और भारतीय नागरिकों की मदद के लिए उपलब्ध है। सूत्रों ने बताया कि सीरिया की राजधानी दमिश्क में भारतीय दूतावास काम करता रहेगा। सीरिया में भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए हमारा दूतावास उपलब्ध है। दूतावास सभी भारतीय नागरिकों के संपर्क में है और वे सुरक्षित हैं।

# क्लिनिकल इलेक्ट्रिकल थर्मामीटर के नियमों पर केंद्र ने 30 तक मांगे सुझाव

▸ ऑनलाइन देखा जा सकता है मसौदा नियम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने क्लिनिकल इलेक्ट्रिकल थर्मामीटर के लिए प्रस्तावित नियमों पर 30 दिसंबर तक सुझाव मांगे हैं। इन नियमों का उद्देश्य बुखार और हाइपोथर्मिया जैसी स्थितियों के निदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले उपकरणों के लिए मौजूदा नियमों को संशोधित करना है। हितधारकों और जनता को 30 दिसंबर, 2024 तक अपनी टिप्पणियां और सुझाव देने हैं।

उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने रविवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि मानव और पशु शरीर के तापमान को मापने के लिए डिज़ाइन किए गए क्लिनिकल इलेक्ट्रिकल थर्मामीटर के मानकीकरण और सटीकता को बढ़ाने के लिए मसौदा नियम प्रस्तावित किए गए हैं। मंत्रालय ने कहा कि गठित समिति के तैयार किए गए मसौदा नियमों को 29 नवंबर को विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर सार्वजनिक परामर्श के लिए प्रकाशित किया गया था। प्रस्तावित मसौदा नियमों को निम्नलिखित लिंक पर ऑनलाइन देखा जा सकता है। मंत्रालय के मुताबिक सार्वजनिक और हितधारकों के फीडबैक की समीक्षा के बाद अंतिम रूप दिए जाने के बाद ये नियम क्लिनिकल इलेक्ट्रिकल थर्मामीटर की सटीकता और विश्वसनीयता को मानक बना देंगे।

### सीएम धामी ने 47.43 करोड़ की 18 महत्वपूर्ण परियोजनाओं का किया शिलान्यास

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को रुद्रप्रयाग जनपद के विकास खंड अगस्त्यमुनि के स्यालसौड़ में आयोजित कृषि, औद्योगिक एवं पर्यटन विकास मेले में प्रतिभाग किया। इस मौके पर उन्होंने 47.43 करोड़ की 18 महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास किया और 1.23 करोड़ की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण किया।मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि चोपता के चांदधार एवं गैंठाणा बांगर में मिनी स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही स्वांरीग्वास से कार्तिक स्वामी तक आठ किमी मोटर मार्ग, अंधेरगढ़ी-तलसारी मोटर मार्ग के जैचोंरा से ऐटा पवननगर, थापली व कमसाल मोटर मार्ग के द्वितीय चरण के कार्यों को स्वीकृति प्रदान की जाएगी।

# गांवों और किसानों को समृद्ध करना जरूरी : नितिन गडकरी

एजेंसी

**चंडीगढ़।** केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि देश की तरक्की के लिए गांवों के किसान-मजदूरों को समृद्ध करना जरूरी है। हमारे देश की उन्नति में 12 से 14 प्रतिशत उन्नति खेतीबाड़ी व सहयोगी इंडस्ट्री से आती है।

नितिन गडकरी पंजाब के अमृतसर में सहकार भारती के राष्ट्रीय अधिवेशन के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि देशभर से आए हुए प्रतिनिधियों को रविवार संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 22 से 24 फीसदी ग्रोथ मैन्युफैक्चर और 52 से 54 प्रतिशत ग्रोथ सर्विस सेक्टर से आती थी। स्वाधीनता



आंदोलन की शुरूआत में 90 फीसदी आबादी गांवों में रहती थी, लेकिन अब गांवों में लोग नहीं रह रहे हैं। 30 फीसदी आबादी गांवों से निकल कर बड़े शहरों में चली गई है। अमृतसर में सहकार भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनानाथ ठाकुर और राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. उदय जोशी की अध्यक्षता में आयोजित अधिवेशन में नितिन गडकरी ने कहा कि बड़े शहरों में लोग झोपड़-पट्टी में रह रहे हैं। वह मजबूरी में शहरों में गए, क्योंकि वहां अच्छे घर व सुविधाएं नहीं थी।

उद्घाटन

### उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के उद्घाटन पर कहा

# भारत का वास्तविक स्वरूप देखने के लिए खोलें ज्ञानेंद्रियां

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि आधुनिक भारत का वास्तविक स्वरूप देखने के लिए कुछ लोगों को अपने ज्ञानेंद्रियां खोलने की आवश्यकता है।

श्री धनखड़ ने हरियाणा के कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारत आज दुनिया भर के निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं भारत की आर्थिक प्रगति का सकारात्मक आकलन कर रही है और इसे आकर्षक स्थान बता रही हैं। इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी उपस्थित रहे। उप राष्ट्रपति ने कहा कि भारत ने दस वर्ष में असाधारण समय देखा है। अकल्पनीय आर्थिक प्रगति और अविश्वसनीय संस्थागत ढाँचा भारत को मिल रहा है। भारत की आवाज बुलंदी पर है। उन्होंने कहा, दुनिया की हम महाशक्ति तो हैं ही पर हमने एक रास्ता चुन लिया है, वह रास्ता चुन लिया है। वह वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाना का है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत अब सपना नहीं है। विकसित भारत हमारे सामने का लक्ष्य है। इस लक्ष्य को प्राप्ति में गीता का ज्ञान ध्यान रखना पड़ेगा। श्री धनखड़ ने कहा कि विदेशी मुद्रा भंडार 700 डालर तक पहुंच गया है। पिछले दो साल में जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों की संख्या दो करोड़ से ज्यादा है। उन्होंने कहा, आज भी भारत में कुछ अज्ञानी हैं। जिनको भारत के वास्तविक स्वरूप का नहीं पता है।

**मोबाइल टेक्नोलॉजी की सफलता से दुनिया दंग**

भारत में लगातार निवेश बढ़ रहा है और नए अवसर पैदा हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोबाइल टेक्नोलॉजी की सफलता से दुनिया दंग रह गई है। कहते थे भारत के अंदर लोग शिक्षित नहीं है। आज के दिन जो आदमी कम शिक्षित व्यक्ति मोबाइल का उपयोग शिक्षित से ज़्यादा करता है। और यही कारण है, कि यदि अगर पर वक्त के हिसाब से इंटरनेट का उपभोग देखें तो हम चीन और जापान से भी आगे हैं। आज के दिन, हमारा लेन देन, पारदर्शिता से हो रहा है, बिजली के बिल? के लिए लाइन की दरकार नहीं है। उन्होंने कहा कि आज सार्थक संवाद की आवश्यकता है। मतभेद विवाद नहीं बनना चाहिए। मतभेद होंगे, लोगों का दिमाग अलग-अलग तरीके से चलेगा। उन्होंने कहा,卐मैं उम्मीद करता हूं कि हमारे संसद सदस्य, हमारे विधानसभा के सदस्य, पंचायत और नगर पालिका में हमारे जनप्रतिनिधि और आपस में हर व्यक्ति, हर संस्था में यह ध्यान रखेगा संवाद सार्थक हो, संवाद का नतीजा व्यक्तिगत हित में नहीं है, समाज हित में होना चाहिए, देश हित में होना चाहिए। कोई भी हित समाज और राष्ट्रीय से बड़ा नहीं है और राष्ट्रीय ही सर्वोपरि है।



पल्स पोलियो अभियान

# डीएम ने शुभारंभ कर पिलाई दो बूंद जिंदगी की

- दो बूंद हर बार, पोलियो पर जीत रहे बरकरारः डीएम
- 7.39 लाख बच्चों को पूरे जिले में पिलाई जाएगी खुराक, स्वास्थ्य विभाग के घर-घर जाएंगे कर्मचारी

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद खीरी में पांच वर्ष तक की उम्र के बच्चों को पोलियो से बचाने के लिए रविवार से पल्स पोलियो अभियान शुरू किया गया। एक हफ्ते तक चलने वाले इस अभियान का शुभारंभ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने जिला महिला चिकित्सालय से किया। उन्?होंने अवसर पर उन्होंने फीता काटकर अभियान की शुरुआत की और नवजात शिशु अंश, अर्श समेत पांच शिशुओं को पोलियो ड्राप भी पिलाया और दो बूंद हर बार, पोलियो पर जीत रहे बरकरार का मंत्र भी दिया।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान के तहत लखीमपुर खीरी जिले के लगभग 739082 बच्चों को 0 से 5 साल की आयु के बीच पल्स पोलियो की खुराक दी जाएगी। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारियों से बचाना है। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी जिम्मेदारी दी गई है, ताकि वे घर-घर जाकर बच्चों को खुराक पिला सकें और अभियान को सफल बना सकें। उन्होंने बताया कि इस अभियान को 8 दिसंबर से 13 दिसंबर तक चलाया जाएगा और इसका लक्ष्य जिले के सभी बच्चों तक पहुँच कर उन्हें पल्स पोलियो से जोड़ा जाएगा। डीएम ने सभी अधिकारियों को यह निर्देश दिया है कि हर घर तक पहुंचकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाए, ताकि 100त्न बच्चों को इस अभियान का लाभ मिले। एसीएमओ डॉ अनिल गुप्ता ने भी अधिकारियों से कहा कि वे अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ें और सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा इस खुराक से वंचित न रहे। जागरूकता अभियान के माध्यम से पूरे जिले में पल्स पोलियो के बारे में लोगों को जानकारी दी जा रही है। शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान एसीएमओ डॉ अनिल गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डॉ लालजी पासी जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ प्रमोद कुमार, एसएमओ विकास सिंह, यूनिसेफ से मुकेश चौहान, डीपीएम अनिल यादव सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# श्री राजेन्द्र राठी की स्मृति में मेरा सपना, हमारा पर्यावरण विषय पर परीक्षा संपन्न

- परीक्षा में दो दर्जन से अधिक विद्यालयों के बच्चों ने किया प्रतिभाग

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



दयानंद बाल विद्या मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय आर्य समाज मंदिर गोला द्वारा संचालित दयानंद बाल विद्या मंदिर में श्री राजेन्द्र राठी स्मारक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन नगर के प्रमुख समाजसेवी श्री विजय राठी अपने अग्रज भ्राताश्री राजेन्द्र राठी की स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित की गई। प्रतियोगिता में जय मां मंगला जूनियर हाईस्कूल, इंडियन हैरीटेज एकेडमी, गोला पब्लिक इंटर कालेज, श्री दुर्गा मंदिर, महर्षि अरविंद विद्या पीठ, टीकेज पब्लिक इंटर कालेज, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज, सरस्वती शिशु मंदिर, सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कालेज, ग्लोबल पब्लिक इंटर कालेज, बाबूराम बाल उद्यान सहित करीब दो दर्जन स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। सचिव उत्कर्ष ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश एवं असिस्टेट प्रोफेसर चौधरी महाविद्यालय बदायू डा स्मिता तिवारी ने सीनियर वर्ग में मेरा सपना, तथा जूनियर वर्ग मे हमारा पर्यावरण विषय चयनित किया। जिसमें गुरुशरण पाठक, ओमप्रकाश वैश्य, पतिराखनलाल वर्मा, गोपाल कृष्ण शुक्ला, आलोक तिवारी, संजीव शुक्ला, आदित्य शर्मा, मुन्नालाल स्वर्णकार सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे। प्रधानाचार्य अवधेश कुमार मिश्र ने बताया कि परीक्षा के परिणाम शीघ्र घोषित कर प्रतिभागियों को पुरुस्कृत किया जाएगा।

# महिला की हत्या का आरोप, भाई ने दी तहरीर

- शनिवार को रेल पटरी पर मिला था महिला का शव

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



हैदराबाद थाना क्षेत्र में तुसौरा के पास रेल पटरी पर मिले महिला के शव के मामले में मृतका के भाई ने उसके ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। शनिवार को गोला और रजागंज रेलवे स्टेशन के बीच ग्राम कंधरापुर निवासी बबलू की 38 वर्षीय पत्नी पिंकी का शव रेल पटरी पर क्षत विक्षत पाया गया था। मृतका पिंकी के भाई मितौली थाना क्षेत्र के ग्राम बजरखा निवासी मनोज कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसकी बहन का विवाह 10 साल पहले हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कंधरापुर निवासी बबलू पुत्र नरेश के साथ हुआ था। आरोप है कि उसकी बहन पिंकी को उसके पति बब्लू, ससुर नरेश, देवर आकाश और सास ने मारा पीटा जब वह बेदम हो गई तो उसे रेल पटरी पर डाल दिया। जब ट्रेन निकली तो उसके शव के टुकड़े हो गए। ससुरालियों ने इसे आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया। उसे सूचना भी नहीं दी गई। जानकारी होने पर वह आया तो कपड़ों से पहचान की, जब गांव पहुंचा तो लोगों ने जानकारी दी। तहरीर पुलिस को दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अनियंत्रित कार सड़क किनारे गहरे तालाब में गिरी, कारसवार युवक की मौत

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

निघासन सिंगाही थाना क्षेत्र के बेलरायां पनवारी मार्ग पर स्थित सिंगाही से सटे दूसरी पुलिया पर बीती रात एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पुलिया के नीचे तालाब में जा गिरी, जिससे कार में सवार तीन लोगों में से एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही सिंगाही पुलिस मौके पर पहुंच गई। सभी को गाड़ी से बाहर निकलवा कर निघासन सीएचसी भेजा जहां डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया।





पुलिस ने गाड़ी की शिनाख्त कराते हुए परिजनों को घटना की जानकारी दी।

निघासन इलाके के सिंगाही थाना क्षेत्र के मोहल्ला झाला निवासी एजाज के 25 वर्षीय पुत्र शाकिब अपनी एर्टिगा कार संख्या यूपी33एवाई0108 से रात में अपने घर से निघासन की तरफ जा रहे थे तभी उनकी कार घने कोहरे के कारण अनियंत्रित होकर सिंगाही में स्थित पोषनूल पेट्रोल पंप के पास दूसरी पुलिया के नीचे गहरे पानी में जा गिरी। कार गिरने से कार के चारों पहिया ऊपर हो गए और कार में सवार शाकिब निवासी झाला सिंगाही गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही सिंगाही थानाध्यक्ष अजीत सिंह दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए और कार में सवार चालक शाकिब को कार से बाहर निकालकर शिनाख्त कराते हुए निघासन सीएचसी भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के उपरांत मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, परिजन रोते बिलखते घटना स्थल पर पहुंच गए, जहां पुलिस ने शव की शिनाख्त कराकर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए पोस्टमार्टम हाउस भेजकर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# चोरी में पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

- लगातार चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में पुलिस विफल

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

लखीमपुर खीरी के थाना फूलबेहड़ क्षेत्र अंतर्गत पिपरागूम गांव में हुई चोरी की पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है। बता दे थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाले सुखबीर सिंह पुत्र महीपत सिंह ने थाना कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके घर पर दिनांक 05.12.24 की रात करीब 12 बजे अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गयी है और बगल में बने उनके भतीजे वेद प्रकाश सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह के घर पर भी चोरी हो गई है। पीड़ित ने बताया कि 6 दिसंबर की सुबह करीब 6 बजे जब उसने घर में देखा तो उसके घर के कमरे के दरवाजा में लगे ताले टूटे हुए थे और सूटकेस के ताले भी टूटे हुए थे और सामान सब घर में बिखरा पड़ा था। कमरे के अंदर बक्से में रखें आभूषण 2 नग सोने की चैन, 4 नग सोने की रिंग कान की, 2 नग सोने की अंगूठी, 4 चांदी के सिक्के,3 पीतल के बटुले सहित करीब 31 हजार रुपये नकद चोरी हो गए हैं।

पीड़ित ने बताया कि उसके भतीजे के घर से 4 चांदी की पायल,1 सोने का लाकेट, 4 चांदी की बिछाया भी चोरों हो गई है। पुलिस ने पीड़ित सुखबीर सिंह की तहरीर पर थाना कोतवाली में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया और मामले की जांच शुरू कर दी।

# क्वॉर्टर फाइनल में चार टीमों ने दिखाया दमखम

- पहले मैच में मऊ, दूसरे मैच में मणिपुर की टीम विजेता घोषित

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



शहर के पब्लिक इंटर कालेज के खेल मैदान श्री राजेन्द्र गिरि स्टेडियम में चल रहे स्वर्गीय अरविंद गिरि आल इंडिया फुटबाल टूर्नामेंट के चौथे दिन क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया। जिसमें चार टीमों ने प्रतिभाग किया। पहला मैच डीएफए मऊ व सिरसा फुटबाल क्लब चक्रधरपुर झारखंड के मध्य खेला गया। कडे संघर्ष व रोमांचक मुकाबले में दोनो टीमों के खिलाडियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। मैच में डीएफए मऊ दो शून्य से विजेता घोषित की गई। दूसरा मैच एसके स्पोर्टस क्लब गोला व केएमएसडब्ल्यू एफसी मणिपुर के मध्य खेला गया। कडे मुकाबले के बाद मणिपुर की टीम चार तीन से विजेता घोषित की गई। वहीं एक दिन पूर्व शनिवार को खेले गए मैच में शकुंतला एकेडमी पटना व बालाघाट मध्यप्रदेश के बीच चल रहा मुकाबला अंधेरा होने के कारण अंपायर ने निरस्त कर दिया। इसके बाद यह मैच रविवार को सुबह खेला गया। जिसमें बालाघाट मध्यप्रदेश की टीम दो शून्य से विजेता घोषित की गई। क्वार्टर फाइनल के अलग अलग मैचों में मुख्य अतिथि एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता, नरेन्द्र वर्मा, अनूप कुमार शुक्ला, विजय पाल वर्मा, सतीश कुमार तिवारी, प्रभाकर शर्मा, आशुतोष गिरि कन्हैया, मधुकर शैदाई, जनार्दन गिरि, रामगुलाम पांडे, राजेश्वर सिंह, हंसराम, अवधेश मिश्रा, धमेन्द्र गिरि मोंटी, भोली गिरि सहित बडी संख्या में खेलप्रेमी मौजूद रहे।

## सांसद उत्कर्ष वर्मा ने फीता काटकर देव मैरिज हॉल का किया उद्घाटन

लखीमपुर खीरी। लखीमपुर खीरी के गोला गोकर्णनाथ में मोहम्मदी रोड स्थित निकट कंजा देव मैरिज लॉन का उद्घाटन सपा सांसद लखीमपुर खीरी उत्कर्ष वर्मा ने फीता काटकर किया। सांसद उत्कर्ष वर्मा ने बताया कि क्षेत्र में मैरिज हॉल की कमी को देखते हुए देव मैरिज हॉल के उद्घाटन से आसपास के क्षेत्र वासियों के लिए सुविधाजनक रहेगी। यह क्षेत्र वासियों के लिए काफी खुशी की बात है। मैरिज हॉल संचालक सुधीर वर्मा व पवन वर्मा ने बताया कि मैरिज हॉल में सभी आवश्यक बिंदुओं जैसे हाल, वर और वधू पक्ष के लिए अलग-अलग एयर कंडीशनर कमरे, जय माल के लिए सुविधा, डीजे इत्यादि सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। मैरिज हॉल में सभी वर्ग के लिए सभी सुविधाओं को ध्यान में रखा गया है तथा आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए भी कम से कम सुविधा शुल्क में अधिक से अधिक सुविधाओं का लाभ दिया गया है।

# भूतपूर्व सैनिकों की मासिक बैठक संपन्न

- आगामी 16 दिसंबर को चौराहे पर मनाएंगे विजय दिवस

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**




भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की मासिक बैठक ब्लाक सभागार में संपन्न हुई। जिसमें पूर्व सैनिकों ने अपने अपने विचार प्रस्तुत किए। बैठक में पूर्व सैनिकों ने दो मिनट का मौन रखकर रामसेवक गुप्ता पूर्व सैनिक को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी कडी में पूर्व सैनिकों की समस्याओं व निराकरण को लेकर चर्चा की गई। जिसमें ईसीएचएस मेडिकल संबंधित सुविधाओं पैनल हास्पिटल व उसका लाभ लेने के विषय पर चर्चा हुई। बैठक में संरक्षक राजेश्वर सिंह ने आगामी 16 दिसंबर को इंदिरा चौक बडा चौराहा पर विजय दिवस बनाने का आह्वान करते हुए अधिक से अधिक संख्या में लोगों को मौजूद रहने की अपील की। बैठक में सर्व सम्मति से निरंजन कुमार को मीडिया प्रभारी का कार्य सौंपा गया। बैठक में अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार मिश्रा, प्रेमचंद वर्मा, खगेश्वर प्रसाद, इंद्रपाल वर्मा, राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, महेश चंद्र, रामहरीश मिश्रा, नारायनलाल, जगदेव सिंह, रघुनंदन प्रसाद, अजय भानु अवस्थी, विमलेश कुमार वर्मा, चंदभाल, केजी त्रिवेद्वी सहित तमाम भूतपूर्व सैनिक मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में नदी में उताराता मिला अज्ञात बुजुर्ग का शव

**निघासन खीरी।** निघासन इलाके के पढुआ थाना क्षेत्र के ढखेरवा खालसा में बह रही सरयू नदी पर बने रपटा पुल के नीचे से एक अज्ञात बुजुर्ग का शव संदिग्ध परिस्थितियों में नदी में उताराता हुआ मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई, सूचना पर पहुंचे पढुआ थानाध्यक्ष निराला तिवारी मय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए, और शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हुई। शव के पास से ही एक साइकिल बरामद हुई है, पुलिस ने शव को पंचायतनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

# पौराणिक शिवालय में भस्म आरती से माहौल भक्तिमय

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



पौराणिक शिव मंदिर गोला में भस्म आरती का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शनिवार रात शिव मंदिर परिसर में आचार्य आनंद तिवारी द्वारा भस्म आरती कराई गई, जिसमें प्रमुख यजमान के रूप में विधायक अमन गिरी, पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, महामंत्री व्यापार मंडल के महामंत्री संजय अवस्थी, प्रमुख समाजसेवी नीरज गुप्ता कोषाध्यक्ष लायंस क्लब, जिला अध्यक्ष व्यापार मंडल नानकचंद वर्मा, जिला महामंत्री राकेश तिवारी, नगर अध्यक्ष पारस प्रसाद मिश्र ,गोपालकृष्ण शुक्ल ,बालकृष्ण गुप्ता, श्रवण माहेश्वरी, भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्र, मनोज जायसवाल, आनंद गुप्ता, शालिनी जायसवाल, शिखा अवस्थी, रुबी गुप्ता, पूजा अवस्थी एवं नगर के बड़ी संख्या में नगर के शिव भक्त उपस्थित रहे। संजय अवस्थी ने कहा कि निरंतर प्रतिवर्ष दिव्य भस्म आरती का आयोजन शिव भक्तों के सहयोग से होता रहेगा।

# दो कीमती पेड़ काटकर चोरी कर ले गए चंदन तस्कर

**ओयल खीरी।** बीती रात चन्दन तस्करों ने थाना खीरी की पुलिस चौकी ओयल क्षेत्र अंतर्गत साड़ीनामा गांव से चंदन तस्करों ने दो कीमती पेड़ काटकर चोरी कर ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका निरीक्षण किया।आरोप है कि लिखित तहरीर मिलने के बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। कडाके की सर्दी के महीनों में क्षेत्र में चन्दन के पेड़ों के चोरी से काटे जाने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले साल भी दिसम्बर, जनवरी से लेकर फरवरी तक छह से अधिक पेड़ चन्दन के तस्कर चोरों ने काट ले गए थे। इस बार भी ठंड पड़ते ही सक्रिय गिरोह के सदस्य सक्रिय हो गए हैं। ओयल देहात के साड़ीनामा निवासी बलवीर सिंह और राकेश सिंह ने बताया कि उनके दो पेड़ चोरी से काट ले गए। दोनों पेड़ घरों से महेज 200 मीटर के दायरे में लगे थे। पेड़ काटे जाने की जानकारी सुबह होने पर आसपास के लोगों में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।



## छिछौना से चोरी ई रिक्शा बगैर बैटरी गोला में मिला

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** हैदराबाद थाना क्षेत्र की अजान पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम छिछौना से चोरी हुआ ई रिक्शा पंजाबी कॉलोनी रोड पर खड़ा मिला है। जबकि चोर बैट्रियां निकाल ले गए हैं। हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम छिछौना निवासी नीरज का ई रिक्शा उसके दरवाजे पर खड़ा था। चोर शुक्रवार की रात पार कर ले गए। जिसकी सूचना अजान चौकी पुलिस को दी गई थी, पर अजान चौकी पुलिस ने कोई ध्यान नहीं दिया। इधर ई रिक्शा स्वामी ने खोजबीन शुरू की तो रविवार की सुबह नगर पालिका परिषद और सीएचसी के बीच पंजाबी कॉलोनी रोड पर ई रिक्शा खड़ा मिला। ई रिक्शा की चोरी ई-रिक्शा स्वामियों में हड़कंप है। ई-रिक्शा स्वामी का कहना है कि उसके ई रिक्शा की बैटरियां गायब हैं। जिनकी कीमत 35 हजार रुपये बताई गई है।

# संगीत से संस्कार अभियान के अंतर्गत हुई प्रज्ञागीत गायन प्रतियोगिता

- उजाला देवी, नीलेश और अंजली बने विजेता
- बेहटा में चल रहे 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ आयोजन के तीसरे दिन हुआ कार्यक्रम

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**




गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ द्वारा संगीत से संस्कार अभियान के अंतर्गत आयोजित प्रज्ञागीत गायन प्रतियोगिता का फाइनल ईसानगर ब्लाक के बेहटा गांव में चल रहे 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ आयोजन के प्रवचन पंडाल में सम्पन्न हुआ जिसमें बीबीएलसी इण्टर कॉलेज खमरिया की उजाला देवी प्रथम, सीताराम मनवार पब्लिक इंटर कॉलेज महरिया के छात्र नीलेश कुमार द्वितीय और श्रीमती चंद्रप्रभा सरस्वती इण्टर कालेज की छात्रा अंजली वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम तीन विजेताओं को नकद धनराशि, ट्रॉफी और गायत्री परिवार की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त 6 विजेताओं को सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन प्रतियोगिता संयोजक युवा प्रकोष्ठ के अनुराग मौर्य ने किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की प्रमुख भूमिका शांतिकुंज हरिद्वार संगीत टोली के संगीतकार समर बहादुर ने निभाई।

मुख्य अतिथि शिक्षक विजय श्रीवास्तव ने सभी विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साह बढ़ाया। संगीत वादन में अजय वर्मा और सुरेन्द्र वर्मा ने सहयोग किया। इससे पूर्व आयोजन के तीसरे दिन प्रातः कालीन 24 कुंडीय महायज्ञ चार पालियों में संपन्न हुआ जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने गायत्री मंत्र से आहुतियां प्रदान कीं। इस दौरान प्रधानाचार्य श्रीराम वर्मा, शिक्षक आयोजन मंडल के राजेंद्र कटियार, शिव भगवान कटियार, विनोद कटियार, युवा प्रकोष्ठ के यज्ञदेव वर्मा, दीपक वर्मा, अनुभव कटियार, राज किशोर वर्मा, यज्ञदेव वर्मा, दीपा वर्मा गायत्री परिजन मुरलीधर मौर्य आदि मौजूद रहे।

# बच्चों को दवा पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का डीएम ने किया शुभारंभ

- जनपद के 0 से 05 वर्ष तक के सभी बच्चों को पिलाई जायेगी पल्स पोलियो की दवा

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**





रविवार को जनपद में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ जिला महिला अस्पताल से जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने 0 से 05 साल तक के बच्चों को दवा पिलाकर किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने फीता काटकर अभियान की शुरुआत की और बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक के साथ टाफी एवं बिस्किट वितरण किया।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों से कहा कि वे अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ें और सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा इस खुराक से वंचित न रहे। जागरूकता अभियान के माध्यम से पूरे जिले में पल्स पोलियो के बारे में लोगों को जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया है कि पल्स पोलियो अभियान के तहत जनपद के लगभग 5,68,000 बच्चों को 0 से 05 साल तक के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक दी जाएगी। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारियों से बचाना है। इस अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षा विभाग को भी इस अभियान में जोड़ा गया है, स्कूल खोलने और बच्चों को बुलाने के लिए भी इसकी जिम्मेदारी दी गई है, ताकि वे घर-घर जाकर सभी बच्चों को खुराक पिला सकें और अभियान को सफल बनाया जा सके। उन्होंने बताया है कि इस अभियान को 08 दिसंबर,2024 से 13 दिसंबर, 2024 तक चलाया जायेगा, और इसका लक्ष्य जिले के सभी बच्चों तक पहुँच कर उन्हें पल्स पोलियो अभियान से जोड़ा जाएगा। जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने सभी अधिकारियों को यह निर्देश दिया है कि हर घर तक पहुंचकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाय, ताकि 100 प्रतिशत बच्चों को इस अभियान का लाभ मिल सके। कार्यक्रम के दौरान अपर निदेशक स्वास्थ्य, सीएमओ डॉ0 रश्मि वर्मा, अपर चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आदित्य वर्मा, डॉक्टर जय गोविंद, डॉक्टर पंकज तिवारी, डाक्टर आरपी सिंह, डॉक्टर शेष नाथ सिंह यूनीसेफ सहित सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पराली प्रबंधन पर कृषि विभाग का विशेष अभियान किसानों के लिए कार्यशालाएं व प्रोत्साहन योजना

- जनपद की 602 ग्राम पंचायतों में 09 से 20 दिसंबर तक होगा आयोजन

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़, गोंडा।** पराली जलाने से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान को रोकने और किसानों को जागरूक **करने के लिए जिला कृषि विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत 09 दिसंबर से 20 दिसंबर तक जनपद की 602 ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यशालाओं और सेमिनारों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य पराली प्रबंधन के महत्व और इसके पर्यावरणीय लाभों को समझाना है।
कार्यशालाओं में किसानों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान, जैसे भूमि



की उर्वरता में कमी, वायु प्रदूषण और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही पराली के वैकल्पिक उपयोग, जैसे जैव उर्वरक, पशु चारा और ऊर्जा उत्पादन के तरीकों पर प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। कार्यशालाओं का आयोजन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा, जिसमें किसानों को पराली प्रबंधन के उपकरणों और आधुनिक तकनीकों की जानकारी भी दी जाएगी। इसके अलावा, राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (NGT) के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करते हुए पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया जाएगा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि पराली जलाने से पर्यावरण को गंभीर नुकसान होता है और इसे रोकने के लिए किसानों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे इस अभियान में सक्रिय भाग लें और पर्यावरण के संरक्षण में अपना योगदान दें। यह पहल न केवल पर्यावरण को सुरक्षित बनाएगी, बल्कि किसानों की आर्थिक स्थिति को भी सुदृढ़ करेगी। सभी किसानों से इन कार्यशालाओं में भाग लेकर पराली प्रबंधन के नए और प्रभावी तरीकों को अपनाने की अपील की गई है।

# रेलवे टिकटों की अवैध दलाली करने वाला गिरफ्तार

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



शनिवार को निरीक्षक अपराध सूचना शाखा/गोंडा उदय राज हमराह स.उ.नि0 बासुदेव शुक्ल व कांस्टेबल अमित कुमार सिंह के दौराने अपराधी गतिविधि निगरानी व रेलवे के टिकटों की अवैध दलाली की निगरानी के क्रम में मुखबिर खास की सूचना के आधार पर ग्राम बालपुर थाना कोतवाली देहात जिला बलरामपुर स्थित ग्राम बालपुर युसुफपुर चौराहे के पास निगरानी के दौरान एक व्यक्ति शाहबाज अहमद पुत्र अफसरुद्दीन उम्र करीब 25 वर्ष को रेलवे के तत्काल, सामान्य आरक्षित काउंटर टिकटों व पर्सनल यूजर आईडी पर ई टिकट बनवाकर मुंबई भेजने के अवैध कारोबार करने के जुर्म में रेलवे एक्ट के अन्तर्गत गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है।

मिली जानकारी के मुताबिक अभियुक्त उत्तर प्रदेश से बाहर आंध्र प्रदेश, तेलंगाना जैसे दक्षिणी राज्यों में रेलवे के आरक्षित टिकट बाबुओ से सांठगांठ कर उनसे काउंटर टिकट बुक करवाकर अपने व्हाट्सएप पर मंगवाकर उन्हें अधिक दामों पर मुंबई के टिकट दलालों को बेचे जाने व पर्सनल यूजर आईडी पर ई टिकट बनाकर अतिरिक्त लाभ लेकर बेचने का काम करता था। बरामद सभी 23 टिकटों का मूल्य 134719 रुपए बताया गया। उक्त अभियुक्त को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोंडा पर अग्रिम कानूनी कार्यवाही हेतु सुपुर्द किया गया जहाँ उनके विरुद्ध रेल अधिनियम के अंतर्गत मामला पंजीकृत किया गया। रेलवे की आरक्षित टिकटों का अवैध कारोबार करने वाले के विरुद्ध वर्ष 2024 में गोंडा, बलरामपुर जनपद की यह सबसे बड़ी कार्रवाई है। आगे भी अभियान जारी रहेगा।

# महिला व उसके परिजन पर हमला, पुलिस की कार्रवाई पर सवाल

**कर्नलगंज/गोंडा, समृद्धि न्यूज।**





- पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र में एक महिला ने छेड़खानी व मारपीट और अपने पति पर हुए जानलेवा हमले के मामले में विपक्षी व पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक गोंडा को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

कस्बा कर्नलगंज के मोहल्ला पजावा, गाड़ी बाजार पूर्वी की निवासिनी एक महिला ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह अपने परिवार के साथ शांतिपूर्वक जीवन बिता रही थी। लेकिन मोहल्ले में रहने वाले रईस अहमद जो उसके पड़ोस में रहने वाली अपनी चाची सकीना बेगम के घर अक्सर आता-जाता था, कुछ दिनों से उसके प्रति अशोभनीय व्यवहार शुरू कर दिया। रईस अहमद कथित तौर पर उसको देखकर गंदे इशारे करता और कई बार उसने छेड़छाड़ करने की कोशिश भी की। उसने इस संबंध में रईस अहमद की चाची से शिकायत की,जो उसके घर के ठीक बगल में रहती हैं। लेकिन हर बार उन्हें यह कहकर टाल दिया गया कि रईस को समझा दिया जाएगा। पीड़ित महिला ने बताया कि 3 दिसंबर 2024 की रात करीब 10 से 11 बजे के बीच रईस अहमद ने उसके घर के दरवाजे की कुंडी खटखटाई। उसको लगा कि कोई आया होगा,इसलिए उन्होंने दरवाजा खोल दिया। जैसे ही दरवाजा खुला,रईस अहमद ने उसको दबोच लिया और जबरदस्ती जमीन पर गिराकर उसकी इज्जत लूटने की कोशिश की। उसने जब शोर मचाया तो उनकी आवाज सुनकर उनकी जेठानी सोनी देवी और पति शिवकुमार मौके पर पहुंचे। रईस अहमद ने उसके पति को पास आता देख,पास पड़ी एक ईंट उठाकर उनके सिर पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले से शिवकुमार गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर गया। इसी बीच महिला व उनके परिवार ने किसी तरह रईस अहमद के चंगुल से खुद को छुड़ाया। पीड़िता व उनका परिवार जब थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने जा रहे थे,उसी दौरान रईस अहमद ने अपने कुछ रिश्तेदारों को बुला लिया। उन्होंने मिलकर उसे व उनके पति और उनकी बुजुर्ग सास पर दोबारा हमला किया। मारपीट में परिवार के कई सदस्य घायल हो गए। उसने कर्नलगंज कोतवाली में घटना की जानकारी दी,लेकिन पुलिस ने घटना को गंभीरता से नहीं लिया और उनकी शिकायत को नजरअंदाज करते हुए मामूली धाराओं में एनसीआर दर्ज कर लिया गया। यहीं नहीं पुलिस ने आरोपी रईस अहमद को गिरफ्तार किया,लेकिन कुछ ही देर बाद उसे छोड़ दिया। इसके बाद रईस खुलेआम घूमता रहा और पीड़िता व उनके परिवार को जान से मारने की धमकी देने लगा। इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। लोगों का कहना है कि पुलिस की इस लापरवाही से अपराधियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। वहीं महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि इस मामले में सख्त कार्रवाई की जाए। पीड़ित महिला ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। अब देखना यह है कि पुलिस आरोपी रईस अहमद के खिलाफ कोई कार्रवाई करती है या मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

# छात्र-छात्राओं ने चलाया पोलियो ड्राप पिलाओ अभियान



**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

रविवार 8 दिसंबर को कर्नलगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत गौरवा खुर्द के पूर्व माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा पोलियो ड्राप पिलाओ अभियान चलाया गया जिसमें स्कूल के काफी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्रों ने ग्राम पंचायत गौरवा खुर्द के गांव गांव में रैली के माध्यम से गांव के सभी लोगों को जागरूक किया।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय के अध्यापक जगजीवन राम के दिशा निर्देशन में पोलियो ड्राप पिलाओ और भारत को पोलियो मुक्त बनाओ अभियान की शुरुआत की गई जिसके तहत छात्र-छात्राओं को रैली के माध्यम से ग्राम पंचायत गौरवा खुर्द के गांव दुबरपूरवा बरईनपुरवा गौरवा खुर्द बंग्ला, भदैंयन पुरवा और आसपास के गांव में लोगों को पोलियो बीमारी के बारे में जानकारी दी गई तथा लोगों से बूथ पर जाकर ड्रॉप पिलाने की सलाह भी दी गई।

# पल्स पोलियों महाअभियान का शुभारंभ

- सीएचसी विशेश्वरगंज में रवि मिश्रा ने किया शुभारंभ
- पोलियो टीमों द्वारा घर-घर भ्रमण कर पिलाई जाएगी दवा : ममता मिश्रा

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।**



ब्लॉक में रविवार को पल्स पोलियो अभियान के तहत 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के अभियान की शुरुआत की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विशेश्वरगंज में युवा सामाजिक कार्यकर्ता रवि मिश्रा ने बच्चों को दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। अधीक्षक डॉ धीरेंद्र तिवारी ने बताया कि सभी बूथों पर मोबाइल टीमों व ट्रांजिट टीमों को तैयार किया है जो पोलियो अभियान को सफल बनाने में अपनी सहभागिता निभाएगी। साथ ही कुल 52 सुपरवाइजर पूरे ब्लॉक में पोलियो अभियान का प्रभावी सुपरविजन करेंगे।ब्लाक कार्यक्रम अधिकारी ममता मिश्रा ने बताया कि ब्लॉक में कुल 54792 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के लिए लक्षित किया गया है, जो बच्चे रविवार को दवा पीने से वंचित रह जाएंगे उन्हें ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार एवं मंगलवार को पोलियो टीमों द्वारा घर-घर भ्रमण कर दवा पिलाई जाएगी। सभी स्वास्थ्य कर्मियों को इसके लिए प्रशिक्षण दिया गया है।इस अवसर पर चीफ फार्मेसिस्ट शैलेंद्र दूबे,स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अमरसेन,सहित सीएचसी के सभी स्टॉफ उपस्थित रहे।

# बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमले के विरोध में प्रदर्शन

- नवाबगंज में बहुसंख्यक समाज के लोगों ने निकाली जन आक्रोश रैली

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**





जिले के नवाबगंज में स्थित जवाहर लाल इंटर कॉलेज में रविवार को हिंदू समाज के लोग एकत्रित हुए। सभी ने बंगलादेश में अल्पसंख्यक समाज पर हो रहे हमले के विरोध में प्रदर्शन किया। इसके बाद प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को सौंपा।

बांग्लादेश में बीते कई दिनों से वहां रह रहे अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को निशाना बनाने व चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के विरोध में रविवार को नवाबगंज में स्थित जवाहर इंटर कॉलेज से विशाल रैली निकाली गई। यह रैली नवाबगंज के जवाहर इंटर कॉलेज से बाजार होते हुए नवाबगंज चौक होकर थाना नवाबगंज पहुंची। जहां पर बांग्लादेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया गया।मनीष पांडेय (समाजसेवी) ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं व साधु संतों पर अत्याचार किया जा रहा है, जिसे वहां की सरकार रोक नहीं पा रही है। इसको लेकर हिंदू समाज में जबरदस्त आक्रोश है। प्रदर्शन को देखते हुए भारी पुलिस बल की व्यवस्था की गई थी। पुलिस बल तैनाती इसके साथ ही मुख्य मार्ग पर स्थित मजार और मस्जिदों के पास पुलिस बल की तैनाती की गई थी, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।इसके बाद सभी ने अपर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान अजय शर्मा, विश्व दीप, राहुल मिश्र,समित पटेल, प्रहलाद पटेल, राजेश वर्मा, नीरज मिश्र, शिवम्, साबितराम, कमलेश, सूरज, प्रदीप वर्मा, पवन वर्मा, अजय चौधरी, कल्लू सिंह, संजय सिंह,अरुण सिंह हजारों की तादाद में मनीष पांडेय के समर्थक मौजूद रहे।

## बाइक सवार युवक खड़ी डंपर में पीछे से भिड़ा, मौत

**बहराइच गोंडा मार्ग पर ढाबे पर खड़ी थी डंपर**



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जरवल रोड थाना क्षेत्र में एक ढाबे के निकट खड़ी डंपर में बाइक सवार युवक पीछे से जा भिड़ा। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जरवल रोड थाना क्षेत्र के गोंडा मार्ग पर ज्योति फ्यूल सेंटर रामगोपाल मास्टर के घर के सामने ढाबे के सामने एक डंपर खड़ी थी। शनिवार रात 8.30 बजे करनैलगंज की ओर से बाइक सवार मोहित उर्फ दीपक (30) पुत्र रामनरेश वर्मा निवासी ग्राम पंचायत बंभौरा मजरा बरुहा जरवल रोड अपने घर आ रहे थे। रात के अंधेरे में खड़े डंपर में बाइक सवार पीछे से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना पर जरवल रोड थानाध्यक्ष बृजराज प्रसाद ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल को गंभीर हालत में जिला अस्पताल बहराइच रेफर कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज पहुंचते ही चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर तलाश की जाएगी।

# दलालों के चंगुल में थाना मोतीगंज

**मोतीगंज /गोंडा समृद्धि न्यूज।**




**गोण्डा।** जिले का मोतीगंज थाना दलालों का अड्डा बनता जा रहा है,जहां दलाल किस्म के लोग अक्सर बैठे मिलेंगे,जिन्हें इंतजार रहता है कि कब कोई दुखिया आये जिसे ये हाईजैक करके बलि का बकरा बना सकें और अपनी व कानून के कुछ भ्रष्ट नुमाईंदों की जेब भर सकें। यही वजह है कि यहां संगीन मामलों में भी मैनेज के खेल पर लीपापोती होती है,जिसके चलते पीड़ितों को भारी दुश्वारियों से गुजर कर आला अधिकारियों का चक्कर काटना पड़ता है। जहां जांच की आंच मे न्याय की आवाज दब जाती है, और पीड़ित से गुस्साए थाने की पुलिस वही करती है जो वह करना चाहती है। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जारी कानून व्यवस्था को चुस्त दुस्त रखने का निर्देश गोण्डा जिले के मोतीगंज थाने में हवा हवाई साबित हो रहा है,आला अधिकारियों की निष्क्रियता के चलते यहां नियम कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं जिसके चलते पीड़ितों को न्याय नही मिल पा रहा है। परिणाम स्वरूप थानों से उठ रहे मैनेज की सैलाब में फंसकर पीड़ित दर दर की ठोकरें खाकर सिसकियां भर रहे हैं,जिनका कोई पुरसाहाल नही है। सूत्रों के मुताबिक मोतीगंज थाने में पीड़ित से पहले तथाकथित दलाल सुबह ही थाने में बैठे नजर आते हैं। फिर साहब से सेटिंग गेटिंग लकड़ी माफिया खनन माफिया और दलाल इसमें से कुछ लोग ऐसे भी है जो संचालित निजी सोशल ऐप में सूचना को प्रसारित करने का काम करते हैं। सूत्र बता रहे हैं कि ये दलाल अपने आप को एक बड़े बैनर का पत्रकार घोषित करते हुए पत्रकारिता के नाम पर अवैध वसूली कर पत्रकार जगत को बदनाम कर रहे हैं। बताते चलें कि चर्चा यह भी है कि थाने के सामने स्थित चाय की दुकान पर भी दलालों का डेरा रहता है जहां से इन्हें सारा लोकेशन मिलता है। सुबह सात बजे के करीब यहाँ दलालों की टोली पहुंच जाती है जहां कुछ साहब के कार्य खास पुलिस वाले इनका वेलकम करके चाय नाश्ता करवाते हैं। सूत्रों के मुताबिक इसके बाद शुरू होता है पीड़ितों को बलि का बकरा बनाने का खेल,बस कोई इन्हें नजर आ जाये तो फिर इनकी चांदी हो जाती है। हैरानी की बात तो यह है कि यहां के जिम्मेदार इनसे यह भी नही पूंछते की सुबह ही थाने पर किस लिए रोज पहुंच जाते हैं और आप थाना किसलिए रखाते हैं। रही बात सोशल ऐप में सूचना को प्रसारित करने वाले दलालों की तो ये खबर कवरेज की बात करके अपना उल्लू सीधा करते हैं,खासकर मोतीगंज थाने मे तो इनका सिक्का चलता है और जिम्मेदार कुंभकर्णी नींद सोकर जानबूझकर अनजान बनते नजर आते हैं। गौरतलब हो कि यूँ तो यहां अनेकों पीड़ितों की दुश्वारियां चरम पर हैं जिनमे कुछ ऐसे हैं कि सूत्रों की मानें तो एक दिन जबरन दो पार्टियों को सुलह समझौता कराके घर भेज दिया गया जहाँ पर फिर सुबह होते ही मारपीट हो जाती है। यही नहीं ग्राम पंचायत कोटिया गाँव में एक कृषि योग्य भूमि बिना परमिट के साहब और दलाल के माध्यम से मिलकर जेसीबी से मिट्टी खनन करके तालाब बना दिया गया है और इसकी जानकारी मोतीगंज थाना प्रभारी को भी है लेकिन कार्रवाई शून्य होती है। यही ग्राम पंचायत चकसड़ में दबंगों ने दिनदहाड़े एक व्यक्ति की दीवाल को गिरा दिया फिर सोशल मीडिया के ट्विटर अकाउंट पर यूपी पुलिस और गोण्डा पुलिस मोतीगंज पुलिस को आदेशित किया तब जाकर पीड़ित का मुकदमा लिखा गया था। सूत्र बताते हैं कि पुलिस इस मामले में लीपापोती करके रफा-दफा करने में लगी रहती थी।

# डीफार्मा व बीफार्मा के 68 छात्र-छात्राओं को मिला टैबलेट

- एसकेएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूटशंस सबलापुर में वितरण हुआ टैबलेट

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



डा. सर्वेश कुमार शुक्ला ग्रुप आफ इंस्टीट्यूटशंस सबलापुर में रविवार को टैबलेट वितरण आयोजित हुआ। जिसमें डीफार्मा व बीफार्मा के अंतिम वर्ष के 68 छात्र - छात्राओं को टैबलेट मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तेजवापुर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सरकार की ओर से महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई जा रही है। छात्र - छात्राओं को डिजिटल युग में सक्षम बनाने के उद्देश्य की पूर्ति के लिए टैबलेट दिए जा रहें हैं। संस्था चेयरमैन डा. सर्वेश कुमार शुक्ल ने कहा कि विद्यार्थी टैबलेट का प्रयोग पढ़ाई व नई जानकारियां हासिल करने के लिए करें। डीफार्मा व बीफार्मा के अंतिम वर्ष के 68 छात्र - छात्राओं को टेबलैट मिला। टैबलेट पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। इस कार्यक्रम में प्रोफेसर डा. संतोष कुमार मिश्रा, प्रोफेसर हरीश नागर,डा. आनन्द कुमार चौरसिया,मैनेजर आस्था शुक्ला, विनोद त्रिपाठी, गौरव पांडेय, शिवमूर्ति सिंह, मुकेश कुमार श्रीवास्तव, अरून जायसवाल, सुजानशील श्रीवास्तव, इदरीश अंसारी, मोहित सोनी, अनुराग मिश्र, सौरभ सिंह, बलराम सिंह, शालू त्रिपाठी, विशाल सिंह, राहुल पांडेय, जेपी शुक्ला, महेंद्र शुक्ला, धर्मेंद्र शुक्ला, धर्मेंद्र तिवारी, पंकज सिंह,गुरुमीत समेत अन्य मौजूद रहें।



## मेधावी छात्र-छात्राओं को पूर्व सांसद ने किया सम्मानित

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले में राष्ट्रीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और कैसरगंज लोकसभा से पूर्व सांसद की ओर से हर साल मेधावी छात्र छात्राओं के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में उनकी ओर से जिले के बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व सांसद ने मंच से गाना गाते हुए समा बांध दिया। कैसरगंज से पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह की ओर से शहर के पानी टंकी इलाके में स्थित गोनर्द लान में बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों के प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व सांसद की ओर से सैकड़ों छात्र छात्राओं को सम्मानित करते हुए उन्हें प्रस्तुति पत्र प्रदान किया। वही समारोह के दौरान पूर्व सांसद में मंच से समझौता गमो से कर लो जिंदगी में गम भी मिलते हैं गीत गुनगुना कर समा बांध दिया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल, पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी, सांसद प्रतिनिधि सुनील सिंह समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और उनके समर्थक मौजूद रहे।

# अनेक बंदरों के शव मिलने से हड़कंप

- मौके पर वन कर्मियों को भेजकर कराई जा रही है जांच : डीएफओ

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के ग्राम पंचायत इंटहा में एक बाग में एक दर्जन बंदरों का शव शनिवार रात को पड़ा था। सुबह मौके पर पहुंचे लोगों ने शव देखा तो इसकी सूचना वन विभाग को सूचना दी है। बहराइच वन विभाग के नानपारा रेंज अंतर्गत ग्राम इंटहा में एक ग्रामीण की बाग स्थित है।

इस बाग में शनिवार शाम को एक दर्जन बंदरों के शव पड़े मिले। गांव के लोगों का कहना है कि कुछ लोगों ने मक्के के लावा में जहरीला पदार्थ मिलकर खिला दिया। जिससे इन बंदरों की मौत हो गई। शव बाग में पड़े रहे। वहीं रविवार सुबह लोगों ने मौके पर पहुंच कर देखा तो कुछ शव गायब थे।

लोगों का कहना है कि कार्रवाई से बचने के लिए कुछ शव छिपा दिए गए हैं। एक साथ बंदरों के शव मिलने से हिन्दू संगठनों में नाराजगी है। वहीं इसकी जानकारी वन विभाग को दी गई है। लेकिन समाचार लिखे जाने तक कोई मौके पर नहीं पहुंचा है। डीएफओ अजीत प्रताप सिंह का कहना है कि मौके पर वन कर्मियों को भेजा जा रहा है।

जांच कराई जा रही है। उधर कोतवाली नानपारा के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है।

# प्राइवेट स्कूल को अनुदानित करने के नाम पर ऐंठ लिया 8 लाख

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

शहर के मोहल्ला गुलामअलीपुरा निवासी एक युवक ने धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में औरैया और बलिया निवासी महिला समेत दो लोगों पर केस दर्ज कराया है। दरगाह पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दरगाह थाना क्षेत्र के मोहल्ला गुलामअलीपुरा निवासी राहुल कुमार कश्यप पुत्र अशोक कुमार ने आठ लाख रुपये धोखाधड़ी करने के मामले में दरगाह थाने के साथ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिस पर राहुल कुमार कश्यप ने न्यायालय एसीजेएम प्रथम की कोर्ट पर वाद दायर किया। जिसमें उसका कहना है कि उसके मोहल्ले में संदीप यादव पुत्र राम अवतार सिंह निवासी भरथना रोड निकट डाक बंगला बिधूना औरैया और बलिया जिले की अक्षिता सिंह पुत्री आनंद सिंह रहते थे। दोनों आपस में मित्र हैं। राहुल का कहना है कि दोनों प्राइवेट स्कूलों को अनुदानित करने का ठेका लेते हैं। पास में ही विकासखंड मिहीपुरवा के मटेही कला में संचालित श्रीमती ललिता प्रसाद इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य नीरज यादव भी रहते हैं। नीरज यादव ने स्कूल को एडेड करवाने के लिए दोनों से बात की। दोनों ने आठ लाख रुपये लेने की बात कही। राहुल का कहना है कि




- तीन वर्ष बाद कोर्ट के आदेश पर महिला समेत दो पर धोखाधड़ी का केस

31 अगस्त 2021 से लेकर माह के अंत तक विभिन्न किस्तों में लाखों रूपये खाते में दिया। इसके बाद दोनों ने फाइल पूरा होने के नाम पर और शेष रुपये की मांग की। जिस पर दो सितंबर 2021 को कोतवाली देहात के टिकोरामोड निवासी धर्मपाल यादव पुत्र जोगा के सामने 5.26 लाख रूपये दिया। कुल आठ लाख रूपये देने के बाद भी स्कूल को अनुदानित नहीं किया गया। जिस पर राहुल ने थाने में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया। इस पर राहुल ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय ने दोनों के विरुद्ध केस दर्ज करने के निर्देश दिए। न्यायालय के निर्देश पर दरगाह पुलिस ने दो दिन पूर्व संदीप यादव और अक्षिता सिंह के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि जांच के बाद गिरफ्तारी के लिए टीम भेजी जाएगी।

# डीएम ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान का किया शुभारंभ

**जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर से किया पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ**

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने जिला अस्पताल परिसर के बूथ से पल्स पोलियो अभियान के अन्तर्गत बूथ डे के अवसर पर बच्चों को पोलियों की दो बूंद पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद को पोलियो मुक्त रखने के लिए अभियान में किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही न बरती जाएं, शत प्रतिशत बच्चों को पोलियों की खुराक से आच्छादित किया जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल 1672 बूथ बनाए गए हैं जहां पर 0 वर्ष से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी, जनपद के कुल 380205 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य है, जो बच्चे रविवार को पोलियो की खुराक पीने से छूट जाएंगे उन्हें अगले 5 दिनों तक टीम द्वारा घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी नवीन चंद्रा को निर्देशित किया कि सभी तैयारियां पूर्ण करा ली जाए समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान करेंगे।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की हुई मौत

**लालगंज रायबरेली।** जिले में सड़क हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला लालगंज कोतवाली क्षेत्र के निहस्था पुल के पास का है। जहां थ्री व्हीलर और बाइक की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत हो गई जानकारी के अनुसार मृतक रामू पासवान पुत्र मोहन उम्र 30 वर्ष निवासी नेवती थाना बिहार जिला उन्नाव लालगंज से सब्जी लादकर अपनी मोटरसाइकिल से घर वापस जा रहा था तभी पुल के निकट गैस डिलीवरी करने वाले थ्री व्हीलर से आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई जिससे उसे गंभीर चोटे आ गई राहगीरों की मदद से एंबुलेंस द्वारा घायल अवस्था में युवक को लालगंज स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां उपचार के दौरान मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी हैं।

# सवर्ण जोड़ो अभियान के तहत लगाई चौपाल

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**




सवर्ण आर्मी की ब्लाक इकाई जगतपुर के ब्लाक अध्यक्ष अजय सिंह द्वारा सवर्ण समाज की चौपाल का आयोजन गया।जिसमें सवर्ण आर्मी के पदाधिकारियों ने प्रतिभाग कर सवर्ण समाज के लोगों को सदस्यता दिलायी।मुख्य/विशिष्ट अतिथियों वृजेन्द्र सिंह फौजी जिला अध्यक्ष,उमाशंकर पांडेय( प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद) श्याम सुन्दर त्रिपाठी जिला संयोजक द्वारा अपने वक्तव्य में कहा वर्तमान समय में सवर्ण समाज की स्थिति को देखते हुये समाज के उत्थान तथा लोगों के मान सम्मान व स्वाभिमान की रक्षा तथा उनके हक और अधिकारों को दिलाने के उद्देश्य से सर्वेश पांडेय ने सवर्ण आर्मी नामक संगठन का गठन कर राष्ट्रीय सवर्ण आयोग के गठन व एससी/एसटी एक्ट जैसे काले कानून को खत्म करने तथा जातिगत आरक्षण समाप्त कर सवर्ण समाज के युवा को उनकी उनकी योग्यता के अनुसार सरकारी नौकरियों में व प्रतिभाओं के प्रदर्शन करने का मौका दिये जाने हेतु सवर्ण समाज के लिये एक प्लेटफार्म तैयार किया है।ताकि इस संगठन के माध्यम से सवर्ण समाज को जागरूक कर एकजुट किया जा सके।सरकार व राजनैतिक पार्टियों पर दबाव बनाया जाय ताकी सवर्ण समाज के लोगों को भी सरकारी योजनाओं का समान लाभ व उनका हक मिले।इस मौके पर अरविंद सिंह,संजय अग्रवाल,योगेन्द्र प्रताप सिंह, शैलेन्द्र श्रीवास्तव,अजय दीक्षित,रुद्रांश ठाकुर,कुलदीप तिवारी, अभिषेक मिश्रा, आदर्श सिंह, आलोक सिंह, अभय सिंह, विमल मिश्रा, महेन्द्र सिंह, शिवाकान्त मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय रॉय का हुआ भव्य स्वागत



**बछरावां, रायबरेली।** प्रदेश में संगठन चुनाव हेतु जनपद रायबरेली व बाराबंकी के पर्यवेक्षक बनाएं गए प्रदेश महामंत्री संजय रॉय का भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने भव्य स्वागत किया। वह संगठन चुनाव के सिलसिले में जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में शामिल होने के लिए जा रहे थे, इस दौरान प्रमुख रूप से भाजपा नेता वीरेंद्र गौतम मंडल अध्यक्ष प्रवेश वर्मा भाजपा नेता हरिओम चतुर्वेदी यश पांडेय अमित चौधरी मनीष गुप्ता आशुतोष रावत प्रभात साहू रोहित सोनी शुभम जायसवाल अखिलेश चौधरी राम पाल सिंह बालकृष्ण पांडेय विपिन बाजपेयी सहित काफी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता हुआ पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### प्रधान ने अवैध कब्जेदारों पर दर्ज कराया केस

**बछरावां, रायबरेली।** विकास क्षेत्र की शेषपुर समोधा ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान गया प्रसाद ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि गोवंश आश्रय स्थल में संरक्षित गोवंशों को हरा चारा उपलब्ध करवाने के लिए राजस्व विभाग की टीम द्वारा दो बार सीमांकन कर गाटा संख्या 1470 में 0.292 हेक्टेयर भूमि को कब्जा मुक्त करवाया गया। बीते 5 दिसंबर को उक्त चिह्नित भूमि पर बरसीम व जई की बुवाई करवा दी गई। उस समय गौशाला के केयरटेकर शिवबरन भी उपस्थित थे। उसी दिन गांव के ही प्रेमचंद व फूलचंद पुत्रगण तेजीलाल ने खेत को जुतवा कर दोबारा कब्जा कर लिया। फिर देर शाम उक्त लोगो ने गांव के मनीष पुत्र गुरु प्रसाद, पिंकू पुत्र राजबहादुर, विकास पुत्र राजाराम, योगेश पुत्र दयाराम, राकेश पुत्र पंचम के साथ केयरटेकर शिवबरन के घर पहुंच गए। अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के मुताबिक सुसंगत धाराओं में केस दर्ज किया गया है। घटना की जांच की जा रही है।

### जिलाध्यक्ष ने सदस्यता अभियान को लेकर की बैठक

**बछरावां, रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष बुद्धि लाल पासी ने पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं जिला कार्यसमिति समिति सदस्य सुनील सागर के प्रतिष्ठान पर भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान मे जो भी सक्रिय सदस्यता योग्य है ऐसा कोई कार्यकर्ता छूटना नहीं चाहिए सबको सक्रिय सदस्य दिलाई जाए भारतीय जनता पार्टी जिले और प्रदेश में ही नहीं बल्कि पूरे देश में आम जन आम जनमानस के हितों में कार्य कर रही है इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी बछरावाँ के मंडल अध्यक्ष प्रवेश वर्मा भारतीय जनता पार्टी के पहरेमऊ चुनाव अधिकारी शिवेंद्र सिंह नगर पंचायत अध्यक्ष राम जी जिलाकार्य भाजपा के चुनाव अधिकारी शिवगढ़ वीरेंद्र गौतम मंडल उपाध्यक्ष अमित चौधरी युवा मोर्चा जिला कार्यसमिति सदस्य शुभम जायसवाल मंडल महामंत्री मयंक द्विवेदी सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### शटर तोड़कर धान और गेहूं उठा ले गए चोर

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के थुलेंडी गांव निवासी गल्ला व मौरंग गिट्टी व्यवसायी रहमत अली की दुकान का शनिवार रात अज्ञात चोरों ने शटर तोड़ दिया । चोर शटर तोड़कर उनकी दुकान में रखा 12 बोरी धान , दो बोरी गेहूं , दो बोरी चावल उठा ले गए हैं। पीड़ित रहमत अली ने बताया कि जब वह रविवार सुबह दुकान पहुंचे, तो उन्होंने शटर टूटा हुआ मिला। तब उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इंचार्ज थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है। घटना की जांच की जा रही है।

### लेखपाल ने दर्ज कराया केस

**बछरावां, रायबरेली।** विकास क्षेत्र की ग्राम सभा शेखपुर समोधा गांव के लेखपाल प्रमोद कुमार ने तहरीर देकर बताया कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद खंड पीठ लखनऊ में योचित जनहित याचिका दीपक सिंह बनाम उत्तर प्रदेश सरकार बनाम अन्य में यांची द्वारा गाटा संख्या 1194 के 0.642 हेक्टर शेषपुर समोधा भूमि पर 45 पेड़ों को राधे श्याम सिंह पुत्र रामसिंह द्वारा काटने का कथन किया गया है । उक्त गाटा संख्या 1194 की मौके पर जांच की गई। जिसमें वर्तमान में कटे हुए पेड़ों में से पुन: यूकेलिप्टस के पेड़ उग आए हैं । जांच पड़ताल में यह स्पष्ट नहीं हो सका है । कि उक्त पेड़ उपरोक्त राधेश्याम सिंह पुत्र राम सिंह द्वारा काटे गए हैं । प्रकरण 2020 का है । ऐसे में पेड़ किसके द्वारा काटे गए हैं । यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है । इंचार्ज थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के मुताबिक केस दर्ज किया गया है । जांच की जा रही है ।

### अतिक्रमण से जूझता कस्बा, राहगीरों की सुरक्षा पर संकट



**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला कस्बा इस समय अतिक्रमण के जाल में बुरी तरह फंसा हुआ है। नगर के मुख्य बाजार से लेकर महत्वपूर्ण मार्गों तक, हर जगह अतिक्रमणकारियों ने सड़क और पटरियों पर अपना कब्जा जमा लिया है। यह अतिक्रमण न केवल यातायात को प्रभावित कर रहा है, बल्कि पैदल चलने वाले राहगीरों के लिए भी परेशानी का कारण बन गया है। सब्जी मंडी, मुख्य बाजार और श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे सहित नगर के विभिन्न हिस्सों में अतिक्रमण की स्थिति गंभीर हो चुकी है। जहां एक ओर स्थानीय दुकानदारों ने मुख्य बाजार की पटरियों पर कब्जा किया है, वहीं दूसरी ओर ठेले-खोमचे वालों ने उतरौला-बलरामपुर मार्ग, उतरौला-मनकापुर मार्ग और उतरौला-डुमरियागंज मार्ग पर पूरी तरह से अपना कब्जा जमा लिया है। अतिक्रमण के कारण वाहनों के लिए सड़क की जगह बहुत सीमित हो गई है। इसके अलावा, पैदल चलने वालों को भी सड़कों पर चलने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिससे हादसों का खतरा बढ़ गया है।

## अनियंत्रित होकर लोडर पलटा, चालक की मौत

**रायबरेली।** भदोखर थाना क्षेत्र के बेहटा पुल के निकट तेज रफ्तार लोडर अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। हादसे में चालक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची भदोखर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शनिवार देर रात मिल एरिया थाना क्षेत्र के उफरामऊ निवासी राम करन (25) पुत्र रामसरन लोडर लेकर रायबरेली की ओर आ रहा था। जैसे ही वह बेहटा पुल के निकट पहुंचा, तभी तेज रफ़्तार होने के कारण लोडर अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची भदोखर पुलिस ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने राम करन को मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी दयानंद तिवारी ने बताया कि तेज रफ्तार लोडर अनियंत्रित होने के कारण पलटा है, जिससे चालक राम करन की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# महराजगंज प्रीमियर लीग का फाइनल हुआ संपन्न

**इस तरह के आयोजनों से खिलाड़ी के रूप में हीरा मिलता है: प्रभात साहू**

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**




महराजगंज प्रीमियर लीग का हुआ समापन मुख्य अतिथि चेयरमैन प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता व पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रभात साहू ने विजेता और उपविजेता टीम व मैन ऑफ द मैच मैन ऑफ द सीरीज सहित खिलाड़ियों को उपहार और भेंट देकर किया सम्मानित। विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी बबुरिहा क्रिकेट ग्राउंड पर महराजगंज प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया जिसमें फाइनल में पहुंची दो टीमों के बीच जोरदार भिड़ंत हुई व मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे प्रभात साहू ने कहा हमारे जीवन में खेल बहुत जरूरी है इसी तरह के आयोजनों से हमारे समाज के बच्चे आगे बढ़ते हैं तथा इसी में हीरा भी ढूंढने से मिल जाते हैं। तैयब क्रिकेट टीम महराजगंज एवं स्पोटेन स्क्वाड लखनऊ की टीम के बीच मुकाबला हुआ जिसमें लखनऊ की टीम द्वारा 167 रन बनाए गए तो वही बेहद ही रोमांचक मैच में आखिरी गेंद पर चार रनों की आवश्यकता थी जिस पर बल्लेबाज ने छक्का मार कर मैच को महराजगंज के पक्ष में कर दिया। वहीं मुख्य अतिथि द्वारा विजेता और उपविजेता टीम को सम्मानित किया गया विजेता टीम को रु.11000 का पुरस्कार दिया गया तथा उपविजेता टीम को रु.5100 का पुरस्कार दिया गया। मैन ऑफ द मैच अमित शुक्ला रहे जिन्होंने अर्धशतकीय की पारी खेलते हुए टीम को जिताने में अहम भूमिका अदा की। मैन ऑफ द सीरीज संगम सिंह रहे जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट में तेरा विकेट और 55 रन बनाए मैन ऑफ द सीरीज में मोबाइल दिया गया तथा मैन ऑफ द मैच में भी पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर राजवीर सिंह अमित त्रिपाठी कमलेश कुशमेश धर्मेंद्र वर्मा नूरुल हसन गोलू जयासवल पुन्नी गुप्ता सहित सैकड़ो की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# रेलवे गेट बंद होने पर बीच में फंसी कार, मची अफरा-तफरी

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



रेलवे बूम के बीच फंसी कार, चालक एवं राहगीरों के बीच अपरा तफरी का माहौल देखने को मिला। गेटमैन के द्वारा खोला गया गेट, निकल गई बूम के बाहर कार। घटना शनिवार देर रात की है जब बांदा बहराइच हाईवे पर स्थित रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे बनी रेलवे क्रॉसिंग के गेट बंद कर दिए गए । इसी बीच गेट बंद होते समय एक कार बीच में फंस गई। जिससे कार सवारों समेत आसपास के लोगों में अफरातफरी मच गई। करीब दस मिनट का ड्रामा चलता रहा। फिर कार को बीच में फसी देख गेटमैन चंद्रभान ने गेट उठाया। तो कार बाहर निकल गई । गनीमत रही की ट्रैक से ट्रेन गुजरने से पहले कार को ट्रैक से बाहर निकाला जा सका। जिससे कोई हादसा नहीं हुआ है। गेट मैन चंद्रभान गौतम ने बताया कि दोनों बूम की मरम्मत का काम चल रहा था। इसी बीच गेट को चेक करने के प्रक्रिया में गेट बंद किया गया। तभी हूटर बजाने के बावजूद भी कार सवार नहीं रुका। जिससे वह गेट के दोनों बूम के बीच फंस गया। आरपीएफ चौकी इंचार्ज दिनेश शर्मा ने बताया कि घटना की सूचना नहीं दी गई है। तहरीर मिलती है तो कार्यवाही की जाएगी।

# ड्राइवर को आई झपकी, अनियंत्रित होकर पलटा ट्रक

**बांग्लादेश से समान लेकर उन्नाव जा रहा था ट्रक**

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

तेज रफ्तार ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे सड़क पर भारी जाम लग गया। यह हादसा ड्राइवर को नींद की झपकी लगने के कारण हुआ। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में किसी को कोई गंभीर चोट नहीं आई। दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और हाइड्रा की मदद से ट्रक को रास्ते से हटाया। यह घटना डीह थाना क्षेत्र के लक्ष्मणगंज बाजार के पास हुई थी। घटना रविवार सुबह की है जब एक ट्रक (एचआर38वाई9851) कंटेनर लेकर लक्ष्मणगंज बाजार से गुजर रहा था। अचानक ट्रक अनियंत्रित हो गया और पलट गया। स्थानीय निवासी संतरामपाल ने बताया कि वह लक्ष्मणगंज चौराहे का निवासी है और इस हादसे के समय वह वहीं मौजूद थे। ट्रक के पलटने से किसी को नुकसान तो नहीं हुआ, लेकिन कुछ ठेलियों, बिजली के खंभे और तारों को नुकसान हुआ है। प्रशासन जल्द ही मौके पर पहुंच गया था और स्थिति को नियंत्रित किया

**चालक ने खोया नियंत्रण:** ट्रक के चालक संदीप ने बताया कि वह रायबरेली का निवासी है और पिछले 9 सालों से ट्रक चला रहा है। संदीप के मुताबिक, उसे नींद की झपकी लगी, जिसके कारण उसने ट्रक पर नियंत्रण खो दिया और यह हादसा हुआ। हालांकि, इस दुर्घटना में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन संदीप को हल्की चोटें आई। वह बांग्लादेश से सामान लेकर उन्नाव जा रहा था और रायबरेली अपने घर कपड़े लेने के लिए आया था। अधिकारियों ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है और घटना स्थल पर स्थिति सामान्य करने के बाद यातायात को बहाल कर दिया गया।

# पुरानी रंजिश को लेकर चली लाठी डंडे और कुल्हाड़ी, तीन घायल

**बछरावा रायबरेली।** मामूली वाद विवाद में दो पक्षों में लाठी डंडों से मारपीट के बीच बराव करने गई किशोरी को कुल्हाड़ी से मारकर घायल कर दिया गया, तथा अन्य दो लोग घायल हुए हैं। परिजनों के द्वारा थाने में तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई गई है। घटना रविवार दोपहर 2:00 बजे परिजनों के द्वारा थाने में तहरीर देकर मारपीट की घटना की जानकारी दी गई है। थाना क्षेत्र बछरावां के गुरु दीन खेड़ा मजरे कुडौली निवासी पीड़ित परिवार सुदामा पत्नी खुशीराम के द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया गया है शनिवार रात्रि करीब 9:00 बजे के आसपास पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षीगण परमसुख व रामसुख पुत्रगण जागेश्वर, आशीष पुत्र राम सुमिरन जागेश्वर पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम गुरुदीन खेड़ा मजरे कुडौली ने मेरे पुत्र संजीव कुमार के ऊपर जानलेवा हमला करते हुए कुल्हाड़ी से कई वार कर घायल कर दिया बीच बचाओ करने पहुंची मेरी पुत्री जूली उम्र 16 वर्ष को भी लाठी डंडे से पीट दिया तथा सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया गया। तथा प्रांशु उम्र 13 वर्ष को भी सामान्य चोट आई है गंभीर रूप से घायलों का इलाज बछरावां सीएचसी में किया गया। वहीं किशोरी व युवक की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। उक्त पीड़ित परिवार के द्वारा रविवार दोपहर में तहरीर के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई गई है तथा उक्त दबंगो के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई है।

## कुएं में मिला वृद्ध महिला का शव, ग्रामीणों में हड़कंप

**बछरावां, रायबरेली।** 70 वर्षीय वृद्ध महिला का गांव के बाहर एक कुएं में शव मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना रविवार सुबह 10:00 बजे के आसपास की है, जब थाना क्षेत्र के बहादुर पुर गांव के बाहर एक कुएं में वृद्ध महिला का शव ग्रामीणों ने कुएं में देखा, जानकारी होते ही सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। और परिजनों के द्वारा सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कुएं से निकलवाया कर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया के लिए भेज दिया है। महिला के परिजनों के द्वारा बताया गया है। कि वृद्ध महिला उत्तरा देवी पत्नी रामफल उम्र 70 वर्ष, सुबह 4:00 के आसपास शौच क्रिया के लिए घर से निकली थी। जब काफी देर तक वापस नहीं आई तब इधर-उधर खोजबीन की जाने लगी। ग्रामीणों के द्वारा ही खेतों की तरफ जाने की बात बताई गई। जब कुएं के पास जाकर देखा तो महिला का कुएं के अंदर मृत अवस्था में शव उतराता हुआ पाया गया। परिजनों के द्वारा ही सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है।

# बच्चों को पोलियो खुराक पिलाकर डीएम ने पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ



**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

पल्स पोलियो अभियान के तहत बूथ दिवस पर डीएम पवन अग्रवाल द्वारा प्राथमिक विद्यालय बहादुरपुर में बच्चों को पोलियो खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान उन्होंने जनपदवासियों से अपील किया 05 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो खुराक जरूर पिलाने की अपील की। इस दौरान सीएमओ डॉ मुकेश रस्तोगी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# नौ दिवसीय सत चंडी महायज्ञ में नौ देवियों की महिमा का बखान

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



स्थानीय क्षेत्र के सरायखास के छितलूपुर में आयोजित नौ दिवसीय सतचंडी महायज्ञ में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस आयोजन में नौ देवियों की महिमा का विस्तार से बखान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ यज्ञाचार्य राममूरत त्रिपाठी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और कलश यात्रा के साथ हुआ।

महायज्ञ के दौरान, विभिन्न कथावाचकों और विद्वानों ने मां दुर्गा के नौ रूपों - शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी, और सिद्धिदात्री की महिमा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि कैसे इन देवियों की पूजा से भक्तों को मनोकामनाओं की प्राप्ति होती है और जीवन में सुख-समृद्धि आती है।

**भक्तों की सहभागिता:** यज्ञ मंडप में दिनभर हवन, पूजन और आरती का आयोजन किया गया। भक्तों ने श्रद्धा भाव से यज्ञ में आहुति देकर पुण्य अर्जित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देवी भजनों और कथा प्रवचनों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। कथा वाचक पंडित वीरेंद्र दास जी महाराज ने माँ के नौ स्वरूपों की महिमा के वारे मे वर्णन किया।

कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि समाजसेवी राजू उपाध्याय ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मकता और शांति का संचार होता है। सत चंडी महायज्ञ हमारे समाज को संस्कृति और आध्यात्मिकता से जोड़ने का एक माध्यम है। इस अवसर पर यज्ञ अध्यक्ष रामू व्यास, धर्मेंद्र उपाध्याय, राम सागर वर्मा, दिनेश यादव, मनोज कुमार, मोदी यादव, संजय कुमार, रमेश, राहुल व राम चन्द्र सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## अवैध गैस रिफिलिंग का कारोबार, सुरक्षा की चिंता

**उतरौला (बलरामपुर)।** हाल ही में लखनऊ के दुबग्गा क्षेत्र में हुए गैस विस्फोट ने पूरे शहर को हिलाकर रख दिया। यह घटना न केवल एक बड़े हादसे का कारण बनी, बल्कि इससे यह भी स्पष्ट हो गया कि गैस रिफिलिंग के दौरान कितने गंभीर खतरे हो सकते हैं। लेकिन उतरौला में स्थानीय प्रशासन इस घटना से कोई सबक नहीं ले रहा है। उतरौला बाजार सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से गैस रिफिलिंग का कारोबार धड़ल्ले से जारी है, जो इलाके में सुरक्षा की बड़ी चिंता पैदा कर रहा है। उतरौला शहर में कई स्थान ऐसे हैं, जहां आसानी से गैस रिफिलिंग की जा सकती है, लेकिन यह प्रक्रिया अवैध रूप से होती है। अवैध गैस रिफिलिंग के दौरान गैस सिलेंडर में गैस की लीकेज होने का खतरा होता है, जो किसी भी समय विस्फोट का कारण बन सकता है। इसके अलावा, गैस लीकेज से दम घुटने का भी जोखिम रहता है, जो जानलेवा साबित हो सकता है। गैस विस्फोट से न केवल जान-माल का नुकसान हो सकता है, बल्कि आसपास के इलाकों में स्थित संपत्ति का भी भारी नुकसान हो सकता है। यह घटना पूरी बस्ती या गांव को तबाह कर सकती है। **क्या कदम उठाने चाहिए?:** हमेशा अधिकृत और प्रमाणित गैस डीलरों से ही गैस सिलेंडर प्राप्त करें। अवैध रिफिलिंग से बचें, क्योंकि यह जान और माल के लिए खतरा पैदा करता है। घर में गैस सिलेंडर का नियमित निरीक्षण करें। गैस लीकेज होने पर तुरंत सिलेंडर को बंद कर दें और विशेषज्ञ की मदद लें। यदि आपको किसी स्थान पर अवैध गैस रिफिलिंग होती दिखे, तो तुरंत स्थानीय प्रशासन को सूचित करें, ताकि वे इस पर कार्रवाई कर सकें। इस मामले में स्थानीय प्रशासन से स्थानीय लोगों का समाजसेवियों ने अपील की है कि वे इस गंभीर खतरे को नजरअंदाज न करें। अगर समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो यह घटना कभी भी एक बड़े हादसे का रूप ले सकती है।

# नाले की जमीन का मामला: ईओ पर गंभीर आरोप, निष्पक्ष जांच की मांग

**उतरौला (बलरामपुर)।** नाले की कथित जमीन पर निर्माण को लेकर उठे विवाद में आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला के अधिशासी अधिकारी (ईओ) राजमणि वर्मा की कार्रवाई पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। पीड़ित शेर आलम ने ईओ पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने बिना किसी साक्ष्य के तीन दिसंबर को नोटिस जारी कर दिया, जो पूरी तरह से बेबुनियाद है।

शेर आलम का कहना है कि उनका निर्माण नाले की जमीन से पांच फीट की दूरी पर हो रहा है, जो पूरी तरह से वैध है। बावजूद इसके, उन्हें नोटिस जारी कर मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान किया जा रहा है। शेर आलम ने आरोप लगाया कि यह नोटिस वार्ड सदस्य के प्रतिनिधि के दबाव में जारी किया गया और इसके माध्यम से उनसे धन उगाही की कोशिश की गई। शिकायतकर्ता शेर आलम ने दावा है कि नोटिस जारी करने के बाद कुछ व्यक्तियों ने उनसे बड़ी रकम की मांग की। उन्होंने बताया कि यह मामला सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसके बाद आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला के वार्ड नंबर 23 के सभासद के पति के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। हालांकि, ईओ राजमणि वर्मा पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह मामला प्रशासनिक लापरवाही का स्पष्ट उदाहरण है। बिना सटीक जानकारी और जांच के, नोटिस जारी करना ईओ की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करता है। निवासियों का आरोप है कि यह केवल धन उगाही का एक जरिया है, जिससे ईमानदार नागरिकों को परेशान किया जा रहा है। ईओ राजमणि वर्मा ने अपने पक्ष में कहा कि उन्हें वार्ड प्रतिनिधियों की याचिका पर नोटिस जारी करना पड़ा। उन्होंने कहा, यदि निर्माण वैध भूमि पर है, तो नोटिस का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। यदि निर्माण अवैध साबित होता है, तो कार्रवाई की जाएगी। शिकायतकर्ता और स्थानीय निवासियों ने प्रशासन पर निष्क्रियता का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि ईओ द्वारा बिना किसी ठोस सबूत के कार्रवाई की जा रही है, जिससे ईमानदार नागरिकों का शोषण हो रहा है। अब सवाल ये उठता है कि बिना जांच के नोटिस क्यों जारी किया गया? धन उगाही के आरोपों पर अब तक ईओ पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई? क्या प्रशासन पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करेगा?

# अधूरे आवास योजना के चलते गरीबों के सपने अधूरे, उठे सवाल

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



प्रधानमंत्री आवास योजना और मुख्यमंत्री आवास योजना के माध्यम से सरकार गरीबों को आवास देने का दावा कर रही है, लेकिन उतरौला कस्बे के मोहल्ला पटेल नगर में 30 वर्ष पहले बने आवासों का आवंटन नगर के गरीबों को नहीं हो सका है। इसके कारण सैकड़ों मकान खण्डहर होते जा रहे हैं, और जिनके लिए ये मकान बनाए गए थे, उनके सपने आज भी अधूरे हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के कार्यकाल में मोहल्ला पटेल नगर में गरीबों के लिए मकान बनाने की योजना शुरू की गई थी। डूडा (डेवलपमेंटल एंड अर्बन एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी) ने करोड़ों रुपए खर्च करके सैकड़ों मकानों का निर्माण किया था, लेकिन योजनाएं अधूरी रह गई। मुख्यमंत्री मायावती का कार्यकाल समाप्त होते ही यह योजना भी ठप हो गई, और निर्माण कार्य में कई खामियां रह गई। निर्माण के दौरान पानी की पाइपलाइन और टंकी, बिजली की वायरिंग, शौचालय और रसोईघर जैसी मूलभूत सुविधाओं का काम अधूरा रह गया। निर्माण कार्य की स्थिति का पता चलने के बाद डूडा के अधिकारियों ने इसे पूरा करने का कोई प्रयास नहीं किया और न ही उन घरों का आवंटन गरीबों को किया जा सका।

आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला की अध्यक्ष सविता गुप्ता ने बताया कि डूडा विभाग ने गरीबों के लिए बनाए गए इन आवासों का निर्माण पूरा नहीं कराया, और इसके चलते इन आवासों का हस्तांतरण नगर पालिका परिषद उतरौला को नहीं किया गया। बिना हस्तांतरण के, नगर पालिका परिषद इन मकानों का आवंटन नहीं कर पा रही है और न ही इनकी मरम्मत और देखरेख की जा रही है। सविता गुप्ता ने कहा कि नगर पालिका ने कई बार प्रशासन से इन आवासों का हस्तांतरण करने की अपील की है, लेकिन अधिकारी इस मामले को ठंडे बस्ते में डालते रहे हैं, और अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय निवासी और गरीब परिवार जो इन आवासों के लिए प्रतीक्षारत हैं, उनका कहना है कि सरकार की आवास योजनाओं के प्रचार-प्रसार के बावजूद उनके लिए बने मकान खाली पड़े हैं। इन घरों में पानी, बिजली और शौचालय जैसी आवश्यक सुविधाओं का अभाव है, जिससे उनका इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। ऐसे में नगर के गरीबों के लिए यह योजना एक और भ्रामक आशा बनकर रह गई है। समाजसेवियों और स्थानीय निवासियों का मानना है कि प्रशासन को इन मकानों का हस्तांतरण तुरंत करना चाहिए और निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराना चाहिए।

## विविध रंगों का वैश्विक पुष्प गुच्छ है भारत

पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपनी किताब डिस्कवरी ऑफ इंडिया में लिखा है कि भारत स्वयं में एक लघु विश्व है। निसंदेह भारत पर अध्ययन करने वाले सभी चिंतकों तथा विद्वानों ने एकमत से यह माना है कि भारत विविधताओं व बहुलताओं के मामले में विश्व का अनूठा एवं दिलचस्प देश है। अनेक प्रकार की भाषाएं, रीति रिवाज, खान-पान, रहन-सहन, लोकगीत, नृत्य, धर्म, संप्रदाय, सामाजिक संरचनाएं और संस्थाएं इस देश को बेहद बहुलतावादी और वैविध्यपूर्ण राष्ट्र बनाती है। इस विशाल, बहु भाषाई, बहु सांस्कृतिक देश की अपनी विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, आर्थिक, ऐतिहासिक, भौगोलिक, दार्शनिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, जनसांख्यिकी और भाषाई विभिन्नताएं, विषमताएं और विशेषताएं विद्यमान है। जो इस देश की विविधता में एकता की खूबी को प्रदर्शित करती है। भारत की सामाजिक संरचना स्वयं में काफी जटिल है। देश में समाज बहुत सारे वर्गों उप वर्गों में बटा हुआ है, इसी तरह यहां समाज में ग्रामीण, उपनगरीय, नगरीय, महा नगरीय, जनजातीय, पहाड़ी कैसे वर्गों में विभाजित हुआ है। भारत में सामाजिक वर्ग भेद के साथ अंदरुनी अंतर्द्वंद भी बहुत ज्यादा है,जैसे कि एकल परिवार और संयुक्त परिवार जातिवादी जाति विहीन समाज ग्रामीण नगरीय द्वंद विवाह सन्यास का द्वंद जो अनेक रूपों में भारतीय समाज में जनमानस के रूप में दिखाई देता है और यह द्वंद स्वतंत्रता के पश्चात से दिखाई देने लगा है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जहां ग्राम स्वराज को आर्थिक विकास की धुरी मानते हुए सर्वोदय पंचायती राज स्वरोजगार एवं परस्पर सहयोग को बढ़ावा देना चाहते थे,दूसरी तरफ पंडित जवाहरलाल नेहरू का झुकाव औद्योगिक वृद्धि पर पिछड़े क्षेत्र को तीव्र औद्योगिकरण , कल कारखानों को मजबूत करने की ओर था। इसीलिए भारतीय समाज में मिश्रित अर्थव्यवस्था की नई व्यवस्था के माध्यम से इसका समुचित समाधान निकाला गया था। भारत के राजनीतिक द्वंद भी बहुतायत में रहे हैं। आजादी से पहले कांग्रेस के गरम पंथ हुआ नरम पंथ का द्वंद चलता रहा है और पूर्ण स्वराज की मांग का उहापोह तथा आजादी के बाद संविधान निर्माण के समय संविधान की संघात्मक तथा एकात्मक रचना का विवाद या समाजवाद पूंजीवाद का द्वंद इसी तरह भारत दोनों में उलझता रहा है, और उसके बाद समाधान निकाल कर उससे बाहर भी आया है। भारत धार्मिक, दार्शनिक व आध्यात्मिक दृष्टि से एक बेहद समृद्ध राष्ट्र रहा है। विश्व के चार प्रमुख धर्मों हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन की जन्मस्थली भारत ही रही है। इसी तरह भारत वेद पुराणों, उपनिषदों, ब्राह्मणों, समितियों और आरण्यकों के प्राचीन साहित्य से लबालब भी रहा है। इसके अलावा इस्लाम ,ईसाई ,पारसी जैसे धर्मों को देश में स्वयं सम्मानित कर अपनी मुख्यधारा में समाहित भी किया है। भारत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विदेश नीति के मामले में गुटनिरपेक्षता की नीति को अपना कर किसी भी गुट में न रहते हुए स्वतंत्र विकास की नीति को अपनाया था। जो कालांतर में भारत की विदेश नीति का आधार स्तंभ रहा है। भारत में बहुआयामी विविधता भी रही है। स्वतंत्रता संग्राम में राजनेताओं ने जहां एक स्वर में हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने का पक्ष लिया था वहीं दूसरी तरफदेश के कुछ हिस्सों में हिंदी विरोधी आंदोलन तक हुए हैं। भारत में संविधान में हिंदी को राजभाषा का दर्जा देते हुए कुल 22 भारतीय भाषाओं को आठवीं अनुसूची में सम्मिलित कर भाषाई सौहार्द और समन्वय का बखूबी परिचय भी दिया है।

# बैन ड्रग्स के लिए युवाओं में बढ़ती तलब

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

हाल ही में एक जांच से पता चला है कि नशीली दवाओं की लत की महामारी, जो ज्यादातर युवा पुरुषों को प्रभावित कर रही है, पूरे भारत में फैल रही है। नशीली दवाओं का दुरुपयोग भारत में महत्त्वपूर्ण सामाजिक और स्वास्थ्य मुद्दा है। भारत की विविध आबादी, बड़ी युवा जनसांख्यिकी और आर्थिक असमानताएँ देश में नशीली दवाओं के दुरुपयोग की जटिल प्रकृति में योगदान करती हैं। सांस्कृतिक मूल्यों को बदलना, आर्थिक तनाव में वृद्धि और सहायक सम्बंधों में कमी से पदार्थ का उपयोग शुरू हो रहा है।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार 10 से 75 वर्ष की आयु के 16 करोड़ लोग (14.6 प्रतिशत) शराब के वर्तमान उपयोगकर्ता हैं और उनमें से 5.2 प्रतिशत शराब पर निर्भर हैं। लगभग 3.1 करोड़ व्यक्ति (2.8 प्रतिशत) भांग उपयोगकर्ता हैं और 72 लाख (0.66 प्रतिशत) लोग भांग की समस्या से पीड़ित हैं। 7 प्रतिशत बच्चे और किशोर इनहेलेंट का इस्तेमाल करते हैं, जबकि वयस्कों में यह दर 0.58 प्रतिशत है। लगभग 18 लाख बच्चों को इनहेलेंट के इस्तेमाल के लिए मदद की ज़रूरत है। अनुमान है कि लगभग 8.5 लाख लोग इंजेक्शन के ज़रिए ड्रग्स ले रहे हैं। भारत में ड्रग्स की सबसे चिंताजनक श्रेणी ओपिओइड है, भारत में ओपिओइड के इस्तेमाल का प्रचलन वैश्विक औसत (0.7 प्रतिशत बनाम 2.1 प्रतिशत) से तीन गुना ज़्यादा है। सभी ड्रग श्रेणियों में, ओपिओइड समूह (विशेष रूप से हेरोइन) की ड्रग्स बीमारी, मृत्यु और विकलांगता की सबसे ज़्यादा दरों से जुड़ी हैं।

ड्रग के दुरुपयोग से कई तरह की शारीरिक स्वास्थ्य समस्याएँ हो सकती हैं, जिनमें लीवर की बीमारी (शराब से), संक्रामक रोग (इंजेक्शन ड्रग के इस्तेमाल में सुइयों को साझा करने के कारण) और ओवरडोज़ से होने वाली मौतें शामिल हैं। साथ ही, मादक द्रव्यों के सेवन का मानसिक स्वास्थ्य विकारों जैसे अवसाद और चिंता से गहरा सम्बंध है। यह मौजूदा मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ा सकता है या नए लोगों के विकास को जन्म दे सकता है। ड्रग के दुरुपयोग से परिवार टूट सकते हैं, संघर्ष बढ़ सकते हैं और परिवारों के भीतर भावनात्मक आघात हो सकता है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग से प्रभावित परिवारों में बच्चों को उपेक्षा, दुर्व्यवहार और शिक्षा में बाधा का सामना करना पड़ सकता है, जिससे उनकी समग्र भलाई प्रभावित होती है। नशीली दवाओं की लत से जूझ रहे व्यक्तियों को अक्सर सामाजिक कलंक का सामना करना पड़ता है, जो उनके ठीक होने और समाज में फिर से शामिल होने में बाधा बन सकता है। परिवार के किसी सदस्य की लत को सहने की लागत और उससे जुड़े चिकित्सा व्यय के कारण परिवारों को अक्सर वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अधिकांश नशीली दवाओं के उपयोगकर्ता 18-35 वर्ष की उत्पादक आयु वर्ग में होते हैं, नशीली दवाओं की



**आम आबादी, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के जोखिमों और इसके परिणामों के बारे में सीमित जागरूकता है। इसके अलावा, स्कूलों और समुदायों में लोगों, विशेष रूप से युवा व्यक्तियों को नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरों के बारे में सूचित करने के लिए शैक्षिक कार्यक्रम अपर्याप्त हैं। मादक द्रव्यों के सेवन के विकार वाले व्यक्तियों को कलंकित करने से वे सहायता और समर्थन प्राप्त करने से हतोत्साहित हो सकते हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं और समाज में बड़े पैमाने पर भेदभाव उपचार और पुनर्वास सेवाओं तक पहुँच में बाधा उत्पन्न कर सकता है। नशीली दवाओं की लत के उपचार सुविधाओं और योग्य स्वास्थ्य पेशेवरों की भारी कमी है। भारत में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के प्रचलन और पैटर्न पर सीमित शोध है, जो साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण और कार्यक्रम विकास में बाधा डालता है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग की छिपी और कलंकित प्रकृति के कारण सटीक डेटा एकत्र करने में भी चुनौतियाँ हैं। प्रमुख अफीम उत्पादक क्षेत्रों के करीब भारत की भौगोलिक स्थिति इन दवाओं की आसान उपलब्धता की ओर ले जाती है।**

लत के कारण कार्यस्थल पर अनुपस्थिति और उत्पादकता में कमी आ सकती है। हिंसा और अपराध में वृद्धि नशीली दवाओं के दुरुपयोग का प्रत्यक्ष प्रभाव है। नशे के आदी लोग अपनी दवाओं के भुगतान के लिए अपराध का सहारा लेते हैं। नशीली दवाएँ संकोच को दूर करती हैं और निर्णय लेने की क्षमता को कम करती हैं, जिससे व्यक्ति अपराध करने के लिए प्रेरित होता है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग के साथ छेड़छाड़, समूह संघर्ष, हमला और आवेगपूर्ण हत्याओं की घटनाएँ बढ़ जाती हैं।

आम आबादी, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के जोखिमों और इसके परिणामों के बारे में सीमित जागरूकता है। इसके अलावा, स्कूलों और समुदायों में लोगों, विशेष रूप से युवा व्यक्तियों को नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरों के बारे में सूचित करने के लिए शैक्षिक कार्यक्रम अपर्याप्त हैं। मादक द्रव्यों के सेवन के विकार वाले व्यक्तियों को कलंकित करने से वे सहायता और समर्थन प्राप्त करने से हतोत्साहित हो सकते हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं और समाज में बड़े पैमाने पर भेदभाव उपचार और पुनर्वास सेवाओं तक पहुँच में बाधा उत्पन्न कर सकता है। नशीली दवाओं की लत के उपचार सुविधाओं और योग्य स्वास्थ्य पेशेवरों की भारी कमी है। भारत में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के प्रचलन और पैटर्न पर सीमित शोध है, जो साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण और कार्यक्रम विकास में बाधा डालता है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग की छिपी और कलंकित प्रकृति के कारण सटीक डेटा एकत्र करने में भी चुनौतियाँ हैं। प्रमुख अफीम उत्पादक क्षेत्रों के करीब भारत की भौगोलिक स्थिति इन दवाओं की आसान उपलब्धता की ओर ले जाती है। इसके अलावा, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अनुसार, अवैध नशीली दवाओं के व्यापार के लिए %डार्क नेट% और क्रिप्टोकरेंसी का उपयोग करने का चलन बढ़ रहा है। भारत में नए साइकोएक्टिव पदार्थों की खपत बढ़ रही है और ये पदार्थ अक्सर मौजूदा दवा नियंत्रण नियमों के दायरे से बाहर हो जाते हैं, जिससे कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए उन्हें प्रभावी ढंग से मॉनिटर और विनियमित करना चुनौती बन जाता है।

व्यापक विधायी नीति तीन केंद्रीय अधिनियमों में निहित है, अर्थात औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940, स्वापक औषधि और मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 और स्वापक औषधि और मन-प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1988 में अवैध तस्करी की रोकथाम। यह भारत में नशीली दवाओं के कानून प्रवर्तन के लिए नोडल एजेंसी है। इसकी स्थापना 1986 में देश भर में नशीली दवाओं के कानून प्रवर्तन प्रयासों के समन्वय के लिए की गई थी। नशीली दवाओं के कानून प्रवर्तन में हितधारकों की बहुलता ने वास्तविक समय के आधार पर विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय को आवश्यक बना दिया है। गृह मंत्रालय ने जमीनी स्तर से लेकर शीर्ष स्तर तक देश भर के हितधारकों के बीच समन्वय बढ़ाने और नशीली दवाओं के खतरे से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए चार-स्तरीय समन्वय तंत्र का गठन किया है। शीर्ष एनसीओआरडी, कार्यकारी एनसीओआरडी, राज्य एनसीओआरडी और ज़िला कॉर्ड तंत्र के चार स्तंभ हैं। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (एमओएसजेई) नशे की लत के लिए एकीकृत पुनर्वास केंद्रों (आईआरसीए) के रखरखाव के लिए गैर सरकारी संगठनों और स्वैच्छिक संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। ये केंद्र मादक द्रव्यों के सेवन के विकारों वाले व्यक्तियों को व्यापक पुनर्वास सेवाएँ प्रदान करते हैं।

## ज्ञान के सूरज से परे होता अज्ञानता का अंधकार

यह सर्वविदित है कि इतिहास का पन्ना पलटें तो हर सभ्यता ने अपने कई कई रूप बदले हैंस संस्कृति ने नए नए नए आयाम का सृजन किया हैस वैसे भी जीवन परिवर्तन का पर्याय है एवं विकास का स्वरूप हैस यह सर्वकालीन सत्य है कि शिक्षा एवं ज्ञान का महत्व हर संस्कृति, सभ्यता और मानवीय समुदाय के जीवन में एक प्रकाश पुंज की तरह उन्हें विकास की दिशा दिखाते हुए आया हैस जिस देश की भाषा,शिक्षा जितनी समृद्ध होगी उस देश की सभ्यता संस्कृति और ज्ञान उत्तम शिखर पर होगा और विकास की नई नई नई-नई गाथाएं लिखीं जाएंगीस मानवीय विकास के साथ मनुष्य को अधिक परिपक्व को समझदार तथा समृद्ध बनाने में शिक्षा, भाषा, ज्ञान और साहित्य का सर्वाधिक महत्वपूर्ण योगदान रहा हैस शिक्षा चाहे आपके परिवार से प्राप्त हुई हो, स्कूल कॉलेज अथवा किसी शिक्षण संस्थान से प्राप्त हुई हो या भारतीय संस्कृति के वैदिक शास्त्रों से प्राप्त हुई हो, शिक्षा का मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में बड़ी अहम भूमिका होती है, शिक्षा भी समाज संस्कृति एवं सभ्यताओं के साथ परिवर्तनशील तथा प्रगतिशील है, शिक्षा, ज्ञान तथा संस्कृति और कला साहित्य को देश और विदेश की सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता है।

यह असीमित भंडार है एवं इसमें आकाशीय ऊंचाइयां भी शामिल रहती हैंस शिक्षा और ज्ञान न तो गहराइयां न ही नापी नजा सकती है, और ना ही इसकी ऊंचाई को देखा जा सकता है। पूर्वी सभ्यता जहां अध्यात्म, वेद ,पुराणों पर अवलंबित है, वहीं पश्चिमी सभ्यता ज्ञान विज्ञान नए नए अविष्कार और आकाश की अनछुई कई बातों को उजागर करने वाली है। ऐसी शिक्षा तथा ज्ञान के कारण मानव चंद्रमा पर पहुंच कर एक नई गाथा लिख पाया हैस वस्तुतः पूर्व तथा पश्चिम ज्ञान विज्ञान तथा शिक्षा के मामले में एकाकार हो चुका है कोई भी भेदभाव या विभाजन रेखा नहीं खींची जा सकती हैस पूरी सभ्यता ने जहां पाश्चात्य दर्शन से नए नए अविष्कारों हवाई जहाज, इंजन, ग्रामोफेन, रेडियो एवं नई नई टेक्नोलॉजी को अपनाया है वहीं पश्चिमी दर्शन ने भारती ज्ञान विज्ञान संस्कार आयुर्वेद योग धर्म दर्शन को अपना कर अपनी जीवनशैली में शांति तथा सौभाग्य स्थापित किया हैस यह सब शिक्षा भाषा एवं ज्ञान के बदौलत पूर्व और पश्चिम का मेल संभव हो पाया है।

शिक्षा और भाषा सदैव ही अज्ञानता के तमस में एक प्रकाश पुंज की तरह देदीप्यमान होता रहा है, नवजीवन की विकास धारा में सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है, हमारे कई धर्मों में जिनमें जैन ,बौद्ध दर्शन, नव्य वेदांत तथा भारतीय संस्कृति के नवीन चिंतन के सामने आने से नवयुग की कल्पना को साकार किया है। पश्चिम के कई विद्वान और चिंतक जिनमें प्लूटो, अरस्तु, सुकरात, कार्ल मार्क्स, लेनिन ने अनेक विकास के सिद्धांतों को प्रतिपादित किया है। जिसका पूरे विश्व ने खुले दिल से स्वागत किया एवं विकास की नई नई की इबारत लिखी है, दूसरी ओर भारत की संस्कृति, सभ्यता और समाज में सदैव आवश्यक सुधार तथा नई नई बुद्धिमता पूर्ण युक्तियों को अपने में आत्मसात करने की एक अलग क्षमता रही है, और विकास का मूल मंत्र भी परिवर्तनशील जीवनशैली ही है, राजनीति तो सदैव परिवर्तन पर अवलंबित रहती है। स्वतंत्रता के पहले तथा बाद में राजनीतिक घटनाक्रम जिस नव परिवर्तन युग की तरफ अग्रसर हुए हैं वह अत्यंत उल्लेखनीय हैस भारतीय सभ्यता समाज और संस्कृति जितनी जटिल तथा गूढ है उसको जितना समझा जाए, उसका जितना अध्ययन किया जाए तो उससे नवीन बातें समझ में आती है, और उसके नए नए अर्थ हमारे सामने आते हैं, जिसका बहु आयामी उपयोग हम अपनी जीवनशैली में परिवर्तन करने के लिए सदैव कर सकते हैं। स्वतंत्रता के बाद तो भारत देश ने ज्ञान भाषा तथा संस्कृति में अनेक परिवर्तन किए गांधीजी, जवाहरलाल नेहरू, बाल गंगाधर तिलक, सुभाष चंद्र बोस आदि ने अपनी किताबों में नव परिवर्तन के नए-नए आयामों तथा जीवन शैली के सत्य के साथ प्रयोग को एक नया आयाम दिया है और भारत देश को नए स्वरूप में विश्व में पहचान दिलाई है।

**विचार**

# महंगाई, आरबीआई और सरकार

**प्रेम शर्मा**

आरबीआई इस बार रेपो रेट 6.5 फीसदी पर स्थिर रखा. इसके पीछे मुख्य कारण यह था कि अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में खाद्य महंगाई लिमिट से अधिक बनी रही। अनुमान के अनुसार खाद्य महंगाई में कमी केवल अगले साल की शुरुआत में दिखाई देगी। महंगाई में वृद्धि का असर जनता की खरीदने की शक्ति पर पड़ता है। यदि इसे समय पर नियंत्रित न किया जाए, तो इससे अर्थव्यवस्था की नींव हिलने लगती है। आरबीआई को ऐतिहासिक रूप से ग्यारहवी बार रेपो रेट स्थिर रखना शायद इसी बॉत का संकेत है।

ऐसे में अगर महंगाई को लेकर आरबीआई गर्वनर शशिकान्त दास ने दो केन्द्रीय मंत्री सीतारमण और पीयूष गोयल के अनुरोध को दर किनार कर रेपोरेट स्थिर रखा है तो इस बारे में सरकार को भी अब गम्भीरता से विचार करना चाहिए। सरकार को अब इस बॉत पर गौर करना चाहिए कि स्थिर और सीमित आय में जीवनयापन कर रही देश की 70 से 80 प्रतिशत आबादी का जीवन बद से बद्तर स्थिति की ओर अग्रसर है। किसानों के प्रति हमदर्दी जताते हुए भले ही आरबीआई ने दो लाख तक कर्ज बिना गारन्टी कर दिया हो लेकिन




इस महंगाई में किसान उसे चुकाएगा कैसे इस पर भी गहन विचार किया जाना चाहिएं। यह ग्यारहवीं बार है, जब रेपो दर यथावत रखा गया। यह पिछले वर्ष की फरवरी से साढ़े छह फीसद पर बना हुआ है। इसका बोझ सबसे अधिक घर और वाहन के लिए कर्ज लेने वाले मध्यवित्त वर्ग को उठाना पड़ रहा है। इसलिए वे उम्मीद लगाए हुए थे कि अगर रेपो दर में कमी की जाएगी तो उनके कर्ज पर किस्तें कुछ कम होंगी।

मगर महंगाई के ऊपर की तरफबने हुए रुख दो देखते हुए रिजर्व बैंक ने फिलहाल इसमें किसी तरह का बदलाव करना उचित नहीं समझा। रेपो दर वह ब्याज दर है, जिस पर बैंक रिजर्व बैंक से कर्ज लेते हैं। जाहिर है, उससे अधिक दर पर वे अपने ग्राहकों को कर्ज देते हैं। पिछले वर्ष रेपो दर में बढ़ोतरी का कुछ असर महंगाई पर देखा भी गया था। मगर इतनी लंबी अवधि का अनुभव यही है कि रेपो दर ऊंची रखने से महंगाई पर कोई बहुत असर नहीं पड़ रहा। बैंकों के कारोबार पर पड़ते नकारात्मक प्रभाव को कम करने के मकसद से सीआरआर यानी आरक्षित नगद अनुपात में पचास आधार अंक की कटौती कर दी गई है। सीआरआर यानी जो रकम बैंकों को हमेशा अपने पास आरक्षित रखनी पड़ती है। मगर इससे बैंकों को कितनी मदद मिलेगी, दावा करना मुश्किल है। अब अर्थव्यवस्था की विकास दर में कई विसंगतियां नजर आने लगी हैं। चालू वित्तवर्ष की दूसरी तिमाही की विकास दर सरकार के लिए गंभीर चेतावनी की तरह आई है। ऊपर से महंगाई बेलगाम बनी हुई है। डालर के मुकाबले रुपए की कीमत चिंताजनक स्तर गिर चुकी है।

**विनिर्माण क्षेत्र हिचकोले खा रहा है। ऐसे में रेपो दर को यथावत रख कर महंगाई और विकास दर के बीच कैसे संतुलन बिठाया जा सकेगा, समझ से परे है। लंबे समय से लोगों की क्रयशक्ति बढ़ाने के व्यावहारिक उपाय आजमाने पर बल दिया जा रहा है, मगर सरकार तमाम दावों और वादों के बावजूद रोजगार सृजन और आय में विषमता के मोर्चे पर कोई ठोस उपाय नहीं जुटा पा रही है। जबकि आरबीआई ने मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत ब्याज दरों को जिस प्रकार यथावत रखा है उससे यही संकेत मिलते हैं कि विकास की परवाह करने के साथ ही महंगाई को काबू में रखना रिजर्व बैंक की सबसे बड़ी प्राथमिकता बनी हुई है। जीडीपी की तस्वीर आरबीआई, बाजार का आकलन करने वाले विश्लेषकों से लेकर बाजार में सक्रिय तत्वों के अनुमानों से भी उलट रही।**

विनिर्माण क्षेत्र हिचकोले खा रहा है। ऐसे में रेपो दर को यथावत रख कर महंगाई और विकास दर के बीच कैसे संतुलन बिठाया जा सकेगा, समझ से परे है। लंबे समय से लोगों की क्रयशक्ति बढ़ाने के व्यावहारिक उपाय आजमाने पर बल दिया जा रहा है, मगर सरकार तमाम दावों और वादों के बावजूद रोजगार सृजन और आय में विषमता के मोर्चे पर कोई ठोस उपाय नहीं जुटा पा रही है। जबकि आरबीआई ने मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत ब्याज दरों को जिस प्रकार यथावत रखा है उससे यही संकेत मिलते हैं कि विकास की परवाह करने के साथ ही महंगाई को काबू में रखना रिजर्व बैंक की सबसे बड़ी प्राथमिकता बनी हुई है। जीडीपी की तस्वीर आरबीआई, बाजार का आकलन करने वाले विश्लेषकों से लेकर बाजार में सक्रिय तत्वों के अनुमानों से भी उलट रही। अर्थव्यवस्था की गति धीमी पड़ने के संकेत तो पहले से ही दिखने लगे थे, लेकिन 5.4 प्रतिशत की वृद्धि कई संकेत देने वाली है। यह अर्थव्यवस्था में स्थायित्व को भी रेखांकित करती है। इस धीमेपन की कारणों की पड़ताल की जाए तो नीतिगत ब्याज दरों को 21 महीने से यथावत बनाए रखने वाला आरबीआई का रुख भी इसके लिए एक हद तक जिम्मेदार है। इसे लेकर कई स्तरों पर आवाज उठती रहती है। औद्योगिक गतिविधियों को गति देने के लिए ब्याज दरों में कमी की आवश्यकता को लेकर बहस लंबे समय से जारी है। कई पहलुओं को देखते हुए आरबीआई अभी भी ब्याज दरें घटाने को लेकर संकोच कर रहा है, क्योंकि वह नहीं चाहता कि किसी भी प्रकार की मौद्रिक नरमी से स्थितियां हाथ से निकलें। फिर वही सवाल कि महंगाई से राहत कैसे मिले? ऐसा नहीं है कि महंगाई पर काबू पाने के लिए सरकार के पास कोई उपाय बचे नहीं हैं। लंबे समय से यह मांग उठ रही है कि केंद्र और राज्य सरकारें पेट्रोल और डीजल पर वसूले जाने करों को घटाएं। इससे इन उत्पादों के दाम नीचे आएंगे और फिर हर चीज के दाम पर उसका असर दिखना शुरू होगा।



# राशिफल

**मेषः-** समस्याओं के समाधान हेतु मन नयी-नयी युक्तियों पर केंद्रित होगा। महत्वपूर्ण कायरें के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो।

**बृषभः-** स्वयं पर भरोसा रख योजनाओं को सुचारू रुप से क्रियान्वित करें। सगे-संबंधों में सरल व व्यावहारिक बनने की कोशिश करें। अर्थाभाववश चिंता संभव।

**मिथुनः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध से मन हतोत्साहित होगा। संबंधों के प्रति कुछ नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन में उत्साह का संचार होगा।

**कर्कः-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा।

**सिंहः-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। रोजगार में अति व्यस्तता रहेगी किंतु कायरे को समय से पूर्ण करें।

**कन्याः-** कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। पेशे संबंधी कोई यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार बनेंगे। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

**तुलाः-** मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में संतुलित वाणी का प्रयोग करें। कोई हितैषी बिगड़े हुए संबंधों को सुधरवायेगा। रोजगार में अपनी क्षमता का लाभ उठाएंगे।

**वृश्चिकः-** सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु संतुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में सगे-संबंधियों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयां संभव।

**धनुः-** नये समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय में संतुलन बनाने का प्रयत्न करें। महत्वपूर्ण कायरे में आलस्य का त्याग करें।

**मकरः-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम सार्थक होगा। रोजगार में प्रगति संभव।

**कुंभः-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता से प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कायरें की व्यस्तता रहेगी। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्क रहें।

**मीनः-** क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न करें। रोजगार में लाभ के नये अवसर प्राप्त होंगे।

# कैसे बढ़े चुनाव में मतदान का प्रतिशत

**डॉ. आर.के. सिन्हा**

महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा के लिए हुए चुनाव के नतीजे आ चुके हैं। अब दोनों राज्यों में नई सरकार का गठन भी हो गया है। झारखंड और महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री और कुछ मंत्रियों ने शपथ भी ले ली है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 65 फीसदी से अधिक मतदान हुआ जो पिछले 30 वर्षों में सबसे अधिक है। यह दो कारणों से उल्लेखनीय है- पहला, यह 2024 के लोकसभा चुनाव के आंकड़े से लगभग चार प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है और दूसरा, यह चुनावों में औसत राष्ट्रीय मतदान के करीब है, जो लगभग 65-66 प्रतिशत आंका गया है।

प्रश्न यह उठता है कि मतदान का यह प्रतिशत क्या किसी मजबूत लोकतंत्र के लिये पर्याप्त है? बिल्कुल नहीं! तो फिर किया क्या जाये! यह तो पूरे तो पूरे देश के सभी जिम्मेदार नागरिकों को सोचना होगा कि चुनाव में मतदान प्रतिशत कैसे बढ़ाया जा सकता है। यह गंभीर मसला है। जैसा कि मैंने ऊपर कहा है कि महाराष्ट्र विधानसभा के लिए हुए चुनाव में 65 फीसद से अधिक मतदान हुआ है, जो पिछले 30 वर्षों में सबसे अधिक है। यह दो कारणों से उल्लेखनीय है- पहला, यह 2024 के लोकसभा चुनाव के आंकड़े



से लगभग चार प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है और दूसरा, यह चुनावों में औसत राष्ट्रीय मतदान के करीब है, जो लगभग 65-66 प्रतिशत आंका गया है। महाराष्ट्र के आंकड़ों पर इसलिए गौर किया जाता है क्योंकि राज्य में देश की सबसे बड़ी शहरी आबादी है और ऐतिहासिक रूप से यह शहरों और कस्बों में कम मतदान के कारण औसत राष्ट्रीय मतदान से पीछे रहा है।

हालांकि, महाराष्ट्र के आंकड़े का गहराई से अध्ययन करने पर पता चलता है कि शहरी क्षेत्रों में मतदान के प्रति उदासीनता पूरी तरह से गायब नहीं हुई है। उदाहरण के लिए, पश्चिमी महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में 76.25 प्रतिशत का उच्च मतदान दर्ज किया गया, उसके बाद गढ़चिरौली का स्थान है, जो माओवादियों की गतिविधियों के लिए सुर्खियों में रहता है, जहाँ 73.68 प्रतिशत मतदान हुआ है, जबकि मुंबई शहर जिले में 52.07 प्रतिशत का कम मतदान हुआ। पुणे, ठाणे और मुंबई उपनगरीय जैसे अन्य शहरी जिलों में भी इसी तरह के आंकड़े दर्ज किए गए हैं। हालांकि, सकारात्मक पहलू यह है कि पूरे राज्य में मतदान में समग्र सुधार हुआ है। इस बदलाव का श्रेय, हालांकि अपेक्षाकृत धीमा और क्रमिक है, इसका मुख्य रूप से श्रेय भारत के वर्तमान चुनाव आयोग को जाता है। मतदान बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग इस बार काफी सक्रिय था। इसके अभियान में, सोशल मीडिया सहित, स्थानीय हस्तियों - क्रिकेटरों से लेकर फिल्म सितारों तक को भी शामिल किया गया है और इसमें ऊँची इमारतों और आवासीय सोसायटियों में मतदान केंद्र स्थापित करना और कतार में लगने के समय को कम करने के लिए टोकन प्रणाली शामिल है। राजनीतिक दलों के उच्च-वोल्टेज अभियानों ने भी मतदाता भागीदारी बढ़ाने में मदद की है। महाराष्ट्र में बेहतर मतदान भारतीय लोकतंत्र के लिए आश्वस्त करने वाला है।

हालांकि यह मानना होगा कि देश के शहरी इलाकों में मतदान कमोबेश कम ही रहता है। शिमला से सूरत तक शहरी मतदाता की उदासीनता लगातार बनी हुई है। यह रुझान नया नहीं है। चुनावों के पहले तीन दशकों में शहरी मतदाताओं की भागीदारी काफी बेहतर रहती थी। 1980 के दशक से शहरी और ग्रामीण मतदान के बीच का अंतर बढ़ गया है। शहरी उदासीनता को समझना होगा। शहरी भारत का जीडीपी में 60 प्रतिशत और करों में बहुत बड़ा हिस्सा है। पर हमारे यहां के शहरों की हालत लगातार खराब हो रही है। आजकल दिल्ली में प्रदूषण का स्तर जिस तरह का हो गया है, उसने आम लोगों का जीना दूधर कर दिया है। दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी बन गई है। यह तो राजधानी की हालत है। गुजरे कुछ सालों के दौरान दिल्ली, मुंबई, चैन्नई, बैंगलुरू जैसे देश के अति अहम महानगर बारिश से जलमग्न होते रहे। इनमें जिंदगी कई दिनों तक थमी रही। सड़कों पर जलभराव के कारण जाम लग गए, रेल सेवा प्रभावित हुई, घरों में पानी जाता रहा, स्कूल-कॉलेज बंद हो गए। देश के इन खासमखास शहरों की तस्वीर बहुत कुछ बयां कर गई। यह कोई पहली बार नहीं हुआ। यह स्थिति हर साल होती है, योजनाएं बनती हैं ताकि बारिश के बाद होने वाली अव्यवस्था और अराजकता की पुनरावृत्ति ना हो। पर योजनाएं फाइलों में गुम हो जाती हैं।

यह समझना होगा कि शहरी भारत, देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। देश का लगभग सारा सेवा क्षेत्र (सर्विस सेक्टर) शहरों में ही सिमटा है। जनगणना के आंकड़ों को मानें तो देश की 31 फीसद आबादी शहरों में रहती है। हालांकि गैर-सरकारी आंकड़ें शहरी आबादी कहीं अधिक होने का दावा करते हैं। इन शहरों में रोजगार के अवसर हैं। सारे देश के नौजवानों के सपने इन्हीं शहरों में पहुंचकर साकार होते हैं। पर नीति निर्धारकों के फोकस से कहीं दूर बसते हैं शहर। जाहिर है, इस कारण मतदाता निराश होने लगता है अपने जनप्रतिनिधियों से। उसे लगता है कि जब उसके नेता निकम्मे होंगे तो वह वोट क्यों करे। मतदाताओं को नेता बार-बार निराश करते हैं। इसलिए जनप्रतिनिधियों को समझना होगा कि अगर देश में मतदान केन्द्रों की तरफ फिर से मतदाताओं को बड़े पैमाने पर लाना है, तो उसकी जिम्मेदारी सिर्फ चुनाव आयोग की ही नहीं है। उन्हें भी जनता से सीधा संपर्क बनाकर रखना होगा। उन्हें भी जनता के मसलों को लेकर संवेदनशील बनना होगा। आपको याद होगा कि पिछले लोकसभा चुनाव के वक्त लगभग सारे में देश सूरज देवता आग उगल रहे थे। फिर भी मतदाता मतदान करने के लिए घरों से निकल रहे थे। मतदान वाले दिन कई जगहों में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से भी ऊपर था। लू भी चल रही है। इतने कठोर मौसम में चुनाव प्रचार करना और फिर मतदान करने के लिए मतदान केन्द्रों के बाहर लंबी लाइन लगाकर खड़ा होना सामान्य बात नहीं थी। इतने खराब मौसम में भी देश के लाखों-करोड़ों मतदाता घरों से निकल कर वोट तो दे ही रहे थे।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। **मो.नं.** 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# पुरानी रंजिश के चलते युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या

▸ घटना को अंजाम देकर हत्यारे फरार

महोबा, समृद्धि न्यूज़।



पुरानी रंजिश को लेकर देर शाम हुए विवाद में दबंगों ने 22 वर्षीय युवक की चाकुओं से गोदकर निर्मम हत्या कर दी है। 22 वर्षीय युवक के सनसनीखेज हत्याकांड से गांव में सन्नाटा पसर गया है। तो वही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे एसपी ने पाँच टीमों का गठन कर हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं। फिलहल पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर हत्यारोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

दरअसल मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के पचपहरा गांव का है जहां के रहने वाले नीतीश का बीते कुछ दिनों पहले गांव के ही पवन, राहुल और आदेश से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। जिसको लेकर दोनों में जमकर हाथापाई हुई थी। मामला कोतवाली पहुँचा था लेकिन पुलिस ने दोनों पक्षो के बीच सुलहनामा करा कर मामले को शांत करा दिया था। मृतक के पिता का आरोप है कि उसी दिन तीनों दबंगों के खिलाफ शहर कोतवाली द्वारा कड़ी कार्यवाही कर जेल भेज दिया जाता तो मेरा बेटा आज जिंदा होता इस हत्याकांड की वारदात को लेकर सभी दबंग मौके से फरार हो गए हैं। घटना की सूचना पर जिला अस्पताल पहुँचे पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह और सीओ सिटी दीपक दुबे ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन देते हुए आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की बात कहते हुए कड़ी कार्यवाही का आश्वासन दिया है। तो वहीं पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने पाँच टीमों का गठन कर हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं। मामले को लेकर एसपी पलाश बंसल ने बताया कि रात्रि में सूचना प्राप्त हुई कि पचपहरा गांव में दो पक्षों में विवाद हुआ है एक पक्ष द्वारा हमलावर होकर दूसरे पक्ष के व्यक्ति पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया जिसके चलते एक युवक की मौत हो गई। इस मामले में चार लोगों की संलिप्तता सामने आई है जिनकी गिरफ्तारी के लिए थाना पुलिस और एसओजी सहित पांच टीमें गठित कर आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए हैं। संज्ञान में आया है की डेढ़ दो माह पहले इन दोनों पक्षों में विवाद हुआ था जिनका सामाजिक तौर पर गांव में बैठकर दोनों पक्षों का समझौता हो गया था। फिर भी इस मामले में किसी भी व्यक्ति की लापरवाही होगी तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### शराब की पार्टी करने के बाद धारदार हथियार से युवक की हत्या, दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज



**हमीरपुर।** मुस्करा क्षेत्र में शराब की दावत करने के बाद दोस्तों ने शनिवार को देर रात धारदार हथियार से युवक की हत्या कर दी, पुलिस ने रविवार को निर्वस्त्र हालत में लाश को बरामद किया है। मृतक की पत्नी ने दो लोगों को खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के बंडवा गाव में शनिवार को देर रात गांव के अर्जुन पाल (40) को गांव के ही जयहिंद व धीरेंद्र साहू बुलाकर ले गये थे देर रात तक तीनों लोगो ने जमकर शराब पी इसके बाद अर्जुन पाल को दोनो ने मिलकर धारदार हथियार से हत्या कर दी लाश को निर्वस्त्र कर भैयाय रोड के किनारे फेक दिया। रविवार को ग्रामीणों को जानकारी हुई तो पुलिस कोसूचना दी,जानकारी होने पर अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार गुप्ता सीओ राठ मौके पर जाकर छान बीन की, मृतक की पत्नी मन्नू देवी ने गांव के ही जयहिंद व धीरेंद्र साहू के खिलाफ हत्या की मुकदमा मुस्करा थाने में दर्ज कराया है,पुलिस ने टीमे गठित कर गिरफ्तारी का प्रयास शुरु कर दिया है। पुलिस ने दो डाक्टरों के पैनल में लाश को पोस्टमार्टम कराया है।

## कार में बैठी महिला के लाखों के जेवर हुए गायब

▸ पुलिस ने शुरू की जांच पड़ताल, शक की सुई कार चालक पर

**मौदहा, हमीरपुर।** नगर से महोबा जाने के लिए अज्ञात कर में बैठी दो बहनों के बैग में रखें सोने चांदी के जेवरात व हजारों की नगदी अचानक से गायब हो गई। पीड़ित महिला ने पुलिस को लिखित जानकारी दी है, पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

महोबा की रहने वाली शबनम खातून पत्नी मोहम्मद तौफीक ने पुलिस को बताया कि छः दिसंबर की दोपहर वह अपनी छोटी बहन चांदनी के साथ महोबा जाने के लिए बड़े चौराहे पर खड़ी थी तभी एक अज्ञात कार चालक द्वारा महोबा जाने की आवाज लगाने पर वह उसकी कार में बैठ गई और अपना बैग सीट के नीचे रख लिया। कार चालक अपनी गाड़ी नरायच तक ले गया और आगे चेकिंग लगी होने की बात कहकर वापस मौदहा बड़े चौराहा लाकर सभी सवारियों को उतार दिया। इस बीच शबनम ने अपना बैग देखा तो उसमें रखे सोने चांदी के जेवरात जिनकी कीमत लगभग तीन लाख रुपए व दो हज़ार रूपये नकद गायब थे। उसने इधर-उधर कार चालक की तलाश की लेकिन वह जा चुका था और अन्य सवारियां भी इधर उधर हो चुकीं थीं। शनिवार को शबनम ने इस घटना को लेकर कोतवाली पुलिस से जांच पड़ताल कर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है इस मामले में कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में है घटना की पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

## खबरें एक नजर में

### पल्स पोलियो महाअभियान का पार्षद ने किया शुभारंभ



**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।** जिले के अन्य जगह की तरह नौबस्ता वार्ड न. 6 दामोदर नगर के सर बीपी पब्लिक स्कूल में पल्स पोलियों अभियान का शुभारंभ क्षेत्रीय पार्षद योगेन्द्र शर्मा के द्वारा फीता काटकर किया इस मौके पर पार्षद योगेन्द्र शर्मा ने उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह के अभियानों के माध्यम से पोलियो जैसी बीमारी को पूरी तरह से खत्म करने में सफलता प्राप्त की जा सकती है। मुख्य अतिथि पार्षद योगेन्द्र शर्मा ने स्कूली छात्र छात्राओं के साथ हम हैं पोलियो के सिपाही, अब न होगी पोलियो से तबाही, दो बूंद दवा पिलाओ, बच्चों की जिन्दगी खुशहाल बनाओ जैसे नारों से लोगों को पोलियो से बचाव के लिए जागरूक किया। इन नारों के साथ रैली ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया और उन्हें पोलियो बूथों पर अपने बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने के लिए प्रेरित किया। पार्षद योगेन्द्र शर्मा के मुताबिक पोलियो कैम्प का उद्देश्य पोलियो उन्मूलन के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना और पांच साल तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने के लिए प्रेरित करना था। श्री शर्मा ने अपील करते हुए कहा की कि सभी माता-पिता अपने पांच साल तक के बच्चों को पोलियो बूथ पर लेकर जाएं और उन्हें पोलियो रोधी दवा पिलाएं, ताकि बच्चों को पोलियो से बचाया जा सके और इस बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सके। इस मौके पर मुख्य रूप से देवेंद्र सिंह, राजीव गुप्ता, रितेश श्रीवास्तव, अर्चना मिश्रा, अमित तिवारी, नरेंद्र शर्मा, हरिओम भदौरिया सहित काफी संख्या में क्षेत्रीय मौजूद रहे।

### गाली-गलौज करने पर रिपोर्ट दर्ज

**राठ(हमीरपुर)।** जलालपुर थाने के एक गांव निवासी युवती ने बताया कि गांव का उमाकांत पुत्र देवीप्रसाद द्विवेदी उसके घर के फोन पर इंस्टाग्राम आईडी पर गाली गलौज कर उससे बात करने का दबाव बनाता है। बात न करने पर धमकी देता है। बताया कि उसके पास इंस्टाग्राम आईडी के स्क्रीनशॉट है। उसके पिता को भी उलाहना दिया। लेकिन कुछ नहीं हुआ है। पीड़िता ने जलालपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### एक लाख दहेज में न देने पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**राठ(हमीरपुर)** अतिरिक्त दहेज में बाइक व एक लाख रुपए न देने पर ससुरालियों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पति दूसरी शादी करने का आरोप लगाया है। एसपी के आदेश पर जलालपुर पुलिस ने ससुरालियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। जलालपुर थाने के न्यूलीवासा गांव निवासी माधुरी पुत्री राजा करन ने बताया कि उसकी शादी 30 अप्रैल 12 को राहुल पुत्र सुरेश कुमार निवासी धरमपुरा थाना चिरगांव जनपद झांसी के साथ हुई थी। शादी में उसके पिता ने दो लाख रुपए नकद व दान दहेज दिया था। ससुराल विदा होकर जाने के बाद पतिए सास लताए ससुर देवर संजय व ममिया ससुर दहेज से संतुष्ट नहीं थे। ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज में एक बाइक व एक लाख रुपए की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर ससुरालीजन मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न कर मारपीट करने लगे, पति ने 2017 में जान से मारने की नियत से बाइक से गिरा दिया था। जिससे उसका एक हाथ व एक पैर खराब हो गया है। वह 75 फीसदी विकलांग हो गई है। तीन सितंबर 24 को पति का फोन आया कि विकलांगों को साइकिलें मिल रही है। तो वह ससुराल चली गई और 15 दिन तक रही। लेकिन साइकिल नहीं मिली। बताया कि पति शराब पीकर उसके साथ मारपीट करते रहे। दहेज में बाइक व एक लाख रुपए न देने पर 19 सितंबर 24 को ससुरालियों ने उसे घर से निकाल दिया। थाने में दोनों पक्षों को बुलाया गया। जहां लिखित में ससुरालीजन उसे ले गए।ेसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

### साली की शादी में जा रही बाइकसवार पत्नी के गिरने से मौत

**राठ(हमीरपुर)।** ससुराल में साली की शादी में पत्नी व बच्चों को लेकर बाइक से जा रहे युवक की बाइक गड्ढे में गिर जाने पर पीछे बैठी पत्नी असंतुलित होकर सड़क पर गिर गई। मौके पर ही महिला की मौत हो गई। महिला की मौत पर स्वजनों में मातम छा गया है। कोतवाली के लींगा गांव निवासी ऋषिकेश पुत्र बालकिशन राजपूत ने बताया कि रविवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे उसका भाई राहुल अपनी ससुराल घुरौली गांव पत्नी 35 वर्षीय देवकी, पुत्र गोविन्द, पुत्री दिव्यांशी को लेकर बाइक से जा रहे थे। तभी उरई रोड स्थित रिहुंटा व चुरहा के पास बाइक गड्ढे में चली गई। इस दौरान बाइक के पीछे बैठी उसकी भाभी अनियंत्रित होकर बाइक से गिर गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया है। जहां डॉ चंद्रशेखर सिंह मृत घोषित कर दिया है। मां की मौत पर पुत्र गोविन्द, पुत्री दिव्यांशी का रो रोकर बुरा हाल है।

### जांच के बाद मोतियाबिंद के मरीजों को ले जाया गया चित्रकूट



**कुरारा(हमीरपुर)** कस्बा कुरारा में सदगुरु सेवा ट्रस्ट जानकी कुण्ड नेत्र चिकित्सालय के तत्वाधान में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन केएमसी अस्पताल में किया गया। जिसमे मोतियाबिंद के आपरेशन के लिए मरीजों को चित्रकूट जानकी कुण्ड ले जाया गया। प्राचीन सिद्ध पीठ पहाड़ी देव बाबा शिवधाम समिति शंकरपुर बचरौली एवम के एम सी अस्पताल द्वारा क्षेत्र के असहाय व निर्धन लोगो के नेत्र परीक्षण के लिए सदगुरु सेवा ट्रस्ट जानकी कुण्ड के चिकित्सक द्वारा तीन सौ लोगो के नेत्र की जांच कर निशुल्क दवा ए चश्मा का वितरण किया गया। नेत्र जांच में अस्सी लोगो को मोतियाबिंद पाया गया। जिनको निशुल्क आपरेशन के लिए सदगुरु सेवा ट्रस्ट जानकी कुण्ड चित्रकूट बस से ले जाया गया। जहां आपरेशन के बाद सकुशल कस्बे तक वापस किया जाएगा। इस अवसर पर शिव धाम समिति के अध्यक्ष गणेश तिवारी व उपाध्यक्ष प्रद्युम्न सिंह छोटे राजाए सचिव अशोक अवस्थी तथा पिंटू सिंहएविकास तिवारी आदि ने मौके पर रहकर मरीजों का सहयोग किया।

### सीएम के फरमान को दरकिनार कर विद्युत कर्मियों ने निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन कर जमकर की नारेबाजी

**महोबा।** सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की सख्ती के बाबजूद जिले में तैनात विधुतकर्मी निजीकरण के विरोध में बैठकर प्रदर्शन करते दिखाई दे रहे हैं। विधुत विभाग के अधिकारी और कर्मचारी विधुत उपकेंद्र में निजीकरण के विरोध में बड़ी सख्या में बैठकर नारेबाजी कर धरने की तैयारी में दिखाई दे रहे हैं। विद्युत कर्मियों की नारेबाजी को देख पुलिस और प्रशासनिक आला अधिकारी मौके पर पहुंचकर समझाने के प्रयास में जुट गए हैं। दरअसल शहर के दक्षिणांचल विद्युत उपकेंद्र कीरत सागर परिसर में बैठे विद्युत कर्मी एक साथ आवाज बुलंद कर निजीकरण के विरोध में सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते दिखाई दे रहे हैं हालात यह है आवाज दो हम एक हैं चाल फिरंगी, निजीकरण की नही चलेगी नही चलेगी जैसे नारे लगाकर अपना विरोध जताया रहे है । दरअसल आपको बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों एवं अधिकारियों की किसी हड़ताल पर 06 माह तक पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया है बाबजूद इसके विद्युत कर्मियों द्वारा प्रदर्शन करना योगी सरकार के निर्देशों की धज्जियाँ उडाता नजर आ रहा है। मामले को लेकर सदर एसडीएम जीतेन्द्र कुमार ने बताया कि कि यह सभी विद्युत कर्मी हड़ताल पर नहीं बैठे हैं। बल्कि बैठक कर रहे हैं उनकी बैठक की सूचना को लेकर हम लोग पुलिस और प्रशासनिक बल के साथ विद्युत उपकेंद्र पर बैठे हुए है। किसी भी हालत में हड़ताल नहीं होने दी जाएगी ना ही बिजली व्यवस्था में आपूर्ति बाधित होगी।

## तमंचे की नोक पर बलात्कार करने का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

**मौदहा, हमीरपुर।** कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने गांव के ही युवक पर पांच साल पूर्व तमंचे की नोक पर बलात्कार कर उसका वीडियो बना लगातार उसका शारीरिक शोषण करने का आरोप लगा कोतवाली पुलिस से लिखित शिकायत की है। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के एक गांव निवासी एक महिला ने बताया कि उसका पति चार वर्ष पूर्व हत्या के जुर्म में जेल चला गया था तभी गांव के एक युवक द्वारा उसके घर में घुस तमंचे की नोक पर उसके साथ बलात्कार की घटना को अंजाम देकर उसका वीडियो बना लिया था तब से आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लगातार उसका शारीरिक शोषण करता आ रहा है। यह जानकारी होने पर उसके पति ने उसे तलाक भी दे दिया है। 8 दिसंबर 2024 को आरोपी पुनः रात्रि में उसके घर आया और जब उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने लगा तो पीड़िता ने उसे शादी करने की बात कही जिससे आक्रोशित होकर आरोपी ने पीड़िता को डंडे से मारपीट कर उसे जान से मारने की धमकी देकर चला गया। पिता ने कोतवाली पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाही की मांग की है इस मामले में कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता अपनी समस्या लेकर कोतवाली नहीं आई हालांकि सोशल मीडिया से मामला संज्ञान आने पर पीड़िता को कोतवाली बुलवाया है।

## पुराने आवेदनों पर कोई विचार नहीं, नए आवेदन लेना शुरू

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।

▸ प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी क्षेत्र का हाल बेहाल, तीन हजार गरीबों को लगा झटका

जिला नगरीय विकास प्राधिकरण(डूडा) के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के पाने के लिये आवेदन किये गये तीन हजार लोगो को निराशा हाथ लगी है। हालाकि अभी तक कोई शासन स्तर पर कोई रणनीति तय नही की गयी है मगर पुराने आवेदनों पर कोई विचार न करके डूडा ने नगरीय क्षेत्र से नये आवेदन लेना शुरु कर दिया है।जिससे गरीबों में रोष देखा जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में पुराने नियम के अनुसार आवेदन लिये जा रहे है।

जानकारी के मुताबिक करीब दो साल प्रधानमंत्री आवास पाने के लिये नगरीय क्षेत्र में तीन हजार लाभार्थी आवास पाने की आस में उम्मीद लगाये बैठे हुये थे मगर उनको निराशा हाथ लग रही है। जिले भर से जो भी आवेदन सूडा में भेजे जाते थे वह सब स्वीकार करने से इंकार कर दियेजाते रहे है। कहा जाता रहा है कि जब कोई नयी पालिसी बनेगी तभी आवेदन स्वीकार किये जायेगे डूडा के परियोजना अधिकारी एवं अतिरिक्त उप जिलाधिकारी राजेश चंद्र ने बताया कि शासन ने लाभार्थियों से नये आवेदन मांगे है मगर पुराने आवेदनों पर कोई विचार नही किया जा रहा है। जो भी पुराने आवेदन भेजे गये थे सूडा ने वे सभी पुराने आवेदनों को वापस करदिये है।इस मामले में सूडा से अभी कोई नया आदेश नही मिला है। जन सेंवा केंद्रों से नये आवेदन भरना शुरु कर दिया गया है। बताया जाता है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अभी तक नगरीय क्षेत्र में कच्चा मकान बनाने के लिये ढाई हजार रुपये मिलते थे मगर शासन इस मामले में बदलाव करने का पूरा मन बना चुका है। ग्रामीण क्षेत्र से आवास पुराने नियम के अनुसार बनाये जा रहे है। स्पष्ट नीति न आने के कारण लाभार्थी व प्रशासनिक अधिकारी असमंजस में पडे हुये है। लाभार्थी डूडा कार्यालय में रोजाना चक्कर लगाते घूम रहे है। मगर उनको कोई स्पष्ट आदेश नही मिल पा रहा है। हजारो गरीबों के अरमानों में पानी फेरता नजर आ रहा है।

### सुरक्षा को देखते हुये जेल में आठ सीसीटीवी कैमरे और लगाने की मांग

**हमीरपुर।** जिला कारागार की सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त करने के लिये जेल अधीक्षक ने जिलाधिकारी से आठ सीसीटीवी कैमरे की मांग की है। ताकि जेल के हर कोने कोने में कैमरे लगाये जा सके। पिछले दिनों उच्चाधिकारियों ने जेल का निरीक्षण किया था जिसमे सीसीटीवी कैमरे की आवश्यकता महसूस की गयी थी। ताकि जेल में कोई भी हरकत हो उसे सीसीटीवी कैमरे में कैद किया जा सके। रसोइयां व अन्य बैरकों में अधिक कैमरे लगाने पर जोर दिया गया है। जेल अधीक्षक ने बताया कि जेल में अधिक सुरक्षा को देखते हुये यह कदम उठाया गया है।

## सिद्धांत व मर्यादा का प्रतीक माना जाता है कोरी समाजः घनश्याम

▸ कोरी समाज का महासम्मेलन संपन्न, सभी ने समाज को आगे बढ़ने के लिए लोगों को किया प्रेरित

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।



स्थानीय तहसील ग्राउन्ड में कोरी समाज महासंस्थान के बैनर तले कोरी समाज का महासम्मेलन सम्पन्न हुआ इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद डॉ. घनश्याम अनुरागी ने कहा कोरी समाज सिद्धांत व मर्यादा का प्रतीक है। जिसके मन में कोई क्रोध लोभ,मोह न हो वही तो कोरी है,जो विल्कुल साफ सुथरा व बेदाग है वहीं तो कोरी है। इसलिये हमे कोरी कहने में गर्व महसूस होता है।

मुख्य अतिथि ने कहा कि जन्म से लेकर मृत्यु तक हर व्यक्ति को कपड़े की आवश्यकता होती है। यदि शरीर में कपड़ा नही होगा तो वह निर्वस्त्र हो जायेगा इसलिये पूरे मनाव समाज को कपड़ा देने का काम को सबसे पहले कोरी विरादरी के लोगो ने ही किया था, कबीर साहब ने जो उपदेश दिये है समाज को एक नयी दिशा मिल रही है। पूर्व विधायक राठ गयादीन अनुरागी ने कहा कि सभी लोग अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दे ताकि वह आगे वढ़ सके उन्होंने कहा शिक्षा वह सिंहनी है जिसका दूध पीने से लोग दहाड़ते है, धनाभाव के कारण बच्चों की शिक्षा न रुकने दे इसके लिये सारा समाज गरीब बच्चों के साथ है। सुल्तानपुर से आये प्रोफेसर एसपी कुटार ने कहा कि हमें गर्व है कि हमारे पूर्वजों ने समाज को एक नयी दिशा प्रदान की है। जिसे समाज आज भी हमारे पूर्वजों की कही बातों का अनुकरण करता है। उन्होने कहा कि हम गौतम बुद्ध, झलकारी बाई, कबीर साहब के बताये मार्ग पर चलेगे तो कभी भी धोखा नही खायेगे। कोरी समाज के प्रदेश अध्यक्ष डा. सुरेश कुमार कोरी ने कहा कि समाज को पढ लिखकर आगे बढना है कोरी महासंस्थान एक मिशन का कामकर रहा है गरीबों को समय समय पर मदद की जाती है उन्होने कोरी समाज के संगठन को धन्यवाद दिया कि संगठन के लोग हमेशा समाज के लिये तैयार रहते है। इस मौके पर पदाधिकारियों ने प्रतिभाशाली बच्चों को गिफ्ट बितरित किया बुजुर्गों का सम्मान किया। इस मौके पर अमित कबीर, रामबाबू, चंद्रभान मुकेश, संध्या वर्मा राजकुमार आदि लोग उपस्थित रहे। संचालन रामहेत अनुरागी ने किया, रामबहादुर नयन की देखरेख में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## वृंदावन साहित्य महोत्सव में वरिष्ठ साहित्यकार संतोष पटैरिया सम्मानित



**महोबा।** शब्द सृजन संस्थान गाजियाबाद द्वारा वृंदावन में आयोजित वृंदावन साहित्य महोत्सव में महोबा के वरिष्ठ साहित्यकार संतोष कुमार पटैरिया को ब्रज साहित्य सम्मान 2024 उनके साहित्यिक योगदान पर दिया गया।

इस अवसर पर पद्मश्री मोहन स्वरूप भाटिया की उपस्थिति में श्री पटैरिया द्वारा संपादित उर्दू से अनूदित ईश्वरी प्रसाद खरे कृत ऐतिहासिक पुस्तक आल्हा समर सरावली का पुनः विमोचन ब्रज साहित्य शोध संस्थान के निदेशक डॉक्टर रवींद्र द्विवेदी, 40 कृतियों के रचनाकार दिनेश पाठक शशि, डॉक्टर राजीव पांडेय, डॉक्टर ओंकार नाथ त्रिपाठी ने किया। बुंदेलखंड का प्रतिनिधित्व करने वाले श्री पटैरिया ने कवि सम्मेलन में भी सहभागिता की कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर राजीव कुमार पांडे व ओंकारनाथ त्रिपाठी ने किया।

### सामाजिक समरसता दिवस पर मैराथन दौड़ प्रतियोगिता आयोजित

**महोबा।** सामाजिक समरसता दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महोबा के कार्यकर्ताओं द्वारा मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन स्टेडियम मैदान में किया गया। जिसमें छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया। छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान पर जय देवी, दूसरे स्थान पर नेहा वर्मा तीसरे स्थान पर कल्पना रही। बालक वर्ग में प्रथम अनिल विश्वकर्मा, दूसरे स्थान पर सबप्रेम, तीसरे स्थान पर दशरथ रहे कार्यक्रम में वीरभूमि फिजिकल एकेडमी के डायरेक्टर अरविंद सर, नगर अध्यक्ष प्रो संजय सर जिला संयोजक शिवम् विश्वकर्मा के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक कृष्णा सिंह, वैभव, अंकित राजपूत राघवेंद्र सिंह सुमित एवं समस्त प्रतिभागी छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में बन्द मकान में मिला महिला का शव

**महोबा।** जिले में पति के साथ किराए के मकान में रह रही महिला का शव बंद मकान में मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर मामले की गहनता से जांच पड़ताल शुरू कर दी है। दरअसल मामला शहर कोतवाली कस्बा क्षेत्र के सत्तीपुरा मुहल्ले का है जहाँ मूल रूप से चरखारी थानाक्षेत्र के इमिलिया डांग गाँव का रहने वाला महेन्द्र यादव अपनी 30 वर्षीय पत्नी और तीन बच्चों के साथ रहकर गुजर-बसर करता है। आज सुबह से मकान का ताला बन्द होने के बाद हुई अनहोनी की आशंका पर स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मकान के गेट में लगा ताला तोड़कर अंदर देखा तो सभी के होश उड़ गए । बताया जाता है की मृतका अपने पति और तीन बच्चों के साथ मुख्यालय के सत्तीपुरा मोहल्ले में स्थित किराए के मकान में रहकर गुजर बसर कर रही थी बीती रात पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद सुबह से मकान का ताला न खुलने से स्थानीय लोगों को अनहोनी की आशंका हुई जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने जब मकान का ताला तोड़कर अंदर का नजारा देखा तो सभी हैरत में पड़ गए मकान के अंदर किराए से रह रही महिला का शव पड़ा मिलने के बाद सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जाँच पड़ताल शुरू कर दी है।

## तीन दिवसीय जनपद स्तरीय स्काउट गाइड रैली का हुआ शुभारंभ

महोबा, समृद्धि न्यूज़।



राजकीय मुकुंद लाल तिवारी इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय जनपद स्तरीय स्काउट गाइड रैली का शुभारंभ मुख्य अतिथि जयप्रकाश अनुरागी जिला पंचायत अध्यक्ष महोबा एवं विशिष्ट अतिथि गिरधारी लाल कोहली जिला विद्यालय निरीक्षक महोबा के द्वारा इस अवसर पर जयप्रकाश साम्राज्य द्वारा के चित्र पर माल्यार्पण किया गया एवं मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों को इन सभी कार्यक्रमों में भाग लेना चाहिए जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय जैतपुर पनवाड़ी कबरई, प्राथमिक विद्यालय सालट, पूर्व माध्यमिक विद्यालय चंद्रपुरा। चंद्र कुंवर तिवारी पब्लिक स्कूल महोबा माध्यमिक शिक्षा से जीआईसी महोबा जनतंत्र इंटर कॉलेज, महोबा राजकीय इंटर कॉलेज श्रीनगर, काशी प्रसाद इंटर कॉलेज करेला अखंड इंटर कॉलेज कबरई आदि विद्यालय के छात्रों ने प्रतिभाग किया। निर्णायक की भूमिका में अमित राजपूत, रामनरेश, आनंद साहू श्रीमती अनुदेशवाल, कुमारी सपना, इस अवसर पर रामदीन सोनी, विश्वनाथ त्रिपाठी, शिवपाल जिला स्काउट मास्टर बेसिक, बाबूलाल , जिला सचिव श्याम सुंदर, देवेंद्र कुमार प्रधानाचार्य जीआईसी रामकृपाल, चित्र रेखा आदि रहे।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमदभागवत महापुराण का शुभारंभ



**महोबा।** सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के पहले दिन मुख्यालय के सरस्वती विद्या मन्दिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश धारण किए सैकडों की संख्या में महिलाएं मंगल गीत गाती हुई चल रही थी। मुख्य यजमान श्रीमती दीपाली तिवारी द्वारा श्रीमद् भागवत पुराण अपने सर पर रख कर चल रहे थे, तो वही डीजे पर बज रहे धार्मिक गीतों पर भक्तगण नृत्य करते हुये चल रहे थे। शोभा यात्रा में शामिल भक्तों पर जगह जगह पुष्प वर्षा की गई। कलश यात्रा मुख्यालय के सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज से प्रारम्भ हुई, जो मुख्यालय के आल्हा चौक, तहसील चौराहा, कोतवाली, मुख्य बाजार से ऊदल चौक होते हुये नरसिंह कुटी, रोडवजे, कचहरी होते हुये हमीरपुर चुंगी राहुल ढावा के सामने कथा स्थल पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। कथा के आगे आगे भक्तगण ध्वजा लहराते हुये चल रहे थे। कलश यहां जैसे ही मुख्यालय के ऊदल चौक पहुंची वहां प्रेस क्लब अध्यक्ष संजय मिश्रा के साथ पत्रकार साथियों व दुकानदारों ने कलश यात्रा में शामिल भक्त गणों पर पुष्प वर्षा कर महाराज जी को फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान पत्रकार आशीष अवस्थी, उमाशंकर कुशवाहा, बाबूलाल कुशवाहा, हरीशंकर कुशवाहा, जीतेन्द्र सोनी एड., शिवम, मनोज सोनी, अनुज कुशवाहा, गौरव चौरसिया आदि ने महाराज जी को फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। कथा स्थल पर मेदवारा रानीपुर से पधारे पंडित ऋषिकृष्ण शास्त्री महाराज जी द्वारा वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ पूजन कराया गया। इसके बाद कथा वाचक पंडित ऋषिकृष्ण शास्त्री महाराज जी द्वारा कथा का शुभारम्भ किया गया।

## किसानों से सस्ती मूंगफली खरीद व्यापारी ले रहे एमएसपी का लाभ

▸ जिला पंचायत सदस्य की वायरल वीडियो का चरखारी विधायक ने लिया संज्ञान, कहा- जांच कराई जाएगी

चरखारी(महोबा), समृद्धि न्यूज़।



जिले की विकासखंड चरखारी के ग्राम गौरहरी में मूंगफली खरीद केन्द्र में व्यापारियों की मूंगफली खरीदे जाने के आरोप के साथ जिला पंचायत सदस्य मनोज राजपूत ने जमकर हंगामा किया तथा जनप्रतिनिधियों से हो रही खरीद की जांच कराने की मांग की है। साथ ही उन्होंने केन्द्रीय मण्डी में भी व्यापारियो के मूंगफली से लदे खड़े वाहनों को भी व्यापारियों का वाहन बताते हुए खरीद केन्द्रों की मिलीभगत का आरोप लगाया है।

किसान की मूंगफली अक्टूबर में तैयार हो गयी और अधिकांश छोटे किसानों ने अक्टूबर में ही मूंगफली की फसल को 4200 से 4500 रूपया के रेट पर बेंच दी। फसल तैयार होने के दो माह बाद सरकार द्वारा मूंगफली की खरीद शुरू की गयी है जिसमें मूंगफली का एमएसपी 6,783 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित करते हुए खरीद प्रारम्भ हुई है। गौरहरी स्थित मण्डी में खरीद केन्द्र पर ऐसे ही व्यापारियों के खड़े वाहनों को देख ग्रामीणों के साथ जिला पंचायत सदस्य मनोज राजपूत ने आपत्ति दर्ज की है तथा अपने आक्रोश को शोसल मीडिया पर प्रसारित करते हुए जनप्रतिनिधियों से हस्तक्षेप करने की मांग की है। श्री राजपूत ने मौके पर खड़े वाहनों में व्यापारियों एवं किसानों की फसल को दिखाते हुए कहा कि किसानों की फसल पाखरी' रंग बिरंगी बोरियों' आदि में आता है जबकि व्यापारियों का माल एक ही तरह के काले बोरों और हर बोरे की निर्धारित तौल के साथ आए हैं लेकिन खरीद के लिए जिम्मेदार जानते हुए भी व्यापारियों का सहयोग कर रहे हैं और उनका माल खरीद रहे हैं।

प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए चरखारी विधायक डॉ. बृजभूषण राजपूत ने जैसे ही कड़ा रुख अपनाते हुए अधिकारियों को अवगत कराया वैसे ही व्यापारियों के कान भी खड़े हो गए और कुछ ही देर में व्यापारियों के ट्रेक्टर मौके से भागते भी देखे गए।

# जलजीवन मिशन की टंकी निर्माण में भारी अनियमितता उजागर

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी बाउंड्री वाल निर्माण कार्य में अनियमितता बरतने का मामला प्रकाश में आया है।भाकियू राष्ट्रीयता वादी के पदाधिकारियों ने मामले की शिकायत अधिशासी अभियंता से की है ।मामला विकास खंड हैदरगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत ओहरामऊ का है। यहां पर जलजीवन मिशन के तहत पानी टंकी चाहरीदीवार का निर्माण कराया जा रहा है जिसमें ठेकेदार द्वारा अनियमितता बरती जा रही है। मानक को दरकिनार कर खुलेआम दोयम दर्जे की ईंट से घटिया मसाले से निर्माण कराया जा था । तभी ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी के प्रदेश महामंत्री प्रवीण सिंह , जिला अध्यक्ष विधिचंद यादव, जिला उपाध्यक्ष अनुराग शुक्ल , आशीष यादव ने देखा कि निर्माण कार्य में ठेकदार द्वारा जमकर अनियमितता बरती जा रही आरोप है कि ठेकेदार व विभागीय अधिकारी से मिलीभगत कर दोयम दर्जे की ईंट घटिया मसाले से मरम्मत कार्य करवाया जा रहा था ।जिलाध्यक्ष विधि चंद यादव ने अधिशाषी अभियंता को मामले से अवगत कराया जांच कर कार्यवाही की मांग की है ।जिला अध्यक्ष विधि चंद यादव ने बताया कि ठेकेदार व जेई की मिलीभगत से मानक विहीन तरीके से चाहरी दीवार बनाई गई है जिसके चलते अल्प समय में धराशाई हो गई है दोबारा दोयम दर्ज की ईंट व घटिया मसाले से मरम्मत की जा रही थी अधिशासी अभियंता से मामले की शिकायत की गई उन्होंने कार्यवाही का आश्वाशन दिया है। यदि इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं की गई इसकी शिकायत उच्च अधिकारी से की जाएगी ।अधिशासी अभियंता ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जांच कर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## पैसों के लेनदेन में जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** पैसों की लेनदेन को लेकर फोन पर गंदी गंदी गाली देते हुवे जान से मारने की धमकी देने पर पीड़ित ने की थाने में शिकायत। पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है। विनोद कुमार पुर केशोबकस परसौला अहमदपुर थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी ने शिकायत करते हुये बताया कि फुकरे भाई विनीत अवस्थी पुत्र ओमकार नाथ निवासी ग्राम तुलसीपुर थाना सफदरगंज उपद बाराबंकी से रुपये का लेन देन का विवाद था। उसी के चलते विनीत अवस्थी उनकी पत्नी प्रियंका अवस्थी ने अपने रिस्तेदार रितेश अवश्थी पुत्र राजनारायन के मोबाइल नम्बर से रात में करीब 8.00 बजे फोन करके दूसरे के कहने पर गन्दी गन्दी गालिया दी तथा जान से मारने की धमकी दी। जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में अधिवक्ता की मौत परिजनों ने व्यक्त की हत्या की आशंका

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



संदिग्ध परिस्थितियों मे दुर्घटना मे हुई अधिवक्ता की मौत मे मृतक के बड़े भाई ने हत्या का आरोप लगाते हुए थाना मसौली मे नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

शनिवार की देर शाम सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम प्यारेपुर सरैया निवासी 35 वर्षीय अधिवक्ता मनीष कुमार द्विवेदी पुत्र रविंद्र कुमार द्विवेदी मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम मलौली अपनी ससुराल मे एक वैवाहिक कार्यक्रम तेल पूजन मे अपनी बुलेरो गाडी नंबर यूपी 32 पी ई 2580 से गये थे ससुराल मे अपनी पत्नी को छोड़ने के बाद बुलेरो गाडी से मामा की लड़की दीक्षा चतुर्वेदी पुत्री केदारनाथ चतुर्वेदी निवासी ग्राम सराय का स्थान व शौरभ पुत्र महेश निवासी भवानीपुर थाना सफदरगंज के साथ कस्बा सहादतगंज से वापस लौट रहे थे कि मलौली गाँव के निकट हनुमान मंदिर के निकट बुलेरो असुंतलित होकर पलट गयी जिसके नीचे अधिवक्ता दब कर गंभीर रूप से घायल हो गया गाडी मे सवार दीक्षा चतुर्वेदी उसी बुलेरो से घायल अधिवक्ता को जिला अस्पताल ले गयी जहां चिकित्स्कों ने मृत साबित कर दिया। मृतक के भाई ज्ञानेश कुमार द्विवेदी ने मसौली पुलिस ने तहरीर देकर दीक्षा चतुर्वेदी व सौरभ के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कराया है।

प्रभारी निरीक्षक यसकांत सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है जांच की जा रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की जायेगी।

## खबरें एक नजर में

### कच्ची शराब के साथ एक शख्स गिरफ्तार



**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** दस लीटर कच्ची अवैध शराब के साथ जैदपुर पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की है। बताते चले कि मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह सहयोगी पुलिस के जवानों के साथ बलछत के पास से घेरा बंदी कर बृजेश कुमार पुत्र लससू निवासी मकबूलगंज थाना जैदपुर को गिरफ्तार कर कब्जे से दस लीटर कच्ची अवैध शराब बरामद कर आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में कार्यवाही की है।

### बच्चों ने निकाली पल्स पोलियो जागरूकता रैली

**जैपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** दो बूंद दवा, पोलियो हवा ,एक भी बच्चा छूटा सुरक्षा चक्र टूटा, जन्म से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियों की दवा अवश्य पिलाना है, आदि प्रकार के नारे के साथ नगर पंचायत जैदपुर के मोहल्ला अहिरान स्थित मदरसा दारुल उलूम अरफीया के शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने एक जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। रैली में उपस्थित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं द्वारा सिनेमा हॉल बड़ी बाजार अहिरन मिल्लत नगर सहित विभिन्न मार्गो से होते हुए लोगों को पल्स पोलियो से संबंधित जानकारी देकर उन्होंने बच्चों को पोलियो टीकाकरण के महत्व को लेकर लोगों को विस्तार से बात कर जागरूक किया। इस अवसर पर डॉक्टर रिजवान प्रधानाचार्य असलम अंसारी मोहम्मद हसीब सिद्दीकी ताज मोहम्मद सिद्दीकी, मोहम्मद नसीम साहिल मास्टर रमजान मास्टर कलाम सहित सैकड़ो छात्र छात्राएं उपस्थित रहे

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, युवक की दर्दनाक मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** तेज रफ्तार में जा रहे ट्रैक्टर ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी और रौंदते हुए उस पार निकल गई इस दुर्घटना के दौरान युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव की शिनाख्त कर परिजन को सूचित कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया ।जानकारी के मुताबिक सुबेहा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कस्बा सुबेहा हवेली वार्ड निवासी मोनू पुत्र मुस्ताक कस्बा में स्थित सरकारी काशीराम कालोनी आवास में पूरे परिवार के साथ रहता था शनिवार की रात घर से मोटरसाइकिल से काशीराम कालोनी आवास मोटरसाइकिल से जा रहा था तभी पूरे जबर मोड के समीप पहुंचा था कि तभी तेज रफ्तार मे ट्रैक्टर ट्राला ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवक सड़क पर गिर पड़ा पहिया के नीचे उसका सिर आ जाने से कुचलकर घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार यादव ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है परिजन की तहरीर पर चालक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। वहीं इस घटना के बाद से घर में कोहराम मच गया है और परिजन का रो रोकर बुरा हाल है।

### एसडीएम ने गौशाला में औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की परखी हकीकत

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यजू।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर रविवार को उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने घूम-घूम कर वावई गांव की गौशाला का औचक निरीक्षण करके व्यवस्थाओ का जायजा लिया। परिसर में साफपानी उपलब्ध कराने तथा स्वच्छता बनाए रखने के लिये निर्देश दिए। जिला प्रशासन के निर्देशन पर उप जिलाधिकारी महेवा बिकास खंड के ग्राम मगरौल में दोपहर को औचक बाबई में पहुच कर गौशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने गौशाला में भूसे का स्टॉक व रखरखाव देखा। परिसर में मौजूद गायों को अभिलेख से मिलान किया। पानी तथा प्रकाश व्यवस्था का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ड्यूटी में मौजूद कर्मियों को निर्देश दिए कि परिसर में सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। टंकी को रोज साफकरके शुद्ध पानी भरा जाये। एसडीएम ने गौशाला में निरीक्षण के दौरान एसडीएम के समक्ष केयर टेकर तथा कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

### आरटीओ से ट्रक को जबरन छुड़ाने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

- शासकीय कार्य में बाधा डालने, जान से मारने की धमकी देने में मुकदमा दर्ज

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** परिवहन आयुक्त के निर्देश पर एआरटीओ प्रवर्तन राजेश कुमार वर्मा अजीतमल थाना क्षेत्र स्थित इमिलिया फ्लाई ओवर के सर्विस लैंड पर चैकिंग अभियान चला रहे थे। इसी दौरान एक ट्रक नंबर यूपी 75 बीटी 7898 को ओवरलोड होने पर रोका। उसी समय एक कार पर सवार आदेश कुमार निवासी शेरपुर बकेवर रसूलपुर जिला इटावा ने अपने को ट्रक मालिक बताते हुए चालान ट्रक को थाने जाने से रुकवा दिया। इसी बीच सोनू ठाकुर निवासी पिपरौंधा कालपी के कहने पर आदेश कुमार एवं अन्य लोगों ने ट्रक चालक, क्लीनर को ट्रक भगा कर ले जाने को कहा। जब हमारे हमराह व चालक आदित्य कुमार ने रोकने का प्रयास किया तो सोनू ठाकुर, आदेश कुमार एवं अन्य लोगों ने हमारे साथ एवं हमारे हमराह जितेंद्र सिंह, आदित्य कुमार के साथ जान से मारने की धमकी देते हुए ट्रक को भगा ले गए। उसकी सूचना थाना अजीतमल में दर्ज कराई गई है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सोनू ठाकुर निवासी पिपरौंधा को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की विधिक कार्रवाई अमल में लायी जा रही है।

# प्रमुख सचिव ने रामशरण के फॉर्म हाउस का किया निरीक्षण



**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

पूरा मामला हरख ब्लॉक के दौलतपुर गांव का है जहां पर आज लगभग 12:00 बजे प्रमुख सचिव कृषि उत्तर प्रदेश सरकार रविंद्र ने प्रगतिशील किसान व पद्मश्री रामशरन वर्मा के फॉर्म हाउस का औचक निरीक्षण किया एवं रामसरन वर्मा से विभिन्न फसलों के बारे में जानकारी दी जिसमें केला टमाटर आलू शिमला मिर्च आदि की हाईटेक तकनीक से की जाने वाली कृषि के बारे में बताया फार्म में खड़े 56 इंच की बुवाई करने वाले ट्रैक्टर की तकनीकी के बारे में भी प्रमुख सचिव ने रामशरण वर्मा से जानकारी हासिल की इस मौके पर उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# शिक्षक मनीराम वरदान के निधन से समाज की अपूर्णीय क्षति : रत्नेश

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



बेसिक शिक्षा विभाग में बतौर सहायक अध्यापक शिक्षक की भूमिका के साथ ही ब्लॉक संसाधन केंद्र समन्वयक के रूप में शिक्षकों का मार्गदर्शन करने और सामाजिक कार्यक्रमों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने वाले शिक्षक मनीराम वरदान का बीते शनिवार की सुबह हुए निधन से शोक की लहर दौड़ गई।

शिक्षक के निधन की खबर से सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षकों ने शोक संवेदना प्रकट करने उनके निवास सिरौलीगौसपुर के ग्राम दरवेशपुर में भारी संख्या में लोग अंत्येष्टि में पहुंचे और शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। डॉ भीमराव अंबेडकर मेमोरियल सेवा समिति/पार्क -स्मारक अनुरक्षण समिति के पदाधिकारियों ने डॉ अम्बेडकर चौराहा स्थित अम्बेडकर पार्क में शोक सभा कर श्रद्धांजलि अर्पित की। समिति के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने शिक्षक स्व मनीराम वरदान के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्व मनीराम स्वयं में एक संस्था थे, उनके सामाजिक योगदान को भुलाया नही जा सकता है। श्री कुमार ने कहा कि डॉ आंबेडकर पार्क में बाबा साहब की जन सहयोग से भव्य प्रतिमा स्थापना में स्व मनीराम जी का योगदान है, जब प्रतिमा जयपुर से ट्रक से लाई गई और ट्रक का भाड़ा देने के लिए पैसे नही थे तो मनीराम जी ने ट्रक का भाड़ा अदा करने में योगदान किया है, आज उनके योगदान को हम सभी याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। समिति के महासचिव राम औतार ने कहा कि स्व मनीराम जी के असामयिक निधन से समाज की अपूरणीय क्षति हुई है।

गौरतलब है कि मनीराम जी का तीन दिसम्बर को अचानक स्वास्थ्य खराब हुआ, ब्रेन हेमरेज के कारण लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया जहाँ इलाज के दौरान 7 दिसम्बर की सुबह 9 बजे अंतिम सांस ली।

श्रद्धांजलि सभा मे समिति के उपाध्यक्ष अमरेश बहादुर, पदाधिकारी महेन्द्र प्रताप, रमेश चौधरी, भारतीय बौद्ध महासभा के अध्यक्ष सुन्दरलाल भारती, संत लाल, सुग्रीव चंद्र, मुलायम सिंह, राम पाल, राम कुमार, देवेंद्र प्रताप, राकेश कुमार कौल, रामानंद रावत, रामपाल रावत, शिक्षक नेता आशुतोष कुमार ,देवेंद्र नाथ , हंस राज, मंशा राम ,सुनील कुमार, सफीक अहमद तमाम लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# दो बाइकों की भिड़ंत में दो लोगों की दर्दनाक मौत

**बेलहरा-बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

दो बाईकों की आमने-सामने हुई टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घायल युवक को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र अंतर्गत रंजीतपुर सोनहरा मोड पर शनिवार की देर रात इसी थाना क्षेत्र रंजीतपुर गांव निवासी बाइक सवार 45 वर्षीय उमाकांत सिंह पुत्र अमरपाल सिंह और फतेहपुर थाना क्षेत्र के अल्लापुर रानीमऊ गांव निवासी (55) वर्षीय राजेश कुमार पुत्र रामजीलाल व अंकित पुत्र रामनारायण की बाईकें आमने-सामने टकरा गई जिससे सड़क किनारे गिर



कर तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगंज भेजा गया जहां मौजूद चिकित्सकों ने उमाकांत सिंह व राजेश कुमार को मृत घोषित कर दिया।

वही अंकित की हालत को नाजुक बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पर पहुंचे पीड़ित परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेते हुए पीएम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि राजेश व अंकित बिंदोरा घरथरिया गांव में आयोजित एक सगाई के कार्यक्रम में शामिल होने गए थे जहां से देर रात दोनों एक ही बाइक पर सवार होकर घर वापस लौट रहे थे कि रास्ते में सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजने के साथ दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए उचित कार्रवाई की जा रही है।

### डीसीएम-ट्रक की आमने-सामने टक्कर में दोनों के उड़े परखच्चे

फतेहपुर बाराबंकी रविवार को फतेहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत फतेहपुर रामनगर रोड स्थित धौंसर चौराहे पर सीतापुर से आलू लेकर जा रही डीसीएम व सामने से आ रही ट्रक की आमने सामने से भिडंत हो गई टक्कर से दोनों गाडियां क्षतिग्रस्त हो गई प्राप्त जानकारी के अनुसार डी सी एमP 43- T- 6970 व सामने से बालू लदी आ रही ट्रक संख्या UP41-AT-7086 ओवर टेक करने के चक्कर में आमने-सामने से दोनों में जोरदार भिड़ंत हो गई। जिससे दोनों गाड़ियां बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही की किसी को कोई चोटें नहीं आई दुर्घटना के चलते घंटो आवागमन बाधित रहा। घटना के बाद दोनों गाड़ियों के ड्राइवर मौके से तुरन्त भाग खड़े हुए वहीं स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची फतेहपुर पुलिस ने क्रेन के माध्यम से दोनों गाड़ियों को सड़क से किनारे करवा कर आवागमन को सुचारू रूप से चालू कराया। डीसीएम में लदी आलू की बोरियां एक्सीडेंट मे फट गई जिससे आलू सड़क पर बिखर गया जिसमे आलू व्यापारी के नुकसान होने की भारी आशंका जताई जा रही है। कोतवाल डीके सिंह ने बताया कि ट्रक और डीसीएम की आमने-सामने की टक्कर हुई है गाड़ियों को किनारे कर आवागमन को सुचारू रूप से चालू कर दिया गया है और मामले में उचित कार्रवाई की जा रही है वहीं घटना में किसी को कोई चोट नहीं आई है।

# अपना स्कूल में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस



**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

शहर की मलिन बस्ती जयसिंहपुर वार्ड में वंचित वर्ग के बच्चों के लिए समर्पित निशुल्क अपना स्कूल में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया।अपना स्कूल के संचालक खाकी वाले गुरूजी उपनिरीक्षक रणजीत यादव ने बताया कि आज अपना स्कूल के बच्चों के बीच दौड़ प्रतियोगिता,मोमबत्ती के साथ पैदल चाल प्रतियोगिता,सिर पर मिट्टी के दिए रखकर पैदल चाल प्रतियोगिता आयोजित की गई। विजेता हुए प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को उपहार स्वरूप ड्राइंग बॉक्स,वॉटर कलर,साबुन,कॉपी, पेन इत्यादि प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।उपस्थित सभी बच्चों को बिस्कुट और चॉकलेट प्रदान किया गया।इस अवसर पर कृषि विभाग में नियुक्त अपना स्कूल के सहयोगी विनय कुशवाहा व स्थानीय नागरिक शीशम मौजूद रहे।

# पोलियो की दवा पिलाने का अभियान शुरू

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरौलीगौसपुर सहित 80 बुथों पर बच्चों को रविवार को पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत की गई।जिसमे 8577 बच्चों को दवाई पिलाई गई। सीएचसी परिसर में बनाये गए केंद्र पर सीएचसी अधीक्षक डॉ सन्तोष सिंह ने नौनिहालों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आशा बहु सुमन ,आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रतिमा यादव , चंद्रेश, सहित कई स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक डॉ सन्तोष सिंह ने बताया कि दिए 0 से 5 वर्ष तक की उम्र का कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक वंचित नहीं रहेगा। रविवार से पल्स पोलियो अभियान शुरु किया गया। इसकी शुरुआत नौनिहालों को दवा पिलाकर की। उन्होंने बताया कि पहले दिन बूथ पर पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी, वहीं आगामी दो दिन सोमवार व मंगलवार को टीमें घर-घर जाकर वंचित बच्चों को दवा पिलाएंगी। शत प्रतिशत दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। पोलियो बूथ बनाने के साथ ही विभिन्न टीमों का गठन किया गया है। इस संबंध में सीएससी अधीक्षक डॉक्टर संतोष सिंह ने बताया कि ब्लाक क्षेत्र में 80 बूथ बनाए गए हैं। जिनमें आशाबहू आंगनबाड़ी कार्यकत्री एएनएम स्वास्थ्य कर्मी लगाए गए हैं। जो की बुथों पर जीरो से 5 वर्ष तक के बच्चों का पोलियो ड्राप पिला रहे हैं।

# नौ को होगी श्रीराम विवाह बारात की वापसी, साकेत से शुरू होगा स्वागत

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

बीती 26 नवंबर को भगवान श्रीराम की अयोध्या से जनकपुर नेपाल राष्ट्र को रवाना हुई विवाह बारात यात्रा,छह दिसंबर पंचमी तिथि के दिन जनकपुर नेपाल पहुंच गई और वहां प्रभु श्रीराम और माता सीता के परिणय सूत्र बंधन में धार्मिक परंपराओं का पालन कर उन्हें एक सूत्र में बांधा गया।इसमें श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय राजा दशरथ की भूमिका में रहे।बारात में राजेंद्र सिंह पंकज समेत अयोध्या महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी समेत करीब पांच सौ बाराती सम्मिलित हुए थे।



श्रीराम जानकी सहित तीनो भाईयों को लेकर बारात की पुनः वापसी अयोध्या धाम में आगामी नौ तारीख की देर रात्रि हो रही है।दस दिसंबर की दोपहर बारात का स्वागत साकेत महाविद्यालय पर धूमधाम से किया जाएगा जिसके बाद यह बारात भव्य शोभायात्रा के साथ साकेत महाविद्यालय से राम पथ मार्ग होते हुए कारसेवक पुरम को जाएगी।

बारात का स्वागत बीच बीच में होता रहेगा।इस विवाह महोत्सव का आयोजन सीता राम विवाह यात्रा मोहत्सव आयोजन समिति के द्वारा किया जा रहा है जिसके संयोजक केंद्रीय मंत्री विश्व हिंदू परिषद राजेंद्र सिंह पंकज है।दस दिसंबर को बारात की शोभायात्रा और स्वागत की तैयारी तेजी पर है,जिसकी जिम्मेदारी बजरंग दल के पूर्व संयोजक महेश मिश्र ने संभाल रखी है।वह लगातार संतों, धर्माचार्यों तथा रामभक्तों से संपर्क कर जनमानस से आग्रह कर रहे हैं कि इस कार्यक्रम में यहां के स्थानीय लोग सम्मिलित हो और वापसी विवाह महोत्सव का आनंद ले।

बारात वापसी की शोभा यात्रा को स्मरणीय बनाने में नगर के युवा महिला और संतों की टीम लगातार सक्रिय हैं जिसमें सांसक सिंह विद्यार्थी, शिवम मिश्रा,शेखर गुप्ता, महंत दिनेश दास,अजय दास, प्रमोद गौड़ अंशुल चौरसिया,नरेंद्र तिवारी नागराज, गुड़िया तिवारी मीरा तिवारी, कलावती मिश्रा, दिलीप यादव आदि अपने दायित्वों का निर्वाह कर रहे हैं।

# गीडा क्षेत्र के अमटौरा में हुए गोली कांड में मचा सियासी घमासान

- मीडिया लिखे वाहन से पुलिस को चकमा देकर पीड़ित से मिलने में असमर्थ हुए कांग्रेसी
- कांग्रेसी नेता श्रवण पाण्डेय को पीड़ित के घर से महज 200मी. पहले पुलिस ने रोककर बैरंग लौटाया
- पीड़ित से मिलने जा रहा बसपा प्रतिनिधि मण्डल को भी पुलिस ने वापस लौटाया
- पुलिस ने सभी दलों को पीड़ितों से मिलने का आदेश नहीं होने का दिया हवाला

**सहजनवा गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**

गीडा थाना के बहुचर्चित अमटौरा गांव के शिवधनी हत्याकांड में राजनीतिक सरगर्मी रोकने को सुरक्षा में लगी कई थाने की फोर्स जिसने अमटौरा गांव जाने वाली मार्ग पर जगह-जगह हर रास्ते पर बैरिकेडिंग कर दी थी। जिससे कोई भी जनप्रतिनिधि पीड़ित परिवार से ना मिल सके। प्रशासन का कहना था कि इस इस तरह कि राजनीतिक सरगर्मी



बढ़ने से माहौल को शांति बनाने की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। सुबह से ही पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद थी ।इसी बीच मीडिया लिखे वाहन से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता श्रवण पांडेय अपने कांग्रेस सिपाहियों के साथ पीड़ित के घर से महज 200 मीटर पहले ने पुलिस ने रोक लिया और बैरंग लौट गए। कांग्रेसी नेता श्रवण पांडेय ने कहा कि यह लोकतंत्र की हत्या है। प्रशासन पीड़ित परिवार से मिलने पर रोक रहा है यह नहीं होना चाहिए। यह घटना निंदनीय है। प्रशासन द्वारा पीड़ित परिवार से मिलने ना देना दुखदाई है ।इसकी पूरी रिपोर्ट कांग्रेस नेतृत्व को दी जाएगी। इस प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व श्रवण पांडेय संजय सिंह नगर अध्यक्ष सहजनवां कर रहे थे। साथ ही पिपरौली से अमटौरा जाने वाले मार्ग पर पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे बसपाईयों को भी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए रोक दिया और उन्हें वहां से बैरंग वापस लौटा दिया ।इस अवसर पर बसपा प्रतिनिधि मंडल हरि प्रकाश निषाद, मुख्य जोनल प्रभारी गोरखपुर, बसपा जिलाध्यक्ष ऋषि कपूर सुशील कुमार भारती ,राकेश ,नीरज, परमेश्वर छोटू सहारा ,राममिलन, राम गती निषाद ,प्रेमसागर निषाद, सर्वेद्रु कुमार, जितेंद्र यादव सहित दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।।

# बच्चों को पोलियो दवा पिलाने में कतई न बरतें लापरवाही : डीएम

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

रविवार को जिलाधकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जिला महिला अस्पताल में पल्स पोलियो बूथ दिवस का शुभारंभ पोलियो की ड्राप पिलाकर किया। जिलाधिकारी ने कहा कि दिव्यांगता से बच्चों को बचाने के लिए पोलियो की दवा पिलाना जरूरी है। पोलियो की बीमारी जन्म के समय और जन्म के बाद भी हो सकती है, इसलिए दवा पिलाने में लापरवाही न बरते। जो भी टीमें दवा पिलाने आए, उनका सहयोग करते हुए दवा पिलाने का काम करें।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. देवेन्द्र कुमार भिटौरिया ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान के जिले में 1188 बूथ बनाए गए है। जिन पर आज 0 से पांच साल तक के 212747 बच्चों को दवा पिलाई जा रही है। आज दवा



पीने जो बच्चे छूट जाएंगे, उन्हें दवा पिलाने के लिए नौ दिसंबर से 13 दिसंबर 2024 तक 590 टीमें 331802 घरों में घर घर जाकर दवा पिलाने का काम करेगी। घर घर जाने वाली टीमों के पर्यवेक्षण के लिए 190 पर्यवेक्षकों को लगाया गया है। उन्होंने बताया कि 16 दिसंबर को घर घर भ्रमण के बाद गांव के बाहर या बीमार बच्चे जो दवा पीने से छूट गए है, उन्हें दवा पिलाई जाएगी। इसके अलावा यात्रा करने वाले बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के लिए 41 ट्रांजिट टीमें लगाई गई हैं। उन्होंने बताया कि अभियान की रोजाना शाम को समीक्षा बैठक होगी। अभियान के पर्यवेक्षण के लिए जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं।

# बच्चे को दवा पिलाकर डीएम ने की पोलियो अभियान शुरुआत

- 828 बूथों पर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पिलाई जायेगी पोलियो की दवा


बच्चे को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ करते जिलाधिकारी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** शहर में जिला चिकित्सालय पर जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने नवजात बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि पल्स पोलियो की दवा प्रत्येक बच्चे को पिलायी जाये यदि कोई बच्चा आज बूथ पर नही आता है। तो उसे चिन्हित कर आगामी दूसरे दिन घर-घर जाकर दवा अवश्य पिलायी जाये। उन्होने कहा कि जिस शहरी, ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक आबादी है। वहां के धार्मिक गुरूओं, जनप्रतिनिधियों के माध्यम से पल्स पोलियो की दवा पिलायी जाये। कहा कि पल्स पोलियो अभियान के अन्तर्गत जनपद में स्थापित किये गये 828 बूथों पर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलायी जायेगी। जिसके लिए जनपद में 2 लाख 80 हजार 464 बच्चों को पोलियों की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अतिरिक्त आज से 16 दिसम्बर तक घर- घर जाकर बच्चों को पल्स पोलियों की दवा पिलायी जायेगी। इसके लिये जनपद में कुल 564 टीमों को लगाया गया है। कहा कि भीड़ वाली जगहो पर कैम्प लगाकर पोलियो की दवा पिलायी जाये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ स्वदेश गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ शक्ति बसु, अपर मुख्य चिक्सिाधिकारी डॉ वी के शुक्ला सहित आदि लोग रहे।

# नोटल अफसर ने गौशाला पहुंचकर परखी गोवंशो के लिये व्यवस्थाओं की हकीकत



**समधन, समृद्धि न्यूज।**

शासन के निर्देश पर मौसम के बदलते तेवरों के चलते गोवंशो के लिये उनके दाना पानी हरे चारे व सर्दी से बचाव की व्यवस्थाओं को जमीनी हकीकत परखने के लिये नोटल अफसरों ने निरीक्षण किया गया

क्षेत्र के ग्राम गंगागंज गुरौली में स्थित गोशाला में शनिवार को लखनऊ से आये नोटल अफसर डॉ अरिमर्दन सिंह जनपद के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ वेदवृत कटियार डिप्टी सीवीओ अनिल भास्कर ने शासन के मतानुसार गोवंशो के लिये भूसा हरा चारा व दाना पानी साथ ही सर्दी के मौसम के शुरुआत को लेकर उनके लिये बचाव की गई ग्राम प्रधान व सचिव की ओर से व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया

इस दौरान नोटल अफसर ने गोवंशो के भूसा व दाना को कमरे मे जाकर हकीकत जांची वहीं गोशाला परिसर में खड़े हरे चारे को मौके पर जाकर मुआयना किया गया इसके वाद सर्दीले मौसम को लेकर गोवशो को बचाने के लिये प्रबन्ध की हकीकत परखी गई वाद में अफसरों ने ग्राम प्रधान व सचिव को निर्देश दिये कि गोवशो को कोई दिक्कत न हो इसके लिये और व्यवस्थाओं को चाक चौबंद करने को कहा है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अंजली ठाकुर, सचिव विमल दुबे, डॉ प्रदीप कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

# फसलों में समय पर करें कीटनाशक दवाओं का छिड़काव : शिव सिंह

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**



गोष्ठी में किसानों को जानकारी देते शिव सिंह

किसानों को अपनी फसल में अच्छा उत्पादन लेने के लिये उसमें लगने वाले तमाम प्रकार के संक्रामक रोगों से बचाना होगा तभी लाभ मिल सकता है।

रविवार को क्षेत्र के ग्राम लालपुर में एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें गुरसहायगंज कृषि रक्षा इकाई के प्रभारी शिव सिंह ने जानकारी देते हुए किसानों को बताया कि पहले वहां अपने खेत की मृदा परीक्षण जरुर करायें जिससे यह पता चल सके कि हमारे खेत में कौन से तत्व की कमी है इसके वाद उसी तत्व की भरपाई करके फसल की बुआई करें खेत में लागत एनपीके डीएपी यूरिया अन्य खादों को सन्तुलित ही प्रयोग करें क्योंकि फसल में अधिक पैदावार लेने के लिये मनमाने तरीके से रासायनिक खादों का प्रयोग करने से परहेज़ करें यह भविष्य के लिये घातक सिद्ध होगा

उन्होंने आगे कहा कि सरकार किसानों के उत्थान व विकास के लिये किसान सम्मान निधि योजना के तहत दो हजार रुपये दे रही साथ ही गेहूं अन्य बीजो पर सब्सिडी का लाभ सीधे किसानों को दिया जा रहा है आगे कहा कि फसलों में रोगों के दसतक देने से पहले कीटनाशक दवाओं का समय पर छिड़काव करने से फसल में अच्छा उत्पादन लेकर लाभ ले सकते हो

इस अवसर पर ग्राम प्रधान रामचन्द्र राठौर, किसानों में आनन्द राठौर, रामनरेश, शंखवार, लंकुश सिंह, रामदत्त, किशोरी लाल, वीरेश कुमार, राजवीर सिंह, शानू , रवेन्द्र कुमार, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

# स्वच्छता के पहले नन्हें सिपाही बनें अन्वी, शुलभ व आयशा

- चंचल, रंजना और ललिता चुनी गई जिम्मेदार ग्रहणी

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

स्वच्छ रखने के उद्देश्य से नगर पालिका छिबरामऊ के द्वारा डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन कराया जा रहा है.. नागरिकों की भागीदारी अधिक से अधिक हो जिसके लिए पालिका द्वारा तमाम प्रोत्साहन योजनायें चलाई जा रही है, उसी क्रम में स्थापना उत्सव के दौरान जिलाधिकारी शुभरान्त शुक्ला के द्वारा शुरू की गई स्वच्छता के नन्हें सिपाही योजना का लकी ड्रा चेयरमैन मनोज दुबे के द्वारा निकाला गया।

ऑटोमेटिक स्पिनर प्रणाली के द्वारा निकाले गए लकी ड्रा में सबसे पहले गांधीनगर वार्ड के अन्वी, शुभम और आयशा भाग्यशाली निकलें जिन्हे स्वच्छता के नन्हें सिपाही के रूप में एवं बच्चों की माता क्रमशः चंचल, रंजना, ललिता को जिम्मेदार ग्रहणी के रूप में चयन किया गया। चेयरमैन मनोज दुबे ने बताया कि बच्चे मन के सच्चे होते है उनका कोमल मन व्यवस्थाओ को स्वीकारिता है, अधिशाषी अधिकारी सुनील कुमार सिँह ने बताया कि नगर सेवा ऐप पर नियमानुसार सात दिन तक लगातार कूड़ा वाहन में कचरा ड़ालते हुए फोटो भेजने वाले पात्र नागरिकों को मासिक लकी ड्रा स्कीम शामिल किया जा रहा है उन्होंने बताया कि प्रत्येक प्रतिभागी का पुरस्कार निश्चित है विजेताओं के अलावा शेष पात्र नागरिकों का नाम अगले माह के लकी ड्रा हेतु स्वतः ट्रांसफर हो जायेग। पंजीकरण किसी भी नाम से हो सकता लेकिन सम्मान के लिए बच्चे एवं घर महिला पात्र मानी जायेगी। शीघ्र ही नगर पालिका प्रशासन चेयरमैन और वार्ड सभासद के साथ विजेताओं के घर जाकर उन्हें सम्मानित करेंगे। इसके अलावा संबधित कूड़ा वाहन संचालक को भी पुरस्कृत किया जायेगा। तकनीकी सलाहकर गौरव त्रिपाठी अमर ने जानकारी दी कि नगर पालिका का स्टोरेज सर्वर चौबीस घण्टे खुला रहता है जिस पर कभी भी सेल्फी या फोटो को अपलोड किया जा सकता है।

# हसेरन में चोरों का धावा, लाखों का माल लेकर हुए चंपत


खेतों में पड़ी ज्वैलर्स की दुकान से चोरी हुई अलमारी को देखती पुलिस

- हसेरन कस्बे में एक साथ दो दुकानों से आभूषण, नगदी व कीमती सामान चुरा ले गए चोर
- हसेरन चैकी पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

हसेरन-बिधूना मार्ग पर एक महाविद्यालय के निकट शनिवार की रात अज्ञात चोरो ने एक सर्राफा व्यवसायी, आटा चक्की तथा एक गोदाम की दुकानों के शट्र तोड़कर लाखों का सामान चुरा ले गए। रविवार की सुबह एक साथ हुई चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में हड़कम्प मच गया। सूचना पर दुकानदार व हसेरन चैकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। हसेरन के मुटेकापुर्वा गांव निवासी राजीव शाक्य आटा चक्की चलाते है। पास में ही उनके बड़े भाई अवनीश की ज्वैलर्स की दुकान है। शनिवार की देर रात वह दुकान बंद करके अपने गांव चला गया था। देर रात अज्ञात चोरो ने उसकी दुकान का शट्र तोड़कर उसमें घुस गए। गोलक में रखे करीब एक लाख की नगदी व ज्वैलर्स शॉप में मौजूद करीब आठ लाख की कीमत के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। इसके बाद चोरो ने कुछ दूर पर स्थित सुनील गुप्ता के गोदाम का भी ताला तोड़ दिया। गोदाम में रखी तीन बोरी पीतल व अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए। रविवार सुबह जानकारी मिलने पर सभी व्यापारी पुलिस चैकी गए। घटना की जानकारी दी। इसपर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने ज्वैलर्स की दुकान से चोरी की गई अलमारी को बरामद कर लिया है।

# पुलिस अधीक्षक ने 17 पुलिस कर्मियों के बदले कार्यक्षेत्र


एसपी अमित कुमार आंनद

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** जनपद में कानून व्यवस्था को चुस्त- दुरूस्त रखने के लिए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने 17 पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र बदल दिए है। जिसमें तीन निरीक्षक, आठ उप निरीक्षकों, दो आरक्षी, एक मुख्य आरक्षी, दो आरक्षी चालक और एक महिला आरक्षी का कार्यक्षेत्र बदल दिया। उन्हें तत्काल कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दिया है। एसपी ने जारी आदेश में साईबर थाने में तैनात निरीक्षक जयंती प्रसाद गंगवार को प्रभारी साईबर थाना, निरीक्षक नरेंद्र सिंह को प्रभारी साईबर थाना से पुलिस लाइन, निरीक्षक विष्णुकांत तिवारी को साईबर थाना से अतिरिक्त निरीक्षक थाना गुरसहायगंज, वेदप्रकाश को थाना तिर्वा से चौकी कस्वा छिबरामऊ, राममनोज द्विवेदी को चौकी इंचार्ज कस्वा छिबरामऊ से चौकी सौशैया, दयाशंकर पांडेय को चौकी इंचार्ज सौशैया से चौकी सौरिख, दिनेश कुमार सिंह को पुलिस लाइन से थाना इंदरगढ़, दीपक चंद्र को थाना तालग्राम से चौकी इंचार्ज बहबलपुर, ब्रजपाल सिंह को चौकी इंचार्ज बहबलपुर से चौकी नादेमऊ, राजकुमार गौतम को चौकी इंचार्ज नादेमऊ से चौकी भावलपुर, उमेश चंद्र को चौकी इंचार्ज भावलपुर से थाना सौरिख, तेज सिंह को पुलिस लाइन से परिवहन शाखा, अनुज कुमार को पुलिस लाइन से चालक थाना तालग्राम, सतेंद्र कुमार को चालक थाना तालग्राम से थाना ठठिया, उमाशंकर को चालक थाना ठठिया से परिवहन शाखा, कामिनी देवी को पुलिस लाइन से आशा ज्योति केंद्र भेजा गया है।

## खबरें एक नजर में

### दंपति को मारपीट कर दी धमकी, रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** किसी विवाद को लेकर परिवार के ही लोगों ने महिला के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया तथा बीच बचाव में आए उसके पति से भी मारपीट की। साथ ही जान से मार देने की धमकी भी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम मुर्रा निवासिनी सोमवती पत्नी राजेश ने कोतवाली में दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि बीते शनिवार की शाम करीब 08 बजे उसके परिवार के ही विद्यासागर, धीरेंद्र, आशीष, सीमा देवी ने उसके दरवाजे पर आए और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर लातघुसों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा बीच बचाव में आए उसके पति राजेश से भी मारपीट की। जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### उधारी मांगने पर महिला से की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** दवा के नाम पर दिए गए पैसे को जब पीड़िता ने वापस मांगा, तो युवक ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर लातघूसों से मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम डुंडवा बुजुर्ग निवासिनी मेंजबिन बेगम पत्नी मो.राशिद ने कोतवाली में दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि कुछ महीने पहले उसने दवा के नाम पर 01 लाख 50 हजार रूपये एक व्यक्ति को दिए थे। रविवार को सुबह करीब 09 बजे जब उसने अपना पैसा वापस मांगा। तो युवक ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जाच शुरू कर दी है।

### भाभी को मारपीट कर किया घायल, दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** देवर ने बेवजह भाभी से गाली गलौज की और विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के जयसिंहपुरवा निवासिनी देवेंद्री देवी पत्नी सुभाष चंद्र ने कोतवाली में दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि रविवार की सुबह करीब 10 बजे उसके देवर ने बेवजह उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### फ्री मेडिकल कैम्प का 112 मरीजों ने उठाया लाभ

**छिबरामऊ, समृद्धि न्यूज।** रविवार को फातहे बिलग्राम मिशन की जानिब से नगर में फ्री मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया । कैम्प का आयोजन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक मोहल्ला ऊंचा नई बस्ती पानी की टंकी बारात घर रोड पर किया गया । कैम्प में कानपुर से डॉक्टर वसीम खान एमबीबीएस पेट व छाती क्षय रोग, चरम रोग विशेषज्ञ, डा॰ शायना परवीन स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ के द्वारा मरीजों को देखा गया । आले रसूल हजरत सैय्यद अनस हुसैन वास्ती की सरपरस्ती में कमेटी कैम्प को अंजाम दे रही है। हजरत ने जरूरतमंदों से कैम्प में मरीजों को लाने की गुजरिश की थी। जिसमें करीब 112 मरीजो को देखा गया जिसमें मरीजों को देखकर उनकी मर्ज के हिसाब से दवाई दी गई।इस दौरान आमिर रज़ा,शोयब खान,फैसल खान, जाहिद चिश्ती,अमन खान,शहजाद खान, शादाब खान वगैरह कई कमेटी के लोग मौजूद रहे।

### पाक्सो एक्ट में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** पाक्सो एक्ट में वांछित चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कर जेल भेज दिया। थाना ठठिया पर पाक्सो एक्ट में पंजीकृत मुकदमें में वांछित चल रहे अभियुक्त को थाना प्रभारी कुलवीर सिह के नेतृत्व में पुलिस ने दुर्वेश यादव पुत्र जागन सिंह यादव निवासी ग्राम बैरपुर मानपुर थाना सहसवान- बदायूँ को ग्राम भगतपुर्वा जाने वाली रोड़ के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।


आरोपी दुर्वेश यादव

# महिला को मारपीट कर घायल करने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** ससुरालियों ने बेवजह महिला से गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम निजामपुर निवासिनी पूनम देवी पत्नी स्वर्गीय असपेंद्र उर्फ रिंकू ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट मे कहा है कि 06 दिसंबर की शाम करीब 07 बजे परिवार के ही प्रमोद, सुरेंद्र, सास मंजू देवी, ननद रीमा देवी ने उसके साथ बेवजह गाली गलौच शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कोतवाली पुलिस ने छह वारंटियों को पकड़ा


पुलिस हिरासत में मौजूद वारंटी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

उच्चाधिकारियों के निर्देशन में कोतवाली पुलिस ने वारंटियों के खिलाफ धरपकड़ अभियान चलाया। जिसमे पुलिस ने 06 वारंटियों को पकड़ कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। रविवार को कोतवाली प्रभारी आलोक कुमार दुबे ने बताया कि कन्नौज न्यायालय में गैरहाजिर चल रहे लोगों के विरूद्ध न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। जिसके आधार पर पुलिस ने विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे रवि पुत्र खुमान निवासी ग्राम बरगांवा, हसरूद्दीन पुत्र मजीद निवासी मोहल्ला गांधी नगर, धर्मेन्द्र कुमार पुत्र मिडईलाल निवासी ग्राम रसूलपुर, सिपाही लाल पुत्र शिव दीन व मेघनाद पुत्र मुंशीलाल निवासी ग्राम बदलेपुर्वा, विश्राम उर्फ पतन्ना पुत्र पतिराम जाटव निवासी सौसरापुर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# मार्ग दुर्घटना में घायल चाचा की मौत, दो घायल

- पुलिस ने पंचनामा भरकर कराया पोस्टमार्टम

**गुरसहायगंज, कन्नौज।**

शादी समारोह में शामिल होने जा रहे युवक की मोटरसाईकल में सामने से अनियंत्रित गति से चली आ रही बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मोटरसाइकिल सवार चाचा व भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसके बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालत चिंताजनक देखते हुए उन्हें कानपुर रेफर किया गया। लेकिन कानपुर पहुंचने से पहले ही रास्ते में उनकी मृत्यु हो गई। इससे परिजनों में चीख पुकार मच गई।


मृतक गौतम

शनिवार को जनपद मैनपुरी के थाना बेबर के ग्राम मुड़ई निवासी अनुज कुमार पुत्र शेर सिंह राजपूत ने का कहना है कि 07 दिसंबर की रात्रि करीब 06 बजे वह अपने चाचा गौतम पुत्र उधल सिंह (40) व भतीजे हर्षित (06) के साथ ब्लॉक गुगरापुर के ग्राम भवानीपुर स्थित रिश्तेदारी में शादी में शामिल होने जा रहा था। तभी सराय प्रयाग हाईवे कट के पास सामने से तेजी व अनियंत्रित गति से आ रही बाइक ने उसकी मोटरसाईकल में जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे वह तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में घायलों को स्थानीय लोगों ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सक ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं चिक्तित्स्क ने घायल गौतम की हालत चिंताजनक होने पर उन्हें कानपुर के लिए भेज दिया। कानपुर ले जाते समय शिवराजपुर के पास युवक की मौत हो गई है। इससे परिजनों में चीख पुकार मच गई। परिजनों ने बताया कि मृतक मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता था। उसकी छह बेटियां है।



## कार्यालय नगर पंचायत, कमालगंज, जनपद फर्रुखाबाद।

पत्रांकः 985 /न.पं.क./ 2024-25/15वें0वि0आ0-नि.नि./अ.नि.सू./कमालगंज — दिनांक 06/12/2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

विभिन्न सरकारी विभागों में पंजीकृत निविदादाताओं को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कमालगंज में 15वें वित्त आयोग (टाइड/अनटाइड ग्राण्ट) प्रथम द्वितीय किस्त से प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय, फर्रुखाबाद से स्वीकृत परियोजना दिनांक 15.10.2024 के अनुपालन में कराये जाने वाले निर्माण/अधिष्ठापन कार्यों को करने हेतु सीलबन्द निविदायें अधोलिखित कार्यों हेतु दिनांक 30.12.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत, कमालगंज पर टेण्डर बाक्स में डाली जा सकती है। निविदा प्रपत्रों की बिक्री दिनांक 28.12.2024 तक कार्यालय समय में नकद भुगतान पर की जायेगी। निविदायें वैध ठेकदारों/फर्मो/संस्थाओं के समक्ष दिनांक 30.12.2024 को ही अपरान्ह 04: 00 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा/समक्ष खोली जायेगी। निविदादाता द्वारा 10 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी जमा करना अनिवार्य होगा। अन्य नियम एवं शर्ते कार्यालय दिवसों के कार्य के घण्टों में किसी भी दिन देखी जा सकती है। नियत तिथि एवं समय के उपरान्त आयीं निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जावेगा और वह निरस्त समझी जावेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आगणन/अनुमानित की धनराशि (जी.एस.टी. सहित) | निविदा मूल्य +18 प्रतिशत जी.एस.टी. सहित | 10 % अनेस्ट मनी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नलकूप सं0 03 के बाहर सेल्फी प्वांट का निर्माण कार्य। | 4.93 लाख रु. | 582 रुपये | 49300.00 | 1 माह |
| 2 | वार्ड प्रताप नगर में विमला देवी कठेरिया के मकान से तेजराम शंखवार के मकान तक सी0सी0 एवं नाली निर्माण। | 0.60 लाख रु. | 71 रुपये | 6000.00 | 1 माह |
| 3 | वार्ड इन्द्रा नगर में साधना शंखवार के मकान से रिंकू वाली गली तक सी0सी0 एवं नाली निर्माण। | 2.17 लाख रु. | 256 रुपये | 21700.00 | 1 माह |
| 4 | वार्ड प्रताप नगर में भगवानदास चाय वाले से मौला वर्फ वाले के मकान तक सी0सी0 एवं नाली निर्माण। | 1.25 लाख रु. | 148 रुपये | 12500.00 | 1 माह |
| 5 | वार्ड इन्द्रा नगर में कन्हैया यादव के घर से श्री कृष्ण कुमार के प्लाट तक सी0सी0 एवं नाली निर्माण। | 0.48 लाख रु. | 57 रुपये | 4800.00 | 1 माह |
| 6 | वार्ड अशोक नगर में श्री रवी वर्मा (डा0 प्रमोद गुप्ता) के घर से श्रीमती रेशमा देवी के घर तक सी0सी0 एवं नाली निर्माण। | 1.20 लाख रु. | 142 रुपये | 12000.00 | 1 माह |
| 7 | वार्ड अम्बेडकर नगर में सोना ठाकुर के घर से मौसम कबाड़ी वाले मकान तक सी0सी0 एवं नाली निर्माण। | 1.64 लाख रु. | 194 रुपये | 16400.00 | 1 माह |
| 8 | कान्हा गौशाला में कच्चे स्थान पर खडंजा बिछवाने, मैन गेट के सामने 10X6 फुट का नवीन गेट एवं शेड न0 1 व 2 में पानी की फिटिंग का कार्य। | 9.49 लाख रु. | 1120 रुपये | 94900.00 | 1 माह |
| 9 | कान्हा गौशाला में सुरक्षा के दृष्टिगत अधिष्ठापन हेतु पी0टी0 जेड हाईपावर कैमरो का क्रयकरण विद् फिटिंग कार्य। | 1.85 लाख रु. | 218 रुपये | 18500.00 | 1 माह |
| 10 | कान्हा गौशाला एवं एम0आर0एफ0 सेण्टर में सोलर चलित लाइटों के अधिष्ठापन का क्रयकरण कार्य। | 4.00 लाख रु. | 472 रुपये | 40000.00 | 1 माह |
| 11 | पिंक महिला सहायता केन्द्र-मैन रोड़ ट्रान्सफार्मर के निकट निर्माण कार्य। | 3.42 लाख रु. | 404 रुपये | 34200.00 | 1 माह |
| 12 | निकाय के समस्त वार्डो में आवश्कतानुसार नालियों पर क्रास जाल/नाली के सन्निकट का निर्माण कार्य। | 5.31 लाख रु. | 627 रुपये | 53100.00 | 1 माह |

**नियम व शर्ते**

1. निविदा/कुटेशन प्रपत्र का मूल्य कभी वापस नहीं किया जावेगा।
2. आगणन की धनराशि का 10% अर्नेस्ट मनी नगद रशीद-एम0ए0सी-5/आर0टी0जी0एस0 ही मान्य होगी।
3. निर्धारित तिथि के उपरान्त न तो निविदा बेंची जावेगी और न ही निविदा/कुटेशन प्राप्त की जावेगी।
4. प्रत्येक कार्य की निविदा/कुटेशन अलग-अलग बन्द व सील लिफाफों में प्रस्तुत करने होगें तथा लिफाफे के ऊपर कार्य की संख्या व नाम अंकित करना होगा।
5. कार्य सन्तोषजनक होने पर अवर अभियन्ता/सहायक अभियन्ता/अधिशाषी अभियन्ता एवं जिला स्तरीय गठित समिति के सत्यापन के उपरान्त ही भुगतान किया जायेगा।
6. निर्माण कार्य का सैम्पल परीक्षण होने के उपरान्त ही अन्तिम भुगतान सम्भव होगा।
7. समस्त निविदादाता धरोहर धनराशि/अर्नेस्ट मनी को नगद रशीद-एम0ए0सी-5 के माध्यम से अथवा नगर कोष खाता संख्या-0733000100356499 आई0एफ0 एस0सी0 कोड़ **PUNB0073300** में पंजाब नेशनल बैंक, शाखा-कमालगंज (फर्रु0) में आर0टी0 जी0एस0 के माध्यम से भी जमा कर, रशीद की मूल प्रति निविदा प्रपत्रों के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। कार्य सन्तोषजनक होने पर नियमानुसार उक्त जमानत धनराशि की वापसी नियत समय सीमा में की जायेगी। चयनित न्यूनतम निविदादाता को निर्धारित समयावधि में नियमानुसार स्वयं के व्यय पर शपथ पत्र प्रस्तुत करते हुये, अनुबन्ध गठित कराना अनिवार्य होगा।
8. नियमानुसार आयकर, जी0एस0टी0 एवं शेष की कटौती बिल से की जावेगी।
9. समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र फर्रुखाबाद होगा।
10. निविदा प्रक्रिया में चयनित न्यूनतम निविदादाता द्वारा प्रस्तावित निर्माण कार्यो के प्रारम्भ, मध्य एवं पूर्ण निर्माण के जी0पी0एस0 फोटो समय-समय पर सम्बन्धित लिपिक को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। तत्पश्चात ही भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।
11. कार्यस्थल का निरीक्षण निविदादाता को टेण्डर लेने के पूर्व करना होगा बाद में किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।
12. किसी भी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
13. हैसियत प्रमाण-पत्र, चरित्र प्रमाण-पत्र जी0एस0टी0 नम्बर, पैनकार्ड, श्रम विभागे पंजीकरण प्रमाण-पत्र जो टेण्डर की दिनांक पर मान्य हो, की स्वाप्रमाणित छायाप्रति अपलोड करना अनिवार्य है। अन्यथा की स्थिति में निरस्त मानी जायेगी।
14. निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्रों के साथ इस आशय का शपथ पत्र रू0 100 का संलग्न करना अनिवार्य होगा, कि उसके द्वारा दर्शायी गई समस्त सूचनायें सत्य है एवं उसकी फर्म ब्लैक लिस्टेड नहीं है।
15. निविदा दाता को प्रत्येक निविदा प्रपत्र के साथ सारी सूचनाये प्रपत्र निर्धारित प्रोफार्मा ($T_4$,$T_5$,$T_6$) जमा करना अनिवार्य होगा।
16. निविदा के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु कार्यालय में निविदा प्रकाशन के उपरान्त निविदा प्रपत्रों की बिक्री की अन्तिम तिथि जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
17. शासनादेश दिनांक 20 सितम्बर 2019 के अनुसार चयनित न्यूनतम निविदादाताओं को टेण्डर प्राप्त होने के उपरान्त नगर पंचायत, कमालगंज में समस्त औपचारिकतायें पूर्ण करते हुये पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
18. उक्त कार्य में गुणवत्ता खराब होने अद्योमानक होने तथा ठेकेदार की लापरवाही एवं तकनीकि त्रुटि के कारण टूट-फूट होती है। तो निर्माण कार्यो की पूर्णता की तिथि से तीन वर्ष के अन्दर उसका रखरखाब सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा किया जायेगा।
19. समस्त निविदादाताओं को नगर विकास विभाग द्वारा निर्गत एस0ओ0पी0 दिनांक 30.06.2021 का अक्षरशः अनुपालन किया जाना अनिवार्य होगा।

**लिपिक** — नगर पंचायत, कमालगंज।
**अधिशासी अधिकारी** — नगर पंचायत, कमालगंज।
**अध्यक्ष** — नगर पंचायत, कमालगंज।

# नेवी-डे पर पूर्व नौ सैनिकों को किया गया सम्मानित

**▸ बच्चों ने देश की शान में की मनोहारी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां**



कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि कर्नल एन. ऋषीकान्ता



कार्यक्रम के दौरान मौजूद पूर्व नौ सैनिक व सैन्य अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नौ सेना दिवस के उपलक्ष्य में पूर्व नौ सैनिकों के सम्मेलन में बच्चों ने मनोहारी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां कर मन मोह लिया। प्रतिभागियों को कर्नल एन. ऋषीकान्ता ने पुरस्कार दिये, तो उनके चेहरे खिल उठे।

नेवी-डे के अवसर पर जिला सैनिक कल्याण परिषद फतेहगढ़ में आयोजित पूर्व नौ सैनिकों के सम्मेलन का मुख्य अतिथि कर्नल एन. ऋषीकान्ता ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि पूर्व नौ सैनिकों ने अपने संस्मरण सुनाये। बच्चों ने सैनिकों के सम्मान में मनोहारी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां कर भाव विभोर कर दिया। तन्या, अनन्या, आकाक्षा दुबे, पलक, प्रियंका यादव, ईसानवी मिश्रा ने नृत्य व काव्य पाठ की मनोहारी प्रस्तुतियां कर समा बांध दिया। प्रतिभागियों को पुरस्कार मिले, तो उनके चेहरे खिल गये। कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों के परिजन भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। पूर्व सैनिक माया प्रकाश शुक्ला व पूर्व लेफ्टीनेंट उदयवीर सिंह ने बताया कि वर्ष 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारत की जीत तथा बांग्लादेश को आजाद कराने में नौ सेना की भूमिका की याद में नेवी-डे मनाया जाता है। पूर्व नौ सैनिकों को कर्नल एन. ऋषीकान्ता ने सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व लेफ्टीनेंट उदयवीर सिंह ने किया। पूर्व कमांडर नवीन कटियार, पूर्व कर्नल राघवेंद्र मिश्रा, रवींद्र सिंह, निखिल मिश्रा, प्रवेश पोखराल एवं सतीश शुक्ला आदि पूर्व नौ सैनिक मौजूद रहे।

# नई प्रजाति का सांप देख किसान खेत से भागे

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**



खेत में मौजूद रसल वाइपर सांप

जहरीला और लंबा सांप देख खेत में काम कर रहे किसान मौके से भाग खड़े हुए। घटना की सूचना वन विभाग को दी गयी। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर सांप को बोरे में बंद कर वन में छोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव नगला नान निवासी राजीव अवस्थी कई लोगों के साथ अपने खेत में गन्ना की छिलाई कर रहे थे। सुबह के समय तेज फुसकार से आवाज आई। आवाज सुन किसानों ने काम को छोड़ सांप की तरफ देखा तो लगभग 6 फीट लंबा सांप देख किसान मौके से भाग खड़े हुए और चीख पुकार मचाई।

मौके पर अन्य खेतों में भी काम कर रहे किसान भागकर मौके पर पहुंचे। सूचना वन विभाग के दरोगा समीर सिंह सेंगर को दी गयी। वन विभाग के बीट प्रभारी सनी यादव और माली मुरारी लाल टीम के साथ मौके पर पहुंचे और सांप को बोरे में बंद कर पकड़कर ले आए। तब किसानों ने राहत की सास ली। वन विभाग के दरोगा समीर सिंह सेंगर ने बताया सांप की प्रजाति रसल वाइपर की है और यह सांप बहुत ही खतरनाक होता है। यह सांप ज्यादातर वन और खेतों में ही पाए जाते हैं। सांप को पकड़वा लिया गया है और वन में छुड़वा दिया गया।

# मूर्ति स्थापना दिवस पर अखण्ड पाठ में उमड़ा आस्था का सैलाब



अखण्ड पाठ करते भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

श्री रामदरबार मूर्ति स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मूर्ति पूजन हवन तथा अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें भक्ति रस की गंगा बही। संगीतमय अखण्ड पाठ की प्रस्तुति में आस्था का सैलाब उमड़ा।

पंडित जितेंद्र प्रकाश मिश्रा, पुरोहित सुखदेव मिश्रा, पंडित ह्रदेश दीक्षित ने विधि विधान से मंत्रोच्चारण के साथ भगवान श्रीराम, जानकी सीता तथा लक्ष्मणजी की मूर्तियों का पूजन कराया। हवन पूजन के साथ रामायण का अखण्ड पाठ शुरु हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया तथा जयकारे लगाये। कार्यक्रम संयोजक पंडित ह्रदेश दीक्षित ने बताया कि अखण्ड पाठ का समापन 9 दिसंबर को श्री हनुमान मंदिर सब्जी मंडी फतेहगढ़ में होगा।

इस मौके पर भण्डारे का आयोजन होगा। कार्यक्रम में विनय सरन सक्सेना, शैलेश दीक्षित, कुलदीप दुबे, निशीत सक्सेना, शशि भूषण दुबे, राकी गुप्ता, राजेश सक्सेना, दीपक शाक्य ने व्यवस्था संभाली।

# पाइप तोड़ने का आरोप लगाकर युवक को पीटा

**बचाने आए परिजनों से भी की मारपीट**

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पाइप तोड़ने का आरोप लगाकर युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। बचाने आए परिजनों को भी मारापीटा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जहांनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नगला जैतपुर निवासी श्रीपाल पुत्र रामचंद्र शाक्य ने थाना जहानगंज में शिकायत कर बताया पीड़ित गांव के ही शिवचरण शाक्य के करौंदे के बाग में रखवाली का काम करता है। दिनांक 26.077.2024 को समय करीब 5.00 के करीब करौंदा तोड़कर आ रहे थे, तभी देवेंद्र पुत्र मलखान सिंह आया और गाली-गलौज करने लगा और कहा कि तेरे मजदूर ने मेरे पाइप को तोड़ दिया है और पाइप दिखाने ले गया। जहां लाठी-डंडों से मारपीट। जब मेरे बच्चे मुझे बचाने आए, तो उनके साथ भी मारपीट की। वहीं पुत्रवधू रजनी देवी पत्नी समीर को भी मारापीटा। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया

# नगर पंचायत की इस्काई लिफ्ट गाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत



मृतक का फाइल फोटो



जांच पड़ताल करती पुलिस

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

धूप सेंक रहे युवक के ऊपर नगर पंचायत की इस्काई लिफ्ट गाड़ी चढ़ गयी। जिससे उसकी मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

जानकारी के अनुसार कम्पिल थाना क्षेत्र के ग्राम माँझगाँव पूर्व निवासी अहमद नवी उम्र 34 वर्षीय पुत्र इस्लाम नवी सर्दी होने के कारण नगर पंचायत गेस्ट हाउस के बाहर बैठकर धूप ले रहा था, तभी पीछे से आ रही नगर पंचायत की इस्काई लिफ्ट गाड़ी उसके ऊपर चढ गई। जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गया। तुरन्त उसको भाजपा नेता महेश राजपूत की चार पहिया एम्बुलेन्स द्वारा कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां डाक्टर अमित कुमार ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही मृतक की पत्नी रेशमा, बेटी निगत, नुजत, अलिया सहित मृतक का भाई अब्दुल नवी, बन्टी, शानू सहित माँ सज्जो का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक शादी समारोह में बैंड बजाने का काम करता था।

बीते लगभग 2 महीने पूर्व मृतक की पत्नी रेशमा अपनी तीन बेटियों को साथ लेकर मयके खटकपुरा फर्रुखाबाद में थी।

# शेखपुर मेले की तैयारियों को लेकर बैठक सम्पन्न



बैठक के दौरान मौजूद कमेटी के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** हजरत शेख मखदूम रहमतुल्लाह अलैहे के 700वें उर्स मखदूम मेला शेखपुर की तैयारियों के संबंध में सज्जादानशीन अजीजुलहक गालिब मियाँ की सरपरस्ती में मेला कमेटी की बैठक हुई।

बैठक में अराकीने कमेटी को उनकी जिम्मेदारियों के बारे में मेला कमेटी के अध्यक्ष भुवन बरतरिया ने विस्तारपूर्वक बताया और व्यवस्थाओं को दृष्टिगत रखते हुए मेले को पांच सेक्टरों में विभाजित किया गया और सभी सेक्टर के जिम्मेदारान को बड़ी मुस्तहदी से अपनी जिम्मदोरी निभाने के लिए कहा गया।

विदित हो कि इस साल 700वां उर्स व मेला 14 दिसंबर से शुरु होकर 21 दिसंबर तक मनाया जायेगा। मेले के मुख्य आयोजन 19 व 20 दिसंबर को होंगे। बैठक में जिला प्रशासन के निर्देशानुसार अराकीने कमेटी को एक पहचान पत्र जिम्मेदारी के अनुसार जारी किया जायेगा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी मोहसिन शमशी ने दी है।

# टकोरे से हमला कर दूध विक्रेता को किया घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव पितौरा निवासी अरशद उम्र 30 वर्षीय पुत्र राशिद अली जो की फेरी लगाकर दूध बेचने का कार्य करता है। आज वह दूध लेने के लिए मोटरसाइकिल से क्षेत्र के गांव जिराऊ गया था। गांव के निकट पहुंचते ही उसने बाइक किनारे खड़ी करके किसी काम से साईड से खड़ा हो गया, तभी दिमाग से विक्षिप्त विजय पाल उर्फपप्पू निवासी जिराऊ ने आते ही उसके सर पर टकोरे से हमला कर दिया। टकोरा सर में लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल दूध विक्रेता अरशद को आनन-फानन में कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉक्टर अमरेश कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# लायंस क्लब के नेत्र शिविर में आपरेशन के लिए 240 मरीज चिंहित

**▸ अतिथियों ने की लायन्स क्लब के सेवा कार्यो सराहना**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

लायन्स क्लब कायमगज द्वारा एक विशाल निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 330 मरीजो का रजिष्ट्रेशन किया गया। इसमें मोतियाबिन्दु के आपरेशन हेतु 240 मरीजों को चयनित किया गया। जिन्हें लायन्स क्लब कायमगंज के द्वारा एक-एक कम्बल व भोजन आदि के पैकेट देकर सीतापुर अस्पताल के लिए बसों द्वारा भेजा गया कार्यक्रम में सुभाष चन्द्र प्रजापति अपर जिलाधिकारी मुख्य तिथिति के रूप मे उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि रवीन्द सिंह उपजिलाधिकारी कायमगंज, सम्मानित अतिथि तहसीलदार विक्रम सिंह उपास्थिति रही। अतिथियों ने लायन्स क्लब के सेवा कार्यो की सराहना की। लायन्स क्लब की अध्यक्ष डा0 मिथलेश अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

नीरज अग्रवाल सचिव, नितेश गुप्ता कोषाध्यक्ष, विनोद गंगवार, सुधीर गुप्ता कैम्प अध्यक्ष, सुधीर जैन, विजय गुप्ता, सुभाष गुप्ता, रमेश गुप्ता, विजय, विक्रम यादव, अखिलेश अग्रवाल, शम्भू सरन अग्रवाल, बलवीर सिंह, डा0 अतुल गंगवार, संजय गोयल, अरविन्द्र महेश्वरी, आशीष गुप्ता, आलोक गुप्ता, अनिल अग्रवाल सहित अदि लोग मोजूद रहे।

# वांछित अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कमालगंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त चैया उर्फ बृजनंदन पुत्र नैपाल निवासीगण ग्राम नगला पन्ना थाना कमलगंज को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त पर थाना हाजा पर 257/2024 धारा 76 बीएनएस व 9/10 पाक्सो एक्ट में मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

# बीती रात घर से निकले युवक का रेलवे लाइन के किनारे पड़ा मिला शव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद मृतक के परिजन

बीती रात घर से निकले युवक शव सुबह रेलवे लाइन के किनारे पड़ा मिला। उधर से निकल रहे लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों ने हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट के बढ़पुर स्थित क्रिश्चियन कालेज तलैया निवासी 25 वर्षीय अमित श्रीवास्तव पुत्र खुशीराम बीती रात लगभग 10 बजे अपने घर चाय पीकर निकला। सुबह तक वह घर नहीं लौटा। परिजनों ने आसपास तलाश किया। सुबह लगभग 8.30 बजे उसका शव सातनपुर गाँव के निकट रेलवे लाइन के किनारे पड़ा मिला। सूचना पर उसके परिजन मौके पर आ गये। मृतक की माँ उमा देवी की पूर्व में ही मौत हो चुकी है। मृतक 6 भाई व एक बहन में सबसे छोटा था। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक कादरी गेट आमोद कुमार, आईटीआई चौकी प्रभारी दीपक भाटी पुलिस के साथ मौके पर आ गये। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# किन्नर व उसके चालक को पीटा, मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**




जहानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सिधौली निवासी सौम्या किन्नर पुत्री कृष्णपाल ने थाना जहानगंज में शिकायत कर बताया दिनांक 24.09.2024 को समय करीब 5.00 बजे रोशनी अपनी गाड़ी में ड्राइवर पिंकू के साथ नगला विअईया जहानगंज में आकर भंडारा खा रही थी, तभी मोहिनी किन्नर उर्फअवनीश, अजीत पुत्र लंकुश एवं राघव पुत्र ना मालूम निवासीगढ़ ग्राम राठौरा थाना मोहम्मदाबाद ने आकर भद्दी-भद्दी गालियां दीं और सभी लोगों ने मिलकर मुझे वह मेरे ड्राइवर को मारा पीटा। जिससे उसके शरीर में कई गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# बाइकों की भिड़ंत में तीन घायल



सीएचसी में भर्ती घायल

**▸ प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल रेफर**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

मैनपुरी थाना क्षेत्र के ग्राम लालपुर सगौनी गंगाधर निवासी कप्तान सिंह उम्र 59 वर्षीय पुत्र बुद्धूलाल अपनी पत्नी रानीदेवी को बाइक द्वारा पत्नी के पैर में दर्द की दवा लेने कम्पिल थाना क्षेत्र के गॉव भोगपुर जा रहे थे।

जैसे ही वह कम्पिल-कायमगंज मार्ग कोतवाली कायमगंज के गॉव रायपुर चौराहे के पास पहुंच, तभी सामने से आरहे बाइक चालक पप्पू उम्र 45 वर्षीय पुत्र सत्यवीर निवासी बहेटी थाना उसैत जनपद बदायूं की आमने सामने बाइकों की जोरदार भिड़ंत हो गई। जिससे दोनों बाइक पर सवार तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये।

आसपास के लोगों की मदद से 108 एम्बूलेन्स के ई0एम0टी0 अनुपम पायलट, रवि शंकर ने तीनो घायलों को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** जहानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम आलूपुर निवासी बालजीत सिंह पुत्र स्व0 शिव सहाय ने थाना जहानगंज में शिकायत कर बताया पीड़ित का पुत्र रंजीत पुत्र बालजीत दिनांक 26.07.2024 को 6.30 बजे शाम को किसी आवश्यक कार्य हेतु नाला बघार से अपने गांव आलूपुर जाते समय छिबरामऊ-फर्रुखाबाद मार्ग पर महरुपुर बीजल गांव में छिबरामऊ की तरफ से तेज रफ्तार से गलत साइड में आई बोलेरो यूपी 76एन9726 ने रंजीत की मोटरसाइकिल यूपी76एपी1512 में टक्कर मार दी। जिससे वह एवं उसका साथी आकाश पुत्र स्वर्गीय रूपराम गंभीर रुप से घायल हो गए। रंजीत को 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज लाया गया। जहां पर डॉक्टर ने पीड़ित के पुत्र रंजीत को मृत घोषित कर दिया एवं आकाश को राम मनोहर लोहिया रेफर कर दिया। जहां पर उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसो0 के कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**



कार्यालय का उद्घाटन करते प्रदेश अध्यक्ष

अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के नवाबगंज स्थित जिला कार्यालय का उद्घाटन प्रदेश अध्यक्ष ने फीता काटकर किया। साथ ही अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन को प्रशस्ति पत्र दिये गये एवं इस उपलक्ष्य पर एक मुफ्त स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा किसी भी फार्मासिस्ट का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। (पी.पी.आर 2015) फार्मासिस्ट प्रेक्टिस रेग्युलेशन एक्ट 2015 उत्तर प्रदेश सरकार ने कोर्ट में बोला है सरकार पीपीआर 2015 को बहुत जल्द लागू करेगी।

एस अवसर पर नीरज यादव जिलाध्यक्ष मैनपुरीए ने बताया फार्मासिस्ट को जिले में हो रही समस्याओं का जल्द.से.जल्द निस्तारण किया जायेगा। देवेश प्रताप सिंह कोषाध्यक्ष फिरोजाबाद, डॉ0 धर्मेंद्र यादव, डॉ0 अर्पित कुमार यादव, जितेन्द्र कुशवाह, अर्जुन शुक्ला, विकास कुमार, चंद्रशेखर, घनश्याम राजपूत, पीताम्बर शाक्य आदि जिले के फार्मासिस्ट उपस्थित रहे।

# गाली-गलौज का विरोध करने पर लाठी डंडों से पीटा, दी जान से मारने की धमकी

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पीड़ित ने गाली-गलौज तथा मारपीट कर जन से मारने की धमकी देने वाले तीन भाइयों के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर देकर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम ख्वाजा अहमदपुर कटिया निवासी महिपाल सिंह पुत्र हरिश्चंद्र ने थाना मऊदरवाजा के गांव भिड़ौर निवासी अंशुल, लक्ष्मण तथा हरनाम सिंह पुत्रगण नानकचंद के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा 7 दिसंबर की सुबह 7 बजे के करीब पीड़ित अपनी चौपाल पर बैठा था, तभी आरोपी आए और देखते ही गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों द्वारा लात-घूसों तथा लाठी-डंडों से मारपीट की गई। उधर आरोपियों की पिटाई से बचने के लिए जब पीड़ित ने शोर मचाया, तो मोहल्ले के लोग दौड़े। वहीं ग्रामीणों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गयो। पीड़ित ने तीनों भाइयों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगायी। वहीं शमशाबाद थाना पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीनों भाइयों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पिता व दो पुत्रों का शांतिभंग में चालान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लड़ाई झगड़ा कर रहे पिता व दो पुत्रों को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया। जानकारी के अनुसार अर्पित यादव पुत्र अरेन्द्र सिंह व अरेन्द्र पुत्र मेवाराम, प्रशांत यादव पुत्र अरेन्द्र निवासीगण नगला मसेनी थाना कादरीगेट को उप निरीक्षक मोहित मिश्रा ने अपने हमराह सुरेंद्र पाल व शशीकांत पाण्डेय के साथ मिलकर तीनों को उस समय गिरफ्तार कर लिया जब यह लड़ाई झगड़ा कर रहे थे। पुलिस ने धारा 170, 126, 135 बी.एन.एस.एस. के तहत मुकदमा दर्ज कर तीनों का चालान कर दिया।

# युवजन सभा की बैठक में नये वोट बढ़वाये जाने पर दिया गया जोर

**लोहिया वाहिनी की बैठक आज फिर**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के फ्रंटल संगठन युवजन सभा एवं लोहिया वाहिनी की जिला कार्यकारिणी की संयुक्त मासिक बैठक पार्टी कार्यालय पर सम्पन्न हुई। आवास विकास स्थित पार्टी कार्यालय पर बैठक में मुख्य एजेंडा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों के द्वारा वोटर लिस्ट में नए नाम बढ़वाने एवं किसी भी प्रकार का वोटर लिस्ट में संशोधन करने हेतु निर्देशित किया गया। युवजनसभा के जिलाध्यक्ष शिवम यादव एवं लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष अनुराग यादव ने अपनी-अपनी कार्यकारिणी का संगठन विस्तार करते हुए अंकज यादव को युवजनसभा में जिला उपाध्यक्ष एवं बलराम सिंह को लोहिया वाहिनी में जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया। इन सब के साथ निष्क्रिय पदाधिकारियों को संगठन से पद मुक्त करने के भी निर्देश अपने-अपने जिला महासचिव को दिए। इस अवसर पर रामपाल यादव, पुष्पेंद्र चतुर्वेदी, बलराम सिंह यादव, श्याम सिंह, प्रवेश कटियार, अरविंद कुमार शर्मा, शिव शंकर शर्मा, शिव प्रकाश, डॉ0 धर्मेंद्र कुशवाहा, विनीत परमार, अमन चतुर्वेदी, कौशलेंद्र उर्फ पिंटू यादव, पुष्पराज परमार, पंकज यादव, राहुल माथुर, नागेंद्र यादव, मोहित यादव, अभय यादव, अंकुल यादव, विक्रम सिसोदिया, मुजीब उल हसन, अर्चित मिश्रा, राजीव श्रीवास्तव, दीपक मिश्रा, गौरव राजपूत, धीरज राजपूत, रजनीश यादव, अरविंद शर्मा, यतिन पाल, विनीत परमार, अतुल खटीक आदि लोग मौजूद रहे। वहीं जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव के निर्देशानुसार लोहिया वाहिनी की बैठक 9 दिसम्बर को सोमवार को पार्टी कार्यालय पर पुनः होगी। यह जानकारी जिला प्रवक्ता विवेक यादव ने दी है।



बैठक में मौजूद पदाधिकारी

# पीआईएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय कुशवाहा का आकस्मिक निधन

**पत्रकार जगत में शोक की लहर**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार विनय सिंह कुशवाहा का ब्रेन हेमरेज होने से आकस्मिक निधन हो गया। वे 48 वर्ष के थे। उनके निधन से पत्रकार जगत में शोक के लिए दौड़ गई। रविवार की सुबह अचानक दिल का दौरा पड़ने से उन्हे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सुबह हालत बिगड़ने पर उन्हे लखनऊ पीजीआई के लिए रवाना किया। कानपुर के पास पहुंचते ही उनका निधन हो गया।

वह 25 साल पूर्व पत्रकारिता से जुड़े थे। कानपुर व लखनऊ के अखबारों में उन्होंने जिला संवाददाता के रुप में कार्य किया। वर्तमान में वह प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। उन्होंने ही इस संगठन का गठन किया था। पत्रकारों की समस्याओं के लिए तत्पर रहते थे और उनका निराकरण कराते थे। उनका एक पुत्र है। सोमवार सुबह 11 बजे पांचाल घाट स्थित उनके पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी जायेगी। बताते चले रात में ही उनकी तबियत खराब हो गयी थी। जिसके चलते एक अस्पताल में भर्ती थे। वर्तमान में वह सिंह वाहिनी कालोनी सातनपुर में रहते थे, उनका पैतृक निवास कमालगंज में है।

बड़ी संख्या में पत्रकारों के अलावा लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की और उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। समृद्धि परिवार ने ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति व इस दुखद घड़ी में उनके परिवार को सहन शक्ति देने की प्रार्थना की।



पत्रकार विनय सिंह

# निरीक्षण में डायट प्राचार्य को दो विद्यालय की शैक्षिक व्यवस्था मिली न्यून

**शिक्षकों से मांगा गया स्पष्टीकरण**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

डायट प्राचार्य अनुपम अवस्थी द्वारा शमशाबाद के विकास खण्ड के कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला कलार का शनिवार को 10:45 पर निरीक्षण किया गया। इंचार्ज प्रधानाध्यापक आरती चौहान व सहायक अध्यापक सोनी अनुपस्थित पायी गई। दोनों लोगों का हस्ताक्षर का कालम खाली था। जूनियर वर्ग के छात्रों की उपस्थिति कम पायी गई। प्राइमरी वर्ग में 46 बच्चों में 26 बच्चे उपस्थित थे। एमडीएम पंजिका अपूर्ण पायी गई।

प्राथमिक वर्ग के एमडीएम पंजिका में अध्यापक व अन्य स्टाफ के हस्ताक्षर अपूर्ण पाये गये। शैक्षिक स्तर पर न्यून पाया गया। सफाई का अभाव मिला। स्पष्टीकरण लिया जायेगा। साथ ही 7 दिसम्बर शनिवार को डायट प्राचार्य अनुपम अवस्थी द्वारा शमशाबाद के प्राथमिक विद्यालय तुर्कीपुर का ढाई बजे निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय स्टाफ अनुपस्थित मिला। सहायक अध्यापक मनोज शर्मा सीएल पर थे। सहायक अध्यापक सूफिया कक्षा में मोबाइल चलाती मिली। प्रधानाध्यापक मंजूश्री द्वारा बताया गया कि उनकी शिक्षक डायरी घर पर है। अन्य स्टाफ ने भी शिक्षक डायरी नहीं दिखायी। एमडीएम पंजिका में निरीक्षण के दिन छात्र संख्या दर्ज नहीं की गई थी। कक्षा 5 की छात्र उपस्थिति दर्ज नहीं थी। 84 बच्चों के सापेक्ष 67 बच्चे उपस्थित पाये गये। विद्यालय कार्यालय व परिसर में अत्याधिक गंदगी पायी गई। बच्चे तहसील व राज्यपाल का नाम नहीं बता पाये। शैक्षिक स्तर न्यून पाया, स्पष्टीकरण लिया जायेगा।



निरीक्षण में बच्चों से सवाल पूछते डायट प्राचार्य

# पांचाल शोध की बैठक में धार्मिक क्षेत्रों को महत्वता देने का लिया गया निर्णय

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पांचाल शोध एवं विकास समिति की बैठक संस्था अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह सोमवंशी के आवास पर सम्पन्न हुई। पांचाल क्षेत्र के सांस्कृतिक विकास एवं पर्यटन के विकास के विषय में चर्चा हुई।

संस्था के अध्यक्ष ने कहा कि सरकार का प्रमुख लक्ष्य पर्यटन की दृष्टि से हर क्षेत्र को विकसित करना चाहती है। जनपद में अनेक पौराणिक एवं धार्मिक क्षेत्र से अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिनमें अनेक कार्य हो रहे है। भूपेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि जो भी जनपद के प्रमुख स्थान है इनका प्रचार प्रसार आवश्यक है।

श्वेता दुबे ने कहा कि आवागमन के प्रमुख साधन और जाम से निजात मिलना प्रमुख कार्य है। अनिल प्रताप सिंह ने सदस्य संख्या बढ़ाने और निरंतर बैठक कर संस्था को गतिशील बनाने का आवाह्न किया। कैप्टन डीएस राठौर ने प्रमुख स्थानों के स्थलीय निरीक्षण का अनुरोध किया। प्रदीप सिंह ने राजेपुर में छोटे सिंह राठौर स्मृति द्वार बनाने का आवाह्न किया।

अनिल सिंह गहरवार ने रामनगरिया द्वार को प्राचीन स्वर्गद्वारी द्वार बनाने की बात कही। रामनगरिया में विशाल पांचाल सम्मेलन 8 फरवरी को होगा। इसके लिए पर्यटन मंत्री को आमंत्रित किया जाएगा। इस अवसर पर अनिल सिंह राठौर, महेश पाल सिंह, मुकेश राठौर, सुधेश दुंबे, सुधेश दुबे, राजीव बाजपेयी, एमआर पाल, भानु प्रकाश मिश्र आदि उपस्थित रहे।



बैठक में मौजूद पदाधिकारी

# क्रिसमस पर्व को लेकर क्रिकेट मैच का हुआ आयोजन

**ऑल सोल्स मेमोरियल चर्च टीम बनी विजेता**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ऑल सोल्स चर्च ग्राउंड पर क्रिसमस पर्व को लेकर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। टूर्नामेंट का आयोजन पादरी स्टीफन मसीह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। मैच ऑल सोल्स मेमोरियल चर्च एवं बढ़पुर चर्च के बीच खेला गया।

मैच में रंजीत मैसी मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित हुए। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। ऑल सोल्स चर्च की टीम मैच जीतकर विजेता बनी। चर्च के सभी सदस्यों ने उत्साहवर्धन किया। पादरी स्टीफन मसीह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि इस तरीके के खेलों से उत्साहवर्धन होता है और खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ता है। सभी खिलाड़ी हमेशा खेल भावना से खेले। जिससे खेलों में समाज के लोग बढ़-चढ़कर भाग लें। इस अवसर पर रोजिशन विश्वासी, सुनील मसीह, रोबिन्दर कुमारी, राखिल मसीह, अमोल मसीह, आरके सिंह, हर्ष, जॉर्ज, इशांत, अमित राज, विशाल धनी, देव आर्यन, रजत, आकाश, राजन, प्रशांत आदि लोग मौजूद रहे।



सम्मानित होते विजेता खिलाड़ी

# कृष्णा नगर में श्रीमद् भागवत कथा 11 दिसम्बर से

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** श्रीमद् भागवत कथा 11 दिसम्बर से 17 दिसम्बर तक कृष्णा नगर कालोनी ओम शांति निकेतन कादरीगेट पर सम्पन्न होगी। श्रीमद् भागवत कथा सेवा समिति द्वारा कथा का आयोजन होगा। साथ ही क्रांतिकारी पंडित रामनारायन आजाद की स्मृति में 15 दिसम्बर को कवि सम्मेलन होगा। 11 दिसम्बर को प्रातः 9 बजे कलश यात्रा कृष्णा नगर से शुरु होकर बालाजी पुरम होते कथा पाण्डाल पहुंचेगी। 1 बजे से शाम 5 बजे तक कथा का आयोजन होगा। यह जानकारी जितेन्द्र कुमार मिश्रा व शिवम ने दी है।

# अतिक्रमण के चलते रोडवेज बस स्टैण्ड के बीच से हटायी गई कैंटीन



कैंटीन हटाने के बाद पड़ा मलवा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रोडवेज बस स्टैण्ड पर बीचों बीच संचालित कैंटीन से जाम की स्थिति बनी रहती थी और अतिक्रमण जैसे हालत थे। रोडवेज विभाग से विचार विमर्श के बाद नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार ने अपने कर्मचारियों के साथ दुकान को हटाया। पिछले काफी दिनों से कैंटीन को लेकर तरह-तरह का विवाद उत्पन्न हो रहा था। बसों के आवागमन के दौरान जाम लग जाता था और कई बार इसी कैंटीन पर ग्राहकों से विवाद हुआ। साथ ही विधायक निधि द्वारा सेल्फी प्वाइंट बनने के बाद दुकान की स्थिति अतिक्रमण जैसी लगने लगी। पिछले दिनों महाराणा प्रताप की मूर्ति लगाने को लेकर सर्वे भी हुआ था और जाम से निजात दिलाने के लिए पीली पट्टी का निशान लगाया गया था। पीडब्लूडी विभाग व नगर पालिका दोनों ने पहुंचकर पैमाइश की थी। रविवार को अवैध रुप से बनी दुकान को अतिक्रमण मानते हुए हटाया गया। पहले तो ठेकेदार दुकान न हटाने के लिए मनमानी करता रहा। बाद में अधिकारियों के निर्देश पर दुकान को हटाया गया और आसपास लगे पिलर को भी हटाया गया। इस मौके पर नगर पालिका के अलावा रोडवेज विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# हिस्से की जमीन पर ताऊ व उनके पुत्रों ने कब्जा करने का किया प्रयास

- विरोध करने पर लाठी-डंडों तथा फावड़ा से किया हमला
- बीच-बचाव करने आए छोटे भाइयों को भी पीटा, दी जान से मारने की धमकी
- न्याय के लिए पिछले पांच दिनों से भटक रहे पीड़ित

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के ग्राम कलुआपुर सानी निवासी प्रद्युमन शर्मा पुत्र अरविंद शर्मा ने परिवार के ही दबंग विनीत कुमार पुत्र रामनाथ, सरवन, सोनू, पंकज सहित चार लोगों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें कहा पैतृक जमीन का बंटवारा हो चुका है और बंटवारे में उसे पांचवा हिस्सा मिला। जिसमें आगे की तरफ दुकान और पीछे की तरफ नींव भरी हुई तथा पिलर खड़े हुए है। शिकायती पत्र के अनुसार पीड़ित द्वारा कराए जा रहे निर्माण का आरोपियों द्वारा समय-समय पर विरोध किया जाता रहा। यहां तक जो दीवार उसके हिस्से मे थी को मिलकर कब्जा करना चाहते थे।

शिकायती पत्र के अनुसार पीड़ित द्वारा भवन निर्माण के लिए निर्माण सामग्री ईट आदि लाई गई तथा निर्माण करा रहा था। उसी दौरान आरोपियों द्वारा गाली-गलौज किया गया। विरोध करने पर लाठी-डंडों तथा फावड़े से हमला कर जमकर मारपीट की। इस मारपीट की घटना में पीड़ित के सर में चोट आने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गया।

चीख पुकार सुन जब पीड़ित के छोटे भाई प्रशांत, आंसू बचाने आए तो आरोपियों ने उन्हें भी लाठी-डंडों तथा फावड़े से मारापीटा।

पीड़ित के अनुसार आरोपियों की पिटाई से बचने के लिए जब पीड़ित चीखता हुआ भागा. तो शोर शराबा सुनकर मोहल्ले के लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। उधर ग्रामीणों की भीड़ देख आरोपी जानमाल की धमकी देकर फरार हो गए यह घटना 2 फरवरी की बताई गई है। हालांकि दबंग आरोपियों के खिलाफ पीड़ित द्वारा शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर भी दी गई। अफसोस पांचवा दिन गुजरने के बावजूद भी पीड़ित को न्याय नहीं मिला।

उधर थाना पुलिस द्वारा पीड़ित को न्याय नहीं दिलाए जाने से आरोपियों के हौसले बुलंद हैं और वह बराबर जानमाल की धमकी दे रहे हैं। उधर आरोपियों की धमकी से पीड़ित परिवार दहशत में है।

# गौसेवा आयोग के अध्यक्ष ने माधोपुर गौशाला का किया निरीक्षण



गौशाला का निरीक्षण करते आयोग के अध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गौरक्षणी सभा माधोपुर गौशाला में रविवार को गौसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने निरीक्षण किया। उन्होंने स्वस्थ गौमाता, साफ -सफाई को देखकर गौरक्षणी कमेटी की प्रशंसा की और अपने विचारों से सभी को लाभांवित किया। साथ ही लोगों से सुझाव लिये। उन्होंने गौशाला में बने शिव मंदिर में पूजन किया और गायों को गुड़ आदि का भोजन कराया। कमेटी के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष का माल्यार्पण कर स्वागत किया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी नीरज कुमार गौतम, पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 अनुज मौजूद रहे। साथ ही सूर्यकांत गुप्ता को गौरक्षणी कमेटी द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संरक्षक सुरेन्द्र सफ्फड़, सूर्यकांत गुप्ता, कोषाध्यक्ष कन्हैया लाल अग्रवाल, अश्विनी गुप्ता, तुषार अग्रवाल, कन्हैया लाल जैन, डा0 श्याम वर्मा, आकाश वर्मा, अमर गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# आलू की आमद सामान्य, भाव स्थिर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रविवार को आलू मण्डी सातनपुर में आमद पिछले दिन की तरह सामान्य रही। लगभग 65 मोटर आलू की आमद हुई। भाव 751 रुपये से लेकर 901 रुपये पैकेट बिका। मण्डी में आलू की आमद बढ़ रही है। जिसके चलते भाव में गिरावट जारी है। निबल आलू 751 रुपये पैकेट बिका। जबकि सुपर छट्टा आलू 850 रुपये से लेकर 901 रुपये पैकेट बेंचा गया। बाहर के आढ़तियों ने आलू की खरीददारी की। रविवार की बजह से ट्रकों में आलू लोड नहीं हो पाया। देर रात तक आलू बाहर की मण्डियों में ले जाया जायेगा। अभी भी दूसरी मण्डियों में आलू का भाव 1000 रुपये से 1200 रुपये पैकेट बिक रहा है। फुटकर आलू 25 से 30 रुपये किलो बाजार में ग्राहकों को मिल रहा है। सातनपुर मण्डी में जनपद के अलावा दूसरे जिलों से आलू लाकर बेंचा जाता है। एशिया की प्रमुख आलू मण्डी सातनपुर में सबसे ज्यादा आलू की आमद होती है। यहां से आलू सीधे दूसरी मण्डियों में ले जाकर बेंचा जाता है। अभी तक के भाव में किसानों को लागत के अनुसार सामान्य भाव मिल रहा है। जैसे ही आलू का भाव गिरेगा तो किसानों को नुकसान होने की संभावना हो जायेगी।



मण्डी में लगा आलू

# वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कादरीगेट पर पंजीकृत मु0अ0सं0 323/2024 धारा-420 भा0द0वि0 व 66डी आईटी एक्ट से संबंधित अभियुक्त रोहन पाल उर्फ पाल रोहन, प्रदीप पुत्र प्रदीप पाल निवासी 1/67 बजरिया अलीगंज कोतवाली फतेहगढ़ को गिरफ्तार कर लिया।

# एक्सप्रेस-वे पर ट्रक से टकराई कार, पति की मौत, पत्नी घायल

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर ठठिया थाना क्षेत्र के बहसुइया गांव के सामने रविवार की देर शाम लखनऊ से आगरा जा रही एक कार आगे जा रहे एक ट्रक से टकरा गई। हादसे में कार सवार पति की मौत हो गई। उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। मृतक के शव को मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में रखवा दिया गया।

आगरा निवासी महेन्द्र सिंह (55) पुत्र श्याम बाबू अपनी पत्नी सोनिया (50) के साथ कार में सवार होकर रविवार की सुबह लखनऊ अपनी पुत्री से मिलने आए थे। रविवार की शाम वह वापस आगरा जा रहे थे। शाम 07 बजे के करीब जब उनकी कार एक्सप्रेस-वे पर ठठिया थाना क्षेत्र के बहसुइया गांव के सामने पहुंची, तो अचानक कार अनियन्त्रित होकर आगे जा रहे ट्रक से जा भिड़ी। हादसे में कार सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। यूपीडा कर्मियों ने दोनो को एम्बुलेंस से राजकीय मेडिकल कॉलेज तिर्वा ले आए। यहां चिकित्सकों ने महेन्द्र सिंह को मृत घोषित कर दिया। उनकी पत्नी सोनिया का इलाज इमरजेंसी वार्ड में चल रहा है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने मृतक के शव को मोर्चरी में रखवाकर परिजनों को सूचना दे दी है।

# स्वच्छ भारत मिशन अभियान के संबंध में बैठक आयोजित

**जिलाधिकारी बोले आरआरसी सेंटर के संचालन में अच्छा कार्य करने वालों को करें सम्मानित**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिन अधिकारियों को जो कार्य निर्धारित किए जाते हैं। विभागवार मिनिट्स बनाए और आगामी बैठक में सौंपे गए कार्यों की रूप रेखा प्रस्तुत करें। बैठक में यह बात जिलाधिकारी ने कही। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला स्वच्छ भारत मिशन, जीरो पावर्टी अभियान के संबंध में बैठक हुई।




अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी

बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि कुंभ का मेला होने वाला है। 22 गंगा ग्राम से किसी भी प्रकार का दूषित पानी गंगा नदी में नहीं जाना चाहिए।

688 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 482 राजस्व ग्रामों को मॉडल घोषित किया जा चुका है। शेष 206 राजस्व ग्रामों को भी मॉडल घोषित किया जाए।

प्रत्येक विकास खंड के चयनित ग्रामों से शत प्रतिशत कूड़ा उठान होना चाहिए। कचरे से जैविक खाद बनाने हेतु कूड़े को छांटकर अलग अलग गड्ढों में इकट्ठा किया जाए। कितनी खाद्य बनती है। और कितना खर्च आ रहा है। तथा खाद के विक्रय से कितनी आमदनी हो रही है। माह वाइज डेटा तैयार किया जाए।

सभी आरआरसी सेंटर संचालित होने चाहिए। आरआरसी सेंटर के संचालन में जो अच्छा कार्य कर रहे हैं। उन्हें सम्मानित किया जाए। कूड़े उठाने वाली गाड़ियों को कूड़े उठाने में ही प्रयोग करें।

जीरो पावर्टी अभियान में तेजी लाकर गांव के अति निर्धन परिवारों का चयन करें। जिससे शासन की सभी योजनाओं से जोड़कर आच्छादित किया जा सकें। ब्लाक वार सभी इनुमेरेटर को सेसनवाइज अच्छे से ट्रेनिंग दी जाए।

# महिला सुरक्षा को लेकर चलाया एंटीरोमियों अभियान



बालिकाओं-महिलाओं को जागरूक करती महिला आरक्षी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद के थानों पर तैनात एन्टीरोमियो टीम द्वारा प्रमुख मार्गो पर छात्राओं व महिलाओं को महिला सुरक्षा के बारे में जागरूक किया और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। सार्वजनिक स्थानो पर घूम रहे शोहदों को चेतावनी देना, महिलाओ से संबंधित अपराध व अपराध से संबंधित सजा के बारे में जागरुक करना। सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहो व साइबर क्राइम के विषय आदि के विषय में चौपाल लगाकर जागरूक किया। तथा विभिन्न स्थानों पर वर्तमान में बढ़ रहे। साइबर फ्रॉड के सम्बन्ध में जागरुक करते हुए बताया कि किसी अन्जान व्यक्ति से अपना ओटीपी शेयर न करें। यदि किसी के साथ साइबर फ्रॉड होता है। तो वह तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर सम्पर्क कर अपनी शिकायत दर्ज कराएं।

**कार्यालय ग्रा0पं0 शेराखार गौटिया वि0ख0 राजेपुर, फर्रुखाबाद**

पत्रांक:मीमो/ग्रा0पं0/पंराज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2024-25 दिनांक 08/12/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में वर्ष 2024-25 अन्तर्गत ग्राम पंचायत शेराखार गौटिया की स्वीकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 09/12/2024 से दिनांक 15/12/2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 15/12/2024 शाम 04 बजे निर्माण समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्रं. | | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | रामकुमार के घर से जदुवीर के मंदिर तक नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | ईंट, सीमेंट, मौरम | 1.39 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | राजवीर के घर से राजेन्द्र के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | // // | // // | 3.97 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | रामकुमार के घर से राजवीर के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | // // | // // | 3.00 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी। **ग्राम प्रधान-उमेश कुमार यादव, ग्रा0पं0 शेराखार गौटिया, राजेपुर सचिव-अश्विनी कुमार यादव**

# बीएसएफ जवानों पर न उठाए कोई सवाल

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जोधपुर में सीमा सुरक्षा बल के 60वें स्थापना दिवस (राइजिंग डे) परेड में हुए शामिल

एजेंसी



**जोधपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को बीएसएफ के स्थापना दिवस समारोह में कहा कि सीमा सुरक्षा बल फर्स्ट लाइन ऑफ डिफेंस के नाम से जानी जाती है। इन्हीं के भरोसे अजेय भारत का विश्वास 140 करोड़ भारतवासियों के दिलों में पैदा हुआ है। इसका पूरा श्रेय सीमा पर खड़े हुए बीएसएफ जवानों को

**बीएसएफ के स्थापना दिवस समारोह में शाह ने परेड का किया निरीक्षण**

जाता है और किसी को इन पर सवाल उठाने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि सीमा से जब भी कोई अप्रिय घटना की सूचना आती है तो गृह मंत्री को जरा भी चिंता नहीं होती। यही भरोसा रहता है कि हमारे बीएसएफ के जवान निपट लेंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को जोधपुर में सीमा सुरक्षा बल के 60वें स्थापना दिवस (राइजिंग डे) परेड में शामिल हुए। उन्होंने परेड का निरीक्षण किया। गृह मंत्री को सुबह बीएसएफ की जीप में एसटीसी स्थित परेड ग्राउंड के मुख्य मंच तक लाया गया। गृह मंत्री ने कहा कि जवान अपने जीवन का स्वर्णकाल माइनस 43 डिग्री के तापमान से लेकर प्लस 43 डिग्री टेम्प्रेचर तक के वातावरण में बिताता है। न आप बच्चों की देखभाल कर पाते हैं, न बूढ़े माता-पिता की सेवा कर पाते हैं। तपते रेगिस्तान, घने जंगलों और बर्फ में भी आपने अपनी ड्यूटी निभाई है। जब देश सो रहा होता है, तब आप पहली पंक्ति के रूप में देश की सेवा करते हैं। आपका ये बलिदान अहसास दिलाता है कि भारत अजेय है। इसको कोई नहीं हरा सकता है। गृह मंत्री ने कहा कि आने वाले समय में ड्रोन की समस्या और गहराने वाली है। ऐसे में देश के सभी सीमा सुरक्षा बल, रक्षा विभाग, डीआरडीओ और सारे सुरक्षा विभाग ने मिलकर एक लेजर युक्त गन माउंट एंटी ड्रोन प्रणाली विकसित की है। अभी यह प्रायोगिक स्तर पर शुरू किया है। इसके प्राथमिक परिणाम बेहद अच्छे आए हैं।

**बीएसएफ ने घुसपैठ व वामपंथी उग्रवाद से लड़ने का रिकॉर्ड बनाया**

सीमा सुरक्षा बल की ओर से ओखा (गुजरात) में देश की पहली नेशनल कोस्टल पुलिस एकेडमी की स्थापना की गई है। हमारी जल सीमाओं की सुरक्षा में तैनात राज्य की पुलिस और सीमा सुरक्षा बल दोनों की ट्रेनिंग यहां कराई जा रही है। संवेदनशील इलाकों में व्यापक सुरक्षा प्रणाली लेकर आए हैं। बीएसएफ में कॉम्प्रिहेंसिव इंट्रीग्रेटेड बॉर्डर मैनेजमेंट सिस्टम को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में धुबरी (असम) में शुरू किया है। इसे पाकिस्तान और बांग्लादेश की बॉर्डर पर लगाया जाएगा। बॉर्डर इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए बड़ी राशि दी जा रही है। शाह ने कहा कि 2024 में बीएसएफ ने जाली मुद्रा, नारकोटिक्स, घुसपैठ और वामपंथी उग्रवाद के सामने लड़ने का रिकॉर्ड बनाया है। भारत सरकार ने हर बजट में बहुत बड़ी राशि बॉर्डर इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए दी है। बांग्लादेश की सीमा पर 591 किलोमीटर की बाड़बंदी, 1129 किलोमीटर पर फ्लड लाइट्स लगाई गई हैं। दूर-दराज के क्षेत्रों में गांवों की कनेक्टिविटी बढ़ाने का प्रयास किया है। सीमा पर वाइब्रेंट विलेज की शुरुआत हुई है।

इससे पंजाब बॉर्डर पर 55 हमलों को रोका गया है। उन्होंने कहा कि हमने तीन हजार गांवों में प्रायोगिक रूप से वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम शुरू किया है। इससे पहले गृह मंत्री अमित शाह के सामने कदम से कदम मिलाते हुए बीएसएफ के जवानों ने अपने अनुशासन और एकता का प्रदर्शन किया। परेड के ठीक पीछे बीएसएफ के जवानों ने हथियारों की प्रदर्शनी की। इसमें जमीन से जमीन पर मार करने वाली मिसाइल और एंटी ड्रोन टेक्नोलॉजी का प्रदर्शन किया गया। परेड से पहले बीएसएफ विंग के स्वदेशी हेलीकॉप्टर ध्रुव ने आसमान से सुरक्षा का जायजा लिया।

# समाज को अखंड बनाए रखने के लिए परंपराओं जड़ों व संस्कृति से जुड़े रहना चाहिए : चंपत राय

समृद्धि न्यूज



**हरिद्वार।** विश्व हिन्दू परिषद के उपाध्यक्ष चंपत राय ने कहा कि हमें अपने समाज को अखंड बनाए रखने के लिए सदैव अपनी परंपराओं, जड़ों और संस्कृति से जुड़े रहना चाहिए। हमारी संस्कृति और परंपराएं ही हमारी पहचान हैं। इन्हीं के माध्यम से हम समाज और राष्ट्र के सशक्तिकरण की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं, तभी समाज और राष्ट्र का जागरण संभव है। वे देवसंस्कृति विश्व विद्यालय के मृत्युंजय सभागार में आयोजित ज्योति कलश यात्रा कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

कार्यशाला में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से एक हजार से अधिक गायत्री परिवार के कर्मठ व सक्रिय कार्यकर्त्ता शामिल हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने कहा कि जो समाज से कट गया, उसका पतन होते चला जाता है। इससे पूर्व देसंविवि के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि ईश्वरीय शक्ति के साथ मिलकर कार्य करना सबसे बड़ा सौभाग्य है, क्योंकि हम भगवान की दिव्य प्रेरणा से उनके कार्यों को आगे बढ़ाने में अपना श्रम, समय लगा रहे हैं। यह समय वास्तव में अकल्पनीय सौभाग्य लेकर आया है, क्योंकि आज हम सब मिलकर युगऋषि आचार्यश्री द्वारा प्रज्वलित दिव्य अखण्ड ज्योति के प्रकाश से जन-जन को आलोकित करने जा रहे हैं। ज्योति अब ज्वाला बन सम्पूर्ण राष्ट्र को प्रकाशित करने जा रही है। उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि गायत्री परिवार का नारा हम बदलेंगे, युग बदलेगा और अब चरितार्थ होते दिखाई दे रहा है। वहीं सायंकालीन सभा में शांतिकुंज व्यवस्थापक योगेन्द्र गिरी, प्रो. विश्वप्रकाश त्रिपाठी आदि ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

डॉ. पण्ड्या ने विहिप उपाध्यक्ष चंपतराय एवं परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, यूके के स्वामी राजेश्वर, गुजरात के पूर्व डीआईजी डीजी वंजारा, अपर निदेशक राजेश अहिरवार को गायत्री महामंत्र लिखित उपवस्त्र, स्मृति चिह्न, युग साहित्य आदि भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. पण्ड्या एवं अतिथियों ने युगऋषि आचार्यश्री की आकृति में होलोग्राम का विमोचन किया। इससे पूर्व विहिप उपाध्यक्ष चंपतराय एवं परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह एवं अतिथियों ने विवि के विभिन्न प्रकल्पों का अध्ययन किया। अतिथियों ने विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे सकारात्मक कार्यों की प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए एक आदर्श कार्य बताया।

# राज्य में आस्था, रोजगार व पर्यटन का नया अध्याय

**शीतकाल में चारधाम यात्रा की पहल, सीएम ने किया शुभारंभ**

समृद्धि न्यूज



**देहरादून।** उत्तराखंड के चार धामों के दर्शन अब श्रद्धालु अब शीतकाल में भी कर सकेंगे। इसके लिए सरकार ने तमामव्यवस्थाएं कर रखी हैं। रविवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंचकेदारों के गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ से चारों धामों की शीतकालीन यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा के पहले दिन ही उखीमठ में श्रद्धालुओं की खासी संख्या देखने को मिली, जिससे यात्रा को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि ग्रीष्मकालीन के साथ अब शीतकालीन यात्रा से श्रद्धालुओं को न केवल चारों धामों के दर्शन का सौभाग्य मिलेगा, बल्कि स्थानीय व्यवसायियों को रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होंगे। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे शीतकालीन यात्रा के दौरान चारों धामों में दर्शन के लिए अवश्य आएं और भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करें। यात्रा के शुभारंभ के अवसर पर रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी, केदारनाथ विधायक शैला रानी रावत, बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय, जिलाध्यक्ष भाजपा महावीर सिंह पंवार आदि उपस्थित थे। शीतकालीन चारधाम यात्रा की पहल का तीर्थ पुरोहितों स्वागत योग्य बताते हुए कहा कि पूरे वर्षभर श्रद्धालुओं को चारों धामों में दर्शन का अवसर मिलेगा और यह धार्मिक पर्यटन के लिए महत्वपूर्ण कदम है। स्थानीय निवासी भी इस यात्रा को लेकर खुश नजर आए और उन्होंने इसे पर्यटन के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। मुख्यमंत्री धामी की सरकार की कार्यशैली में तत्परता और प्रतिबद्धता दिखाई देती है। शीतकालीन यात्रा का आयोजन सरकार की योजनाओं और प्रशासन की तत्परता का एक उदाहरण है, जो श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं और सुरक्षा प्रदान करने के लिए निरंतर काम कर रही है। धार्मिक पर्यटन व रोजगार के अवसर बढ़ेंगे धार्मिक पर्यटन राज्य की आर्थिकी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शीतकालीन यात्रा के शुभारंभ से स्थानीय व्यवसायों को नए रोजगार के अवसर मिलेंगे, जिससे राज्य की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

## महाकुंभ में प्रयागराज से अयोध्या तक रिंग रेल सेवा शुरू होगी : वैष्णव

**वाराणसी।** केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि महाकुंभ में प्रयागराज से अयोध्या तक रिंग रेल सेवा शुरू होगी। चार रिंग रेल सेवा से दोनों शहरों में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं का सफर आसान होगा। प्रयागराज जाने से पूर्व रविवार को वाराणसी रेलवे स्टेशन पर पहुंचे रेलमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। रेल मंत्री वैष्णव ने बताया कि रेलवे पिछले तीन वर्षों से महाकुंभ की तैयारियों में जुटा हुआ था। महाकुंभ के लिए नए वेटिंग और होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं। ट्रेनों के निर्बाध परिचालन के लिए दोहरीकरण, प्लेटफ़ॉर्म विस्तार, यात्री सुविधाएं भी बढ़ाई गई हैं। रेलमंत्री के अनुसार महाकुंभ के दौरान 45 दिन तक अलग-अलग तरह की 13 हजार रेल सर्विसेज चलेंगी, जो देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को रेल यात्रा सुखद-आध्यात्मिक महसूस होगी।

# इनफ्लुएंसर मीटिंग उत्तराखंड को वेडिंग डेस्टिनेशन बनाने की दिशा में कदम

समृद्धि न्यूज

**देहरादून।** उत्तराखंड के प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक धरोहर को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में एक कदम और बढ़ाते हुए प्लेज़ेंट्री होटल ने गुनियाल गांव में एक भव्य इनफ्लुएंसर मीटिंग का आयोजन किया। इसमें करीब 80 सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स ने भाग लिया और उत्तराखंड को वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने की योजना पर चर्चा की।

प्लेज़ेंट्री होटल के को-ओनर तुषार गुप्ता ने कहा कि हम लॉन्ग डाइनिंग टेबल कांसेप्ट के जरिए देहरादून को एक विश्वस्तरीय वेडिंग डेस्टिनेशन बनाने की ओर अग्रसर हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वेड इन उत्तराखंड पहल से प्रेरित होकर हमारा उद्देश्य वेडिंग इवेंट्स को नया आयाम देना और उत्तराखंड को इस क्षेत्र में अग्रणी बनाना है। स्थानीय युवाओं को रोजगार और पहाड़ी उत्पादों को बढ़ावातुषार गुप्ता ने बताया कि प्लेज़ेंट्री होटल के 95त्न कर्मचारी उत्तराखंड के हैं। होटल इवेंट मैनेजमेंट में युवाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव प्रदान कर रहा है। साथ ही, होटल स्थानीय उत्पादों जैसे रागी और चकराता की राजमा को अपने व्यंजनों में शामिल कर उत्तराखंड की पहचान को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा दे रहा है। स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण पर जोरप्लेज़ेंट्री होटल ने स्वच्छता और पर्यावरण के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय काम किया है। गुनियाल गांव की नदी की सफाई और रखरखाव जैसे प्रोजेक्ट्स के माध्यम से होटल स्वच्छ भारत अभियान और स्वच्छ देहरादून अभियान को सशक्त बना रहा है। इन प्रयासों के लिए प्लेज़ेंट्री होटल को केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू द्वारा ÷ग्रीन लीव फाइव लीव सम्मान से नवाजा गया है। राजस्थान, पंजाब और गुजरात के लोगों की पहली पसंदतुषार गुप्ता ने कहा कि उत्तराखंड की प्राकृतिक सुंदरता और अनुकूल मौसम ने राजस्थान, पंजाब और गुजरात के लोगों को यहां वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में आकर्षित किया है।

## खबरें एक नजर में

### चीन मुद्दे पर संसद में व्यापक चर्चा कराए सरकार : जयराम

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि चीन के साथ सीमा विवाद को लेकर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने हाल में संसद में जो बयान दिया है, उसमें स्पष्टीकरण का मौका नहीं दिया गया है इसलिए इस मुद्दे पर संसद में व्यापक चर्चा की जानी चाहिए। पार्टी ने कहा है कि चीन के साथ सीमा पर विवाद की जो स्थिति है, उसमें चीन की तरफ से किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है। हाल के वर्षों में चीन के साथ हमारी आर्थिक निर्भरता बढ़ी है, इसलिए संसद में इस मुद्दे पर रणनीतिक और आर्थिक स्थिति को लेकर सरकार को चर्चा करानी चाहिए और जो सवाल इस मुद्दे पर आए उन पर स्पष्टीकरण देना चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने रविवार को यहां जारी एक बयान में कहा, हमें विदेश मंत्री के बयान पर किसी भी तरह के स्पष्टीकरण की मांग नहीं रखने दी गई थी।

### हरियाणा में जज के रीडर समेत परिवार के चार लोगों की हत्या

**कैथल।** जिले के शाहाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत यारा गांव में रहने वाले कुरुक्षेत्र के जज के यहां रीडर, उनकी पत्नी, बेटा और बहू की घर में घुसे अज्ञात हमलावरों ने शनिवार रात हत्या कर दी, जबकि 13 वर्षीय पौत्र गंभीर रूप से घायल है। सभी के गले को तेज धारदार हथियार से काटा गया है। घटना की जानकारी रविवार को उस वक्त हुई जब पड़ोसी गेट तोड़कर अंदर गए, जहां शवों को देख उनके होश उड़ गए। एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या की जांचमें पुलिस जुट गई है। शाहाबाद के यारा गांव में रहने वाले नैब सिंह कुरुक्षेत्र के जज के यहां रीडर थे और पत्नी, बेटा-बहू और पौत्र के साथ रहते थे। बीती रात उनके घर में घुसे अज्ञात हथियारबंद हमलावरों ने नैब सिंह, उनकी पत्नी इमरित कौर, शाहाबाद कोर्ट में कार्यरत बेटा दुष्यंत, बहू अमृत कौर और 13 वर्षीय पौत्र केशव पर वार कर दिया और रक्तरंजित हालत में छोड़ कर फरार हो गए। रोजना की तरह रविवार सुबह जब नैब सिंह के घर से कोई हलचल और बाहर ना निकलने पर पड़ोसियों ने गेट खटखटाया। कोई आहट ना मिलने पर इलाकाई लोग इकट्ठा हुए और गेट तोड़कर अंदर गए, जहां नैब सिंह और उसकी पत्नी लहुलूहान अवस्था में मृत पड़े थे।

### मल्टी डोमेन युद्ध लड़ने व जीतने की क्षमता विकसित करने का आह्वान

**नई दिल्ली।** वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने पश्चिमी वायु कमान के कमांडरों के साथ बातचीत में मल्टी डोमेन युद्ध लड़ने और जीतने की क्षमता सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर चर्चा की है। उन्होंने भारतीय वायु सेना को और भी बड़ी उपलब्धियों तक ले जाने के लिए सभी कमांडरों से सामूहिक क्षमता, क्षमता और प्रतिबद्धता का आह्वान किया। वायु सेना प्रमुख पश्चिमी वायु कमान (डब्ल्यूएसी) के कमांडरों के दो दिवसीय सम्मेलन में 6-7 दिसंबर को नई दिल्ली में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। डब?ल?यूएसी के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ एयर मार्शल पीएम सिन्हा ने उनकी अगवानी की और उनके आगमन पर उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। सम्मेलन के दौरान सीएएस ने कमांडरों के साथ बातचीत में मल?टी-डोमेन युद्ध लड़ने और जीतने की क्षमता सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर चर्चा की। उन्होंने इस वर्ष की थीम भारतीय वायु सेना ~ सशक्त, सक्षम, आत्मनिर्भर पर जोर दिया और भारतीय वायु सेना को और भी बड़ी उपलब्धियों तक ले जाने के लिए सभी कमांडरों से सामूहिक क्षमता, क्षमता और प्रतिबद्धता का आह्वान किया। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति की जरूरत पर बल दिया, जिसमें बेहतर प्रशिक्षण और योजना के माध्यम से परिचालन क्षमता में वृद्धि की जा सके।

### अमेरिकी सहायक विदेश मंत्री नेपाल पहुंचे

**काठमांडू।** दक्षिण एशिया के भ्रमण पर निकले अमेरिकी सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू रविवार को दो दिनों के लिए काठमांडू पहुंचे हैं। हालांकि, इस समय प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा काठमांडू से बाहर हैं। अमेरिकी दूतावास की ओर से बताया गया है कि अपने नेपाल भ्रमण के दौरान सहायक मंत्री लू कुछ राजनीतिक, कुछ प्रशासनिक मुलाकात करने के अलावा नेपाल में नागरिक समाज के अगुवा लोगों से मुलाकात करेंगे। डोनाल्ड लू का नेपाल भ्रमण ऐसे समय हो रहा है, जब कुछ दिन पहले ही नेपाल ने आधिकारिक रूप से चीन के बेल्ट एंड रोड इनिसिएटिव (बीआरआई) के कार्यान्वयन समझौता पर हस्ताक्षर किये हैं। ऐसे में अमेरिकी सहायक विदेश मंत्री का नेपाल भ्रमण काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि अमेरिका कभी भी इस पक्ष में नहीं था कि नेपाल चीन के बीआरआई में शामिल हो। अमेरिकी सहायक विदेश मंत्री लू के नेपाल आने से ठीक पहले रविवार की सुबह प्रधानमंत्री ओली दो दिनों के दौरे पर अपने गृह जिला झापा के दौरे पर निकल गए।

# निशुल्क जांच शिविर में खून, शुगर हड्डियों व वजन का हुआ परीक्षण

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मांडवी फाउंडेशन द्वारा हिन्द नगर पराग रोड शनिदेव मंदिर के पास श्रेया आयुर्वेद एवं पंचकर्म सेण्टर के प्रांगण में निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमे खून की जाँच, शुगर की जाँच, हड्डियों की जाँच, वजन आदि का परीक्षण किया गया इस शिविर का उद्देश्य विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था।

शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने भाग लिया, जिसमें डॉ. विकास सिंह स्ब्ष्, डॉ. सुबोध अस्थाना स्ब्ष्, डॉ. मधुलिका अस्थाना स्ब्ष् एवं डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव आदि ने मरीजों की स्वास्थ्य जांच की और मांडवी फाउंडेशन द्वारा मुफ्त दवाइयां प्रदान की गयी। शिविर में सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ नेत्र, दंत, हृदय, और त्वचा रोगों से संबंधित परामर्श भी दिया गया। इस अवसर पर माण्डवी फाउण्डेशन के अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने कहा, ÷हमारा उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। इस प्रकार के शिविरों से हम गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद करने का प्रयास कर रहे हैं। माण्डवी फाउण्डेशन की टीम में आलोक त्रिपाठी, श्रीप्रकाश शर्मा, आलोक कश्यप, मीनाक्षी देवल, सुधा शर्मा जेसिका सिंह, साक्षी सिंह सुनील कुमार यादव संशकार देवल आदि ने चिकित्सा शिविर में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

## असद की सरकार गिरी सीरिया का काला युग बीता

**दमिश्क ।** सीरिया में विपक्षी गठबंधन के नेता हादी अल-बहरा ने कहा है कि राष्ट्रपति बशर अल असद की सरकार गिर गयी है और इसके साथ ही सीरिया के इतिहास का एक काला युग बीत चुका है। श्री बहरा ने अरबी समाचार संगठन अल-अरबिया से बातचीत में यह जानकारी दी। बीबीसी ने बताया कि नेशनल कोलिशन फॉर सीरियन रिवोल्यूशन एंड अपोजिशन फोर्सेज के नेता बहरा ने जनता को आश्वासन दिया है कि दमिश्क सुरक्षित है। श्री बहरा ने 'एक्स' पर लिखा, सभी संप्रदायों और धर्मों के हमारे लोगों के लिए संदेश है कि जब तक आप किसी अन्य नागरिक के खिलाफ हथियार नहीं उठाते हैं और जब तक आप अपने घरों में रहते हैं, तब तक आप सुरक्षित हैं। बदला या प्रतिशोध के कोई मामले नहीं होंगे और मानवाधिकारों का कोई उल्लंघन नहीं होगा। लोगों की गरिमा का सम्मान किया जाएगा और उनकी गरिमा को बनाये रखा जाएगा।

# ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने भारत को 122 रनों हराया

एजेंसी




**ब्रिसबेन।** जॉर्जिया वॉल (101), एलिस पेरी (105) की शतकीय पारियों के बाद ऐनाबेल सदरलैंड (चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने रविवार को दूसरे एकदिवीस मुकाबले में भारतीय महिला टीम को 122 रनों से करारी शिकस्त दी। 75 गेंदों में 105 रनों की धमाकेदार पारी खेलने वाली एलिस पेरी को 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया।

आज यहां 372 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 45 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। स्मृति मंधाना (नौ) और हरलीन देओल (12) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद ऋचा घोष और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिये 66 रनों की साझेदारी हुई। अलाना किंग्स ने ऋचा घोष (54) को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। 28वें ओवर में मेगन शूट ने हरमनप्रीत (38) को आउट कर भारत को चौथा झटका दिया। दीप्ति शर्मा (10) और जेमिमाह रॉड्रिग्स (43) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद भारतीय बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे ताश के पत्ते की विकेट गवांते रहे। साइमा ठाकोर (सात), रेणुका सिंह (एक) और प्रिया मिश्रा (पांच) रन बनाकर आउट हुई।मिन्नू मनी (46) रन बनाकर नाबाद रही। भारत की पूरी टीम 44.5 ओवर में 249 रन पर सिमट गई। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। फ़ीबी लिचफ़ील्ड और जॉर्जिया वॉल की ऑस्ट्रेलियाई सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 130रन जोड़े। 20वें ओवर में साइमा ठाकोर ने फीबी लिचफील्ड (60) को आउट कर साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी एलिस पेरी ने जॉर्जिया वॉल के साथ दूसरे विकेट के लिये जमकर बल्लेबाजी की। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 92 रन जोड़े। साइमा ठाकोर ने जॉर्जिया वॉल (101) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद दीप्ति शर्मा ने एलिस पेरी (105) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। बेथ मूनी (54) रन बनाकर आउट हुई ।तालिया मैक्ग्रा (20) रन बनाकर नाबाद रही। ऑस्ट्रेलिया ने निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 371 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रूस की यात्रा पर

## तीन दिवसीय दौर में एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम आपूर्ति में देरी का मुद्दे पर होगी चर्चा

एजेंसी



**नई दिल्ली।** यूक्रेन से संघर्ष के चलते भारत को दो एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम की आपूर्ति में देरी का मुद्दा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की तीन दिवसीय रूस यात्रा के दौरान उठेगा। इसके अलावा कई अन्य महत्वपूर्ण हथियार प्लेटफार्मों के लिए पुर्जों की आपूर्ति को लेकर भी बातचीत होने की उम्मीद है। राजनाथ सिंह रूस में निर्मित दो गाइडेड-मिसाइल स्टील्थ फ्रिगेट में से पहले आईएनएस तुशील को नौसेना के बेड़े में शामिल करेंगे।

रूस अब तक भारत को 3 एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम की आपूर्ति कर चुका है, जबकि दो सिस्टम अभी मिलने हैं। चौथी प्रणाली मार्च, 2026 में और पांचवीं प्रणाली 2026 के अंत तक मिलने की संभावना है। यह दो साल की देरी यूक्रेन से संघर्ष के कारण आपूर्ति श्रृंखला संबंधी समस्याओं के कारण हुई है। वायु सेना ने अब तक मिले 03 सिस्टम की क्षमताओं का ट्रायल शुरू कर दिया है। भारत ने दो एस-400 स्क्वाड्रन को पूर्वी और उत्तरी सीमा पर तैनात किया है। तीसरी स्क्वाड्रन को पंजाब में इस तरह से तैनात किया गया है, ताकि पाकिस्तान की सीमा के साथ-साथ उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्रों को भी कवर किया जा सके। यह सिस्टम 380 किलोमीटर की रेंज में दुश्मन के बमवर्षकों, जेट विमानों, जासूसी विमानों, मिसाइलों और ड्रोन का पता लगाकर उन्हें नष्ट कर सकते हैं। रक्षा मंत्री 8-10 दिसंबर तक तीन दिवसीय रूस की यात्रा पर रहेंगे। इस यात्रा के दौरान राजनाथ सिंह 09 दिसंबर को कलिनिनग्राद में भारत को समुद्र का नया प्रहरी स्टील्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट तुशील सौंपेंगे, जो ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों सहित सेंसर और हथियारों से लैस है। इसके अलावा रक्षा सहयोग को मजबूत करने के उपायों पर भारत-रूस अंतर-सरकारी सैन्य-तकनीकी सहयोग आयोग की बैठक के दौरान चर्चा की जाएगी, जिसकी सह अध्यक्षता सिंह और उनके समकक्ष एंड्री बेलौसोव 10 दिसंबर को मॉस्को में करेंगे। बैठक में भारत और रूस के बीच रक्षा क्षेत्र में सहयोग और औद्योगिक साझेदारी सहित विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की जाएगी। भारत ने स्वदेशी रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ ही पिछले दशक में सैन्य हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर के लिए पश्चिमी देशों की ओर रुख किया है। इसलिए रूस अभी भी भारत के लिए मुख्य हथियार आपूर्तिकर्ता बना हुआ है।

**पुर्जों की आपूर्ति को लेकर भी बातचीत की उम्मीद**

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 2025 की शुरुआत में भारत की यात्रा पर आने वाले हैं, इसलिए दोनों पक्ष पहले चल रही सैन्य तकनीकी परियोजनाओं के साथ-साथ रणनीतिक हित के क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा करेंगे। 2021 के बाद आईआरआईजीसी-एमएंडएमटीसी की भी बैठक नहीं होने के कारण भारत रूस पर एस-400 मिसाइल सिस्टम से लेकर सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू जेट और टी-90एस मुख्य युद्धक टैंकों तक के हथियार प्रणालियों के लिए उचित रखरखाव सहायता और कलपुर्जों की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए दबाव डालना चाहता है। इसलिए एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम की आपूर्ति में देरी का मुद्दा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की तीन दिवसीय रूस यात्रा के दौरान उठेगा। यूक्रेन के साथ चल रहे युद्ध के चलते रूस से भारतीय सशस्त्र बलों के लिए पुर्जों की आपूर्ति एक बड़ी समस्या बन गई है।

## महाराष्ट्र में एनडीए को राज ठाकरे से नहीं होगा कोई लाभ : आठवले

**मुंबई।** केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने नासिक में कहा कि महानवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे से एनडीए को कोई लाभ नहीं होगा। राज ठाकरे का अस्तित्व खत्म हो गया है। विधानसभा चुनाव में मतदाताओं ने महाविकास आघाड़ी को भी करारा जवाब दे दिया है। केन्द्रीय मंत्री रामदास आठवले रविवार को यहां पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। आठवले ने कहा कि लोकसभा में राज ठाकरे ने बिना शर्त समर्थन दिया था, नतीजा सबके सामने हैं। विधानसभा चुनाव में मनसे सूबे में अधिकांश सीटों पर चुनाव लड़ी थीं, लेकिन एक भी सीट भी जीत नहीं सकी। यहां तक कि मनसे के उम्मीदवार अपनी जमानत रकम तक नहीं बचा सके हैं। उन्होंने कहा कि इसी वजह से राज ठाकरे से अब महाराष्ट्र में एनडीए को कोई लाभ नहीं हो सकता है। रामदास आठवले ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान महाविकास आघाड़ी ने संविधान को खतरे में बताकर झूठा नेरेटिव सेट किया था। यह बात मतदाताओं को समझ में आ गई।

# कथक व बिहू नृत्य ने मोहा दर्शकों का मन

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** आशियाना स्मृति उपवन में माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि विधानसभा सचिव बिहार-ख्याति सिंह एवं जिला एंड एडिशनल सेशन जज मुजफ्फरपुर बिहार-प्रवीण कुमार सिंह विशिष्ट अतिथि शैलेन्द्र सिंह भाजपा नेता व क्षेत्रीय मीडिया संयोजक भाजपा स्वाति सिंह अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह व गुंजन वर्मा, हेमू चौरसिया, रनवीर सिंह और विनय दुबे ने दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ किया।

सांस्कृतिक संध्या में मेरे संघर्ष की है यही कहानी बन कर अपराजिता कभी हार न मानी अपराजिता ज़ज्बा जीत का नेशनल वेलफेयर ट्रस्ट की संस्थापिका डा. अनुपमा श्रीवास्तव और संस्था की अध्यक्ष प्रो.सीमा सरकार की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आरंभ हुआ। संस्था का उद्देश्य है महिलाओं की भूली और गृहस्थी के बोझ तले दबी हुई प्रतिभाओं को पुनः उभारना। प्रथम पूज्य गणेश वंदना.. अंजली, निधि, आभा, नीति, रश्मि सिंह, अंजू, श्वेता, ऋचा, अंजली पांडे और रीमा प्रस्तुत कर सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ किया। डा. रश्मि सिन्हा और पूजा श्रीवास्तव ने काव्य पाठ कर उपस्थित दर्शकों का मन मोहा। शिवतांडव नृत्य प्रस्तुति डा. शताब्दी मुखर्जी द्वारा दी गई वहीं कथक कर ईशा रतन और मिशा रतन ने दर्शाकों को मंत्रमुग्ध किया।

देवागनीता बोस ने नृत्य किया और शुभांगी सोनी ने भी बिहू नृत्य की प्रस्तुति दी। जाह्नवी गुप्ता और शिवांगी श्रीवास्तव ने शानदार घूमर नृत्य का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अगले सोपान में रेशम का रुमाल गले मे डाल के...... काव्या तिवारी एवं मैया यशोदा तेरा कन्हैया....कनक तिवारी नृत्य कर उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अगले क्रम में गेट सेट जिम के बच्चों द्वारा योग किया गया जिसका संयोजक संगीता ने किया। हर्षिता, यशस्वी, लावन्या, आद्रि, अहाना, आर्या एवं सुमन ने योगा का प्रदर्शन किया।द म्यूजिकल वाइब बैंड निर्देशन धीरेंद्र कुमार के द्वारा प्रस्तुति दी गई। गिटार पर सुनील कुमार, की बोर्ड पर गौरव कुमार, सिंगर विशाल ,ऑक्टोपैड पर अभिषेक कुमार रहे। इस दौरान मंच पर आयोजक समिति के मनोज सिंह चौहान, मोनालिसा, भारती सिंह, सरूपा तिवारी, अनन्या वर्मा और शिवम वर्मा उपस्थित रहे। मनीष पंडित और प्रदीप शुक्ला ने मंच का संचालन किया गया।